हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 16.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 141 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## मोदी पर आपत्तिजनक बयान पर भड़के रिजिजू राहुल-खड़गे से संसद में की माफी की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक रैली के दौरान एक नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'कब्र खोदने' संबंधी टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से इस बयान के लिए संसद के पटल पर देश से माफी मांगने की बात कही।



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम देश के लिए काम कर रहे हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि कांग्रेस कार्यकताओं ने खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की घोषणा की।' रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता और नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं।

केंद्रीय मंत्री ने 2014 की एक घटना को भी याद किया जब भाजपा सांसद निरंजन ज्योति ने विपक्ष पर कुछ नकारात्मक टिप्पणियां की थीं। तब प्रधानमंत्री ने तुरंत उन्हें माफी मांगने के लिए कहा था, जिस पर उन्होंने माफी मांगी थी। उन्होंने आगे कहा, भाजपा-राजग ने कभी किसी को मारने या किसी के माता-पिता के बारे में कुछ नहीं कहा। यदि कोई बीमार होता है, जन्मदिन पर या ऐसे अवसरों पर हम एक-दूसरे की शुभकामना करते हैं।

रिजिजू ने कहा- हम हमेशा सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। संसद से भागना और पीएम को गाली देना एक सभ्य समाज को शोभा नहीं देता। मैं एक बार फिर कहना चाहूंगा कि कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता को लोकसभा और राज्यसभा से देश से माफी मांगनी चाहिए।।।

जयपुर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू लता मीणा ने रविवार को रामलीला मैदान में पार्टी की एक रैली के दौरान कहा था, 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी'। अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वोट में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। उन्होंने वोटों में धांधली करके सरकारें बनाई हैं। चुनाव आयोग भी उन्हीं के इशारों पर काम कर रहा है। वह (पीएम मोदी) रोजगार, युवाओं, महिलाओं या किसानों के बारे में बात नहीं करते। मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं।

### मनरेगा के स्थान पर नया कानून लाने की योजना पर विपक्ष हुआ आगबबूला

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को समाप्त कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी पर विपक्ष ने कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी,



कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार एक ऐतिहासिक और गरीबों के लिए अहम कानून को खत्म कर केवल नाम बदलने और श्रेय लेने की राजनीति कर रही है, जो महात्मा गांधी (बाबू) का अपमान है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसी योजना का नाम इस तरह बदलने से भारी प्रशासनिक खर्च आता है। नाम बदलने से जनता को क्या लाभ होगा और यह किसके लिए किया जा रहा है। यह समझने की जरूरत है कि महात्मा गांधी का नाम इस योजना से क्यों हटाया जा रहा है और इसके पीछे सरकार की मंशा क्या है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी के नाम पर बनी एक ऐतिहासिक योजना है, जिसे संसद में 50 घंटे से अधिक चर्चा के बाद पारित किया गया था। पिछले 20 वर्षों में इस योजना ने देश में बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव किया है और करोड़ों गरीब परिवारों को काम की गारंटी दी है। टैगोर ने इसे महात्मा गांधी का अपमान बताते हुए कहा कि उनका नाम इस योजना से हटाया नहीं जाना चाहिए। सरकार को महात्मा गांधी के नाम से नफरत है और इसी कारण यह कदम उठाया जा रहा है।

## सीएम से आमजन सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों और सामाजिक कार्यकताओं ने मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी-अपनी जन समस्याएं रखीं और उनके समाधान का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और जन कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है।

इसी अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के लोहरदगा जिला एवं नगर स्तर के कार्यकर्ताओं ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया। बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति, लाभुकों तक पहुंच और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और जरूरतमंदों को लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता और सरकार के बीच संवाद मजबूत होने से ही विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो सकती हैं।

### एक नजर

### लूथरा ब्रदर्स कल होंगे भारत की गिरफ्त में

**गोवा :** गोवा के नाइट क्लब में भीषण आग के चलते 25 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद उसके मालिक देश छोड़कर थाईलैंड भाग गए। घटना के बाद भारत से भागे लूथरा ब्रदर्स के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कार्नर नोटिस जारी किया। इसी के तहत थाईलैंड पुलिस ने दोनों भाईयों को फुकेट से हिरासत में लिया गया। अब उनको भारत लाने का प्रयास तेज हो चुका है, लेकिन गोवा पुलिस थाईलैंड नहीं जाएगी। बल्कि उनको दिल्ली में केंद्रीय एजेंसियों से औपचारिक रूप से उनकी कस्टडी लेनी होगी। दिल्ली के रहने वाले लूथरा ब्रदर्स गोवा नाइट क्लब में आग लगने के बाद थाईलैंड भाग गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार थाईलैंड बुधवार को देर रात लूथरा ब्रदर्स का प्रत्यर्पण भारत को कर सकता है। जिसके बाद दोनों को दिल्ली में गोवा पुलिस को सौंपा जाएगा। जहां से उन्हें अंजुना पुलिस स्टेशन ले जाया जाएगा।

### पहले दिन 18786.09 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रांची :** राज्य सरकार ने सोमवार से धान की खरीद शुरू की है। पहले दिन सोमवार को शाम पांच बजे तक 18786.09 क्विंटल धान की खरीद की गई। राज्य सरकार ने इस साल 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है। इसमें दो लाख 51 हजार 182 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 3366 किसानों को एसएमएस भेजा गया है। इस बार धान की खरीद 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर की धान की खरीद की जा रहा है। पिछले बार यह दर 2400 रुपये प्रति क्विंटल थी। राज्यभर में 801 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं। बताते चलें कि पिछले तीन वर्षों में सरकार अपने धान क्रय लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही है। लगातार दो वर्षों (2022-23 व 2023-24) में सूखे की स्थिति और किसानों की उदासीनता के कारण धान की खरीदारी प्रभावित हुई।

## जेपी नड्डा और अमित शाह ने की नितिन नबीन की ताजपोशी, कई शीर्ष नेता रहे मौजूद



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की।

वहीं इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। बता दें कि नितिन नवीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है और भाजपा की उम्र भी इतनी ही है। इससे पहले दिल्ली में बिहार के मंत्री नितिन नबीन का पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर नितिन नबीन का स्वागत किया था। बिहार में नितिन नबीन की छवि साफ-सुथरे और संगठन में बेहतर पकड़ वाले नेता की है।

नितिन नबीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरूआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नबीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे।

भाजपा ने अब तक का सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष चुना है। अगर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड बनाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड अमित शाह के नाम है। वह 49 साल की उम्र में अध्यक्ष बने थे। जबकि नितिन गडकरी 52 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वहीं 76 साल के लाल कृष्ण आडवाणी के नाम सबसे अधिक उम्र के भाजपा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है।

## किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर दो दिन की जॉर्डन की यात्रा पर अम्मान पहुंचे पीएम मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से तीन देशों के अहम दौरे पर है, पीएम मोदी अपनी यात्रा के पहले पड़ाव के तौर पर जॉर्डन पहुंचे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह दौरा भारत के पश्चिम एशिया और अफ्रीका के साथ रिश्तों को नई मजबूती देने वाला है। व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर इस दौरान गहन बातचीत होगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचने पर औपचारिक स्वागत किया गया। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। भारत इस दौरे के जरिए अपने भरोसेमंद साझेदारों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। खास बात यह है कि जॉर्डन और इथियोपिया की यह पीएम मोदी की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा होगी, जबकि ओमान का यह उनका दूसरा दौरा है।

पीएम मोदी जॉर्डन में किंग अब्दुल्ला द्वितीय से आमने-सामने बातचीत करेंगे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। भारत और जॉर्डन के बीच कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं, ऐसे में यह यात्रा विशेष मानी जा रही है। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और राजनीतिक सहयोग पर फोकस रहेगा।

दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें दोनों देशों के प्रमुख कारोबारी शामिल होंगे। इसके अलावा पीएम मोदी जॉर्डन में बसे भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। युवराज के साथ वह पेट्रा शहर का दौरा करेंगे, जो भारत के साथ प्राचीन व्यापारिक संबंधों का प्रतीक रहा है।

जॉर्डन के बाद प्रधानमंत्री मोदी 16 से 17 दिसंबर तक इथियोपिया के राजकीय दौरे पर रहेंगे। यह उनकी पहली इथियोपिया यात्रा होगी। यहां वह प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों के सभी पहलुओं पर चर्चा होगी। भारतीय प्रधानमंत्री इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। इथियोपिया दौरे के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारत इस यात्रा के जरिए अफ्रीका में दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करना चाहता है। एजेंडा 2063 के तहत अफ्रीका की प्राथमिकताओं और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार होगा। भारतीय समुदाय से संवाद भी इस यात्रा का अहम हिस्सा रहेगा।

दौरे के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी 17 से 18 दिसंबर तक ओमान जाएंगे। यह उनकी ओमान की दूसरी यात्रा होगी। भारत और ओमान के कूटनीतिक संबंधों के 70 साल पूरे हो रहे हैं। इस दौरान भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर खास ध्यान रहेगा। माना जा रहा है कि यह समझौता दोनों देशों के व्यापार और निवेश को नई दिशा देगा।

## पहली बार एसडीएटी स्क्वैश वर्ल्ड कप में भारत को मिली जीत, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्क्वैश टीम के चेन्नई में आयोजित एसडीएटी स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने पर राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष समेत अन्य नेताओं ने बधाई दी। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत के साथ भारतीय टीम पहली बार स्क्वैश वर्ल्ड कप की चैंपियन बनी है।





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पहली बार स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने पर भारत की स्क्वैश टीम को बहुत-बहुत बधाई। महिलाओं और पुरुषों वाली इस टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से देश को गर्व महसूस कराया है, फाइनल में टॉप सीडेड टीम हांगकांग को हराया और सेमीफाइनल में मिस्त्र को हराया। मैं भारतीय स्क्वैश के लिए बहुत उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि स्क्वैश टीम के जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार, अनाहत सिंह और कोचों को इस शानदार जीत के लिए बधाई देता हूं। यह जीत खिलाड़ियों के बेहतरीन कौशल, लगन और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। यह एथलीटों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा और ग्लोबल स्क्वैश में भारत की मौजूदगी को और मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसडीएटी स्क्वैश विश्व कप 2025 में अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की चौकड़ी की 'जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प' के लिए तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय खेल पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के व्यापक प्रभाव पर बल देते हुए कहा, यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।17 साल की अनाहत सिंह ने टोमैटो हो को 3-0 से हराकर भारत के पक्ष में मैच खत्म किया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने और खेल इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए टीम इंडिया को हार्दिक बधाई।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सबसे ऊंचे स्तर पर मुकाबला करना और चैंपियन बनना आपके कौशल, हिम्मत तथा मजबूत इरादे का सच्चा सबूत है। आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। इसके अलावा, केन्द्रीय मंत्रियों में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान, कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी और बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी है।

## राज्य में पांच दिनों तक तापमान में बदलाव की संभावना नहीं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में सर्दी का अटैक जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। 16 से 19 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

चाईबासा में सबसे अधिक तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छह जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहा। इन जिलों में डालटनगंज, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला और गुमला शामिल हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक आठ डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। 16 दिसंबर को अधिकतम 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस, 17 दिसंबर को अधिकतम 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस, 18 दिसंबर को अधिकतम 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस और 19 दिसंबर को भी अधिकतम 24 और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।

## एक नजर

### बड़कागांव पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि कांड संख्या 205 / 2019 धारा 415, 323, 341, 504, 34 आईपीसी के फरार अभियुक्त योगेश्वर महतो पिता गिरधारी महतो ग्राम महटीकरा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज गया। वहीं कांड संख्या 15 / 2024 धारा 379, 411, 419, 176 124 के फरार अभियुक्त मोहम्मद अरमान पिता अशरफ अली को गिरफ्तार कर जेल भेज गया। गिरफ्तारी दल में बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, पुअनि प्रभात कुमार एवं पुअनि सुदेश कुमार व सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### महिला एवं उनके बेटे के साथ मारपीट अस्पताल में भर्ती, रेफर

**बरही :** विजैया में एक महिला उर्मिला देवी के साथ एवं उनके बेटे साथ मारपीट की गई। मारपीट में घायल महिला का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस बाबत महिला उर्मिला देवी ने बरही थाना में आवेदन देकर बताया कि वह कमेटी का पैसा मांगने कार्तिक रविदास के पास गई थी। इसी बीच वह और उसके परिजन पत्थर से मारकर उन्हें घायल कर दिया। बेटा बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

### केरेडारी/बीआरपी सीआरपी संघ कला पट्टी बांध कर गुरुगोष्ठी में हुए शामिल

**केरेडारी :** प्रखंड बीआरपी/ सीआरपी महासंघ के केरेडारी इकाई भी अपनी आठ सूत्री मांग को लेकर अपने कार्यालय में काला पिला लगाकर काम कर रहे हैं। राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद झारखंड को आठ सूत्री मांग में ई पी एफ नियमावली के तहत मृत्यु लाभ, अनुकंपा पर नियुक्ति, स्वास्थ्य बीमा, सेवा निवृति पर अनुग्रह राशि, अर्जित अवकाश एवम ग्रेच्युटी, सेवा निवृति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने, मानदेय में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है इस काम को पहल करने में सीआरपी सुनील कुमार पांडे का काफी आम भूमिका रहा जिससे प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सचिव महोदय के द्वारा बोला गया कि हम लोग एक साथ मिलकर 22 दिसंबर 2025 को राज्य परियोजना रांची के कार्यालय में घेराव बड़ी से बड़ी संख्या में जाकर करेंगे जिसे हमारी मांगे पूरी हो सके। काला पिला पट्टी लगाकर काम करने वालों में सीआरपी राजेश तिवारी, सुनिल कुमार पाण्डेय, जयनाथ महतो, दिलीप कुमार प्रजापति, नारायण साव, शितल कुमार, अभय कुमार तिवारी, कामेश्वर कुमार चौधरी आदि शामिल हैं।

### बाइक के चपेट में आने से साइकिल सवार घायल, रेफर



**हजारीबाग :** रसोइया धमना पुरहरा मोड के पास बाइक के चपेट में आने से साइकिल सवार 52 वर्षीय ब्रह्मदेव साव पिता स्व हरिचरण साव गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसके बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि साइकिल सवार सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक सवार उसे धक्का मारते हुए भाग गया।

# पुलिस ने दो किलो अफीम और डोडा के साथ दो को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के कोर्रा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में हुए छापामारी अभियान में लगभग दो किग्रा अफीम एवं लगभग 20 किग्रा डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत हजारीबाग सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक तस्कर मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। वह कनहरी पहाड़ के पास अफीम बिक्री करने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद एक छापामारी टीम का गठन एसडीपीओ अमित आनंद ने निर्देशन में किया गया। गठित छापामारी टीम ने थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में कनहरी के पास वाहन चेकिंग लगाया। एक स्विफ्ट कार को चेकिंग के दौरान रोका गया। कार की जांच के बाद कार से लगभग 2 किग्रा अफीम एवं 20 किलो डोडा बरामद किया गया। साथ ही मौके पर से पटना रोड बरही निवासी इशू सिंह उर्फ नन्हें पिता स्व सुधांशु सिंह तथा रसोइया धमना निवासी विजय कुमार गुप्ता उर्फ विक्कू पिता सुखदेव साव को गिरफ्तार किया गया। दोनों से 5500 रुपए नकद, एक स्विफ्ट कार एवं तीन मोबाइल भी जब्त किया गया। पूछ ताछ में बताया कि वे दोनों रायडीह तमाड़ एवं खूंटी से अफीम लेकर बरही जा रहे थे। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि एसपी महोदय के निर्देश पर उनके क्षेत्र में मादक पदार्थों के बिक्री की सख्त मनाही है। इस तरह के लोग बक्शे नहीं जाएंगे। अभियान जारी रहेगा। छापामारी टीम में एसडीपीओ अमित आनंद, कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार, एसआई रोशन कुमार, बिट्टू रजक, महेश कुमार पासवान, आरक्षी जितेंद्र कुमार राणा, पंकज कुमार सोनी सहित कोर्रा थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे। पकड़े गए दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया।

## प्रमुख जिप प्रतिनिधि एवं मुखिया ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र का प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय मुखिया सरिता देवी एवं जिप प्रतिनिधि गणेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान प्रमुख मनोज कुमार रजक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से किसानों को फायदा होगा। साथ ही कहा कि सरकार का धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्त दिलाना है। किसान अपने धान सरकार की ओर से निर्धारित मूल्य पर बेच सकते है। इससे जहां किसानों को फायदा होगा, वहीं बिचौलियों से किसानों को मुक्ति मिलेगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पैक्स अध्यक्ष राजू यादव, पंसस विकास सिंह, राजू यादव, किशुन यादव, उदय यादव, चंदर यादव, त्रिवेणी यादव, काली यादव, शंकर यादव, देवानंद यादव एवं गोपाल यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भगहर पैक्स में धान क्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ किसानों को मिलेगा ₹2450 प्रति क्विंटल का लाभ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** झारखंड सरकार की पूर्व घोषणा के अनुरूप सोमवार 15 दिसंबर से चौपारण प्रखंड के भगहर पैक्स में धान क्रय केंद्र का भव्य तरीके से उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चौपारण-2 जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला एवं पंचायत चैथी मुखिया उपेंद्र यादव उर्फ गुलाबी यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष बसंती देवी व प्रबंधक यदुनन्दन यादव द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य रवि शंकर अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा बोनस सहित 2,450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद का निर्णय किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है। सरकार की मंशा किसानों को बिचौलियों से मुक्त कर सीधे उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिना किसी संकोच के पैक्स के माध्यम से धान बिक्री करें और किसी भी समस्या की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दें। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने पैक्स प्रबंधन से किसानों के साथ संवेदनशील व्यवहार और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी यदुनंदन यादव उर्फ जदू यादव, अजय राय, बालकिसुन यादव, दिनेश यादव, लालू यादव, दशरथ यादव, मजनु, ललित प्रजापति, सुरेश यादव, बिनोद यादव, मुकेश यादव, सूरजदेव भुइयां सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे किसानों के लिए बड़ी राहत बताया।

## दैहर में प्रशिक्षु आईएएस का व्यापक निरीक्षण, शिक्षा से लेकर आवास व मनरेगा योजनाओं तक लिया जायजा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड अंतर्गत दैहर पंचायत में सोमवार को प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण कर उनकी वास्तविक स्थिति की जांच की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नितीश भास्कर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचना सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने पंचायत सचिवालय का भ्रमण कर अभिलेख, कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। साथ ही पंचायत में संचालित ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां बच्चों की पढ़ाई देखकर प्रशिक्षु आईएएस ने केंद्र की प्रशंसा करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। इसके बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था, मध्याह्न भोजन योजना और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया। पंद्रहवीं वित्त योजना, स्वास्थ्य केंद्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना तथा मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया और संबंधित कर्मियों को पारदर्शिता व गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर पंचायत मुखिया ब्रह्मदेव भुईया, समाजसेवी नागेंद्र कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में मनाई गई लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में सोमवार को भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उपप्राचार्या पूनम कुमारी व शिक्षक मुकेश कुमार दास ने किया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता को बनाएं रखा उनकी नीतियों और निर्णय स्वतंत्र भारत को स्थिरता प्रदान की। मौके पर बी.एम.मेमोरियल स्कूल के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, आनन्द कुमार पासवान, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार दास, ऋषभ अग्रवाल, एरिका टोप्पो, गंगा भारती, शंकर महतो, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, भानु राम, सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के उन्नयन होने से छात्राओं को मिलेगी सुविधा : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के फोरम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने 1.22 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विद्यालय उन्नयन कार्य का नारियल फोड़कर किया शिलान्यास। मौके पर विधायक का रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं में बहुत प्रतिभा है पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी यहां के बच्चे देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर चुके हैं। आवासीय विद्यालय खराब हो जाने के कारण छात्राओं को असुविधा महसूस हो रहा था। इसके बाद आज इस आवासीय विद्यालय के उन्नयन के लिए शिलान्यास किया गया है। उपस्थित छात्राओं व ग्रामीण संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह आपका अपना विद्यालय है आप इसे अपने देखरेख में पूरे मजबूती के साथ कार्य करवाए। आगे उन्होंने संवेदक को भी निर्देश देते हुए कहा कि यह छात्राओं के भविष्य का सवाल है इस पर किसी भी प्रकार की कोई होता ही नहीं बढ़ते हुए पूरी ईमानदारी और मजबूती के साथ कार्य को जल्द से जल्द संपन्न करें। ज्ञात होगी उक्त उन्नयन का कार्य न्यू इंडिया कंस्ट्रक्शन हजारीबाग के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा देवी, मंडल अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ. शिबू मेहता, वार्डन किरण देवी, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, राजा खान, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, चंदन सिंह, राजेश यादव, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अवध किशोर कुमार, मोहन साव, नंदलाल महतो, मुकेश साव, राजकुमार साव, भीम राणा, दिनेश महतो, बिगू महतो, त्रिवेणी महतो, महेंद्र महतो, तुलेश्वर राम, अशोक महतो महेंद्र महतो, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर सतीश दास ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**बड़कागांव :** झामुमो जिला प्रवक्ता सतीश नारायण दास ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार को लेकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बड़कागांव के पूर्वी क्षेत्र में प्रस्तावित, जेपसडब्ल्यू के मोईत्रा कोल खनन परियोजना, एनटीपीसी के बादम कोल खनन परियोजना तथा अडानी के गोदलपूरा कोल खनन परियोजना में स्थानीय बेरोजगार युवकों की शत प्रतिशत बहाली सुनिश्चित करवाने की मांग की है। बड़कागाँव के पश्चिमी भाग में आम रैयतों का कोल कम्पनी के विरुद्ध हो रहे आन्दोलन का एक प्रमुख कारण स्थानीय युवकों का अनदेखी कर अन्य जगह के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखकर स्थानियों को रोजगार से जोड़ने की मांग की है।

### मरीजों और परिजनों को ठिठुरन से राहत, मुखिया ने सीएससी चौपारण में कराई अलाव की व्यवस्था



**चौपारण :** प्रखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा राहत कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चौपारण के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) चौपारण परिसर में ठंड से बचाव के लिए लकड़ी गिरवाई गई, जिसके बाद अस्पताल परिसर में अलाव जलाया गया। इस पहल से अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों, उनके परिजनों एवं अस्पताल कर्मियों को ठंड से काफी राहत मिली। बताया गया कि सुबह और शाम के समय बढ़ती ठंड के कारण मरीजों व उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए बिनोद सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अस्पताल परिसर में अलाव की व्यवस्था कराई। अलाव जलने से न केवल ठिठुरन से राहत मिली, बल्कि अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों को सुकून भी मिला। इस मौके पर बिनोद सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय और बीमार लोगों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगे भी जरूरत के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए नितिन नवीन, मनोज यादव ने दी बधाई



**बरही :** बीजेपी ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है। रविवार को बीजेपी ने उनके नाम का ऐलान किया। बीजेपी संसदीय बोर्ड द्वारा नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने उनसे भेंट कर बधाई दी और कहा कि नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वे एक युवा और कर्मठ नेता है, जिन्हें संगठनात्मक अनुभव का भरपूर लाभ है और बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रभावशाली रहा है। साथ ही साथ उन्होंने नितिन नवीन को बधाई देते हुए कहा, नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वे एक युवा और कर्मठ नेता हैं, जिन्हें संगठनात्मक अनुभव का भरपूर लाभ है और बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल प्रभावशाली रहा है।

### हजारीबाग के चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति प्रख्यात चिकित्सक डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा का निधन

**हजारीबाग :** हजारीबाग के लिए रविवार की शाम केदार बाबा के आकस्मिक निधन से उपजी पीड़ा अभी थमी भी नहीं थी कि सोमवार की सुबह एक और अत्यंत दु:खद समाचार ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। हजारीबाग ने अपने एक अनमोल रत्न, ख्यातिप्राप्त जनरल फिजिशियन डॉ. मेजर प्रदीप कुमार सिन्हा उर्फ मेजर पी. के. सिन्हा को खो दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान बैंगलोर में उनका निधन हो गया और उनका पार्थिव शरीर हजारीबाग आज लाया जा रहा है। डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा का जाना न केवल उनके परिवार, मित्रों और चाहने वालों के लिए एक व्यक्तिगत क्षति है, बल्कि यह हजारीबाग के चिकित्सा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लगभग 70 वर्ष की आयु में उनका आकस्मिक निधन शहर की सेवा में समर्पित एक युग के अवसान जैसा है।

### वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल हुए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद



**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल हुए। इस रैली का आयोजन कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद ने इस रैली में भाग लेकर अपनी पार्टी के प्रति समर्थन जताया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाई। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और सचिन पायलट जैसे वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। इस रैली का उद्देश्य कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में धांधली के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ आवाज उठाना था। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लोकतंत्र की आत्मा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और चुनाव सुधारों की मांग की।

## एक नजर

### रांची में कोतवाली थाना प्रभारी का तबादला

**रांची**: रांची जिले में प्रशासनिक फेरबदल के तहत कोतवाली थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर आदिकांत महतो का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें पुलिस केंद्र, रांची में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रभारी इंस्पेक्टर आदिकांत महतो अविलंब पुलिस केंद्र, रांची में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

### मधुकम में अतिक्रमण हटाया गया, सड़क हुई साफ

**रांची**: रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने आज वार्ड संख्या-28 के मधुकम इलाके में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। यह अभियान मधुकम स्थित एमआरएफ केंद्र से लेकर सब्जी बाजार तक के मुख्य मार्ग पर किया गया। अभियान के दौरान सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। इसमें बांस-बल्ली से बनी अस्थायी दुकानें, ठेले और अन्य अवैध संरचनाएं शामिल थीं। निगम की टीम ने 50 से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटाए। निगम की ओर से अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई।

### अतिक्रमण तो हट जाएगा उनका क्या जिन्होंने जिंदगी भर की कमाई खर्च कर फ्लैट खरीदे

**रांची** : रांची के बरियातु स्थित डीआईजी ग्राउंड के पास रिम्स द्वारा अधिग्रहित जमीन पर बने एक चार मंजिला अपार्टमेंट को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अपार्टमेंट को ऊपर से मजदूरों की मदद से तोड़ा जा रहा है। इस इमारत में रहने की तैयारी कर रहे फ्लैट खरीदारों के लिए यह कार्रवाई किसी सदमे से कम नहीं है। जानकारी के अनुसार, इस अपार्टमेंट में कुल 15 लोगों ने फ्लैट खरीदे थे और कुछ ही दिनों में यहां शिफ्ट होने वाले थे। किसी ने 50 लाख, किसी ने 70 लाख तो किसी ने 90 लाख रुपये तक खर्च कर अपने सपनों का घर खरीदा था। अब वे अपनी आंखों के सामने अपने घर को टूटते हुए देख रहे हैं। फ्लैट खरीदार दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने 3 बीएचके फ्लैट के लिए कुल 90 लाख रुपये खर्च किए थे। इसमें से 50 लाख रुपये कोटक महिंद्रा बैंक से लोन लिया था और करीब 20 लाख रुपये इंटीरियर पर लगाए थे। इंटीरियर का काम पूरा हो चुका था और कुछ सामान भी फ्लैट में रख दिया गया था। लेकिन अब सब कुछ बर्बाद हो रहा है। दिनेश सिंह का कहना है कि फ्लैट खरीदने से पहले उन्होंने बिल्डर द्वारा दिए गए सभी कागजात अपने वकील से जांच कराई थी।

### पैनेसिया सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मनाया पहला स्थापना दिवस

**रांची**: पैनेसिया सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल,बरियातू का प्रथम स्थापना दिवस सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्थापना दिवस से पूर्व अस्पताल के डॉक्टर, नर्सों और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया, साथ ही अस्पताल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी और चिकित्सकों को वार्षिक प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अस्पताल के मुख्य परिचालन अधिकारी मानस लाभ ने बताया कि अस्पताल के एक वर्ष पूरा होने पर में मरीजों के लिए ओपीडी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री से भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम ने की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से सोमवार को झारखंड दौरे पर आए भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम, प्रोफेसर सुशान मार्क्स, इंटरनेशनल लॉ, टॉम सैंडरफोर्ड, फर्स्ट सेक्रेटरी एवं सुश्री अनघा, सीनियर इकोनामिक रिसर्च अफसर, ऑस्ट्रेलिया कांसुलेट-जनरल इन कोलकाता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उनके बीच झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने तथा निवेश की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने संकल्प के बारे में भी की चर्चा की, सहयोग का मिला भरोसा मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर को झारखंड में उपलब्ध संसाधनों एवं निवेश को लेकर राज्य सरकार की नीतयों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने संकल्प के बारे में भी चर्चा की, जिसपर उनके द्वारा सहयोग और साथ मिलकर आगे बढ़ने का का भरोसा दिलाया। खान सुरक्षा तथा जनजातीय समुदायों के विकास को लेकर भी हुई चर्चा भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि खनन को लेकर झारखंड ऑस्ट्रेलिया में काफी समानताएं हैं। ऑस्ट्रेलिया में खान सुरक्षा एवं सुरक्षित खनन को लेकर किन तकनीकों का इस्तेमाल होता है, उससे मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने खनन के बाद जमीन को विकसित कर स्थानीय समुदाय को वापस करने की ऑस्ट्रेलिया सरकार की नीति को सराहते हुए। कहा की वास्तव में खनन की ऐसी ही नीति होनी चाहिए.। नीति यहां भी है, लेकिन इसका सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी सही ढंग से पालन नहीं कर रहे हैं। खान सुरक्षा एवं खनन में स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा कर संबंध में ऑस्ट्रेलिया सरकार की नीति अनुकरणीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी कहा कि झारखंड ऑस्ट्रेलिया में भी जनजातीय समुदाय की बड़ी आबादी है। उनके विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया में क्या कार्य हो रहे हैं, इसकी भी जानकारी दी।

## महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल,प्रेम का दिया संदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने सोमवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए सुदूरवर्ती गांव सेरेंगटोली, जारा टोली और उलुहातु में जरूरतमंद ग्रामीणों और बच्चों के बीच कंबल वितरित कर क्रिसमस पर्व का प्रेम संदेश दिया। इस अवसर पर महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने कहा कि क्रिसमस प्रेम का प्रतीक है। कंबल वितरण के माध्यम से हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति व्यक्त करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस क्रिसमस पर हम सभी एक-दूसरे की सहायता कर, प्रेम और करुणा के भाव से अपने आसपास, समाज और देश में शांति स्थापित करने का संकल्प लें। क्रिसमस के अवसर पर प्रेम उपहार स्वरूप कंबल वितरण कार्यक्रम में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद के साथ फादर विक्टर लकड़ा, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर वाल्टर पिलन किस्पोट्टा, फादर लुकस, फादर अंजलूस एक्का तथा आर्चबिशप के सेक्रेटरी फादर असीम मिंज समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## आईआईएम रांची में झारखंड के पहले जेन-जेड पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : डाक विभाग की एक अभिनव और दूरदर्शी पहल के तहत सोमवार को आईआईएम रांची परिसर में झारखंड राज्य के पहले जेन-जेड पोस्ट ऑफिस का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर झारखंड डाक परिमंडल के निदेशक राम विलास चौधरी, आईआईएम रांची के शासी मंडल सदस्य ओम प्रकाश सिंघानिया एवं आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक राम विलास चौधरी ने बताया कि नवस्थापित जेन-जेड पोस्ट ऑफिस को पिन कोड 834017 आवंटित किया गया है। इससे आईआईएम रांची परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आधुनिक, डिजिटल और सुदृढ़ डाक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की परिकल्पना पर आधारित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को अनुभवात्मक और डिजिटल स्वरूप में डाक सेवाओं से जोड़ना है। वरिष्ठ डाक अधीक्षक, रांची मंडल, रूपक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पोस्ट ऑफिस केवल पारंपरिक डाकघर नहीं, बल्कि पोस्ट कैफे और अनुभव केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल सेवाएं, डाक बचत योजनाएं, बीमा, फिलैटली तथा ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स सहित सभी प्रमुख डाक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही डिजिटल भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित सेवाएं और ऑनलाइन ट्रैकिंग की सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह पहल 'नए भारत' के लिए 'नई डाक' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उद्घाटन समारोह में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आईआईएम रांची के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## उड़ान आईएएस एकेडमी में हिंदी साहित्य भारती की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राजधानी रांची स्थित उड़ान आईएएस एकेडमी की ओर से मां पार्वती कॉम्प्लेक्स में सोमवार को हिंदी साहित्य भारती की रांची जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल मुख्य अतिथि तथा डॉ. वासुदेव प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रामनिवास शुक्ल ने हिंदी साहित्य भारती के उद्देश्यों और गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्था की पहुंच बढ़ाने के लिए सदस्य संख्या में निरंतर वृद्धि आवश्यक है। साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन और उनके सक्रिय संचालन पर बल दिया। उन्होंने संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, महापुरुषों एवं साहित्यकारों की जयंती समारोह तथा रचनात्मक व सामाजिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन को संस्था की प्राथमिकता बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. वासुदेव प्रसाद ने हिंदी साहित्य भारती द्वारा किए जा रहे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे हिंदी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त मंच बताया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रांची जिला हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक ने घोषणा की कि अब जिला इकाई की बैठक नियमित रूप से मासिक आधार पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन के विस्तार के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा महाविद्यालयों के हिंदी विभागों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## अवैध निर्माण को लेकर बाबूलाल मरांडी का सरकार पर हमला, जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में जारी अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार को लेकर राज्य की हेमंत सोरन सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने अवैध निर्माण से जुड़े अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। राजधानी रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार रजिस्ट्रार, अंचल अधिकारी, रांची नगर निगम के संबंधित अधिकारी तथा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के अधिकारियों को अविलंब निलंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में बने अवैध निर्माण को तोड़ा जाना न्यायोचित और स्वागत योग्य है, लेकिन सवाल यह है कि हेमंत सरकार के भ्रष्ट तंत्र की सजा आम जनता क्यों भुगते। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में सेना की जमीन की हेराफेरी के मामले में आईएएस अधिकारी तक जेल जा चुके हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि भ्रष्टाचार किस स्तर तक फैला हुआ है।

# केसी वेणुगोपाल के साथ झारखंड कांग्रेस के विधायकों-मंत्रियों की हुई बैठक, संगठन सृजन पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : दिल्ली में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल और झारखंड कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों के बीच एक अहम बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर के कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में सभी नेताओं ने रामलीला मैदान में आयोजित रैली की सफलता के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को बधाई दी। बैठक में सभी विधायकों ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस महागठबंधन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और गठबंधन के भीतर किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है। संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने मंत्री एवं विधायकों को जनता की समस्याओं को लेकर और अधिक मुखर रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राज्य में चल रहे संगठन सृजन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के सभी प्रखंडों में बीएलए बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा कई जिलों में बीएलए की नियुक्ति भी कर दी गई है। साथ ही ग्राम पंचायत समिति एवं वार्ड समिति के गठन की प्रक्रिया भी जारी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रैली में भारी जनउपस्थिति पर प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी नेताओं को बधाई देते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा अफवाहों के माध्यम से सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका मुकाबला संगठन की एकजुटता से करना होगा। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ संघर्ष के साथ-साथ देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। यह जिम्मेदारी तभी मजबूती से निभाई जा सकती है, जब कांग्रेस के नेता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू, सह-प्रभारी डॉ. सिरिवेल्ला प्रसाद, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, उपनेता राजेश कच्छप, मंत्री राधा कृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, डॉ. रामेश्वर उरांव, कुमार जयमंगल सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आंशिक बादल छाने से बढा तापमान, दिन में बढी कनकनी में



**रांची** : झारखंड के विभिन्न जिलों में आंशिक बादल छाने से तापमान में दो से तीन डिग्री दर्ज की गई। हालांकि आसामान में आंशिक बादल छाने से दिन में कनकनी बढ़ गई है। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सोमवार को दिन में हल्की ठंडी हवाएं चलीं। इससे लोगों के शरीर में सिहरन पैदा कर रही थीं। यही स्थिति कमोबेश खूंटी, पलामू, गढवा, चतरा, लोहरदगा सहित अन्य, जिलों में रही। शनिवार को जहां रांची में न्यूनतम तापमान 8 .4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 10 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार बोकारो में शनिवार को न्यूनतम तापमान जहां 9 .5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को 10 .5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही डालटेनगंज में जहां शनिवार को तापमान 7 .6 डिग्री, जबकि सोमवार को 8 .7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि मौसम में अगले पांच दिनों में कोई विशेष तब्दीली नहीं आएगी। विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के कई जिलों में सुबह में कुहासा छाने और बाद में मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि आसमान पूरी तरह साफ नहीं रहेगा। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्या में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 27 .4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 .1 डिग्री सेल्सिय रिकॉर्ड किया गया।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी उच्च न्यायालय ने की रद




**रांची** : गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उनकी क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया है। सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर जिले के मनोहरपुर थाना में कांड संख्या 281/23 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्होंने इस मामले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इस याचिका पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सांसद निशिकांत दुबे की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, पार्थ जालान एवं स्मिता सिन्हा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि निशिकांत दुबे को कथित रूप से गौ तस्कर के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित बनाया गया था। मामले की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय के इस आदेश से सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी कानूनी राहत मिली है।

### प्रदेश कांग्रेस ने सरदार पटेल और सुवंश झा की मनाई पुण्यतिथि



**रांची**: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में रांची के श्रद्धानंद रोड स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल और पंडित सुवंश झा की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने देनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने दोनों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने मजबूत इच्छाशक्ति और बुलंद इरादों के कारण आजादी के बाद स्वदेशी राज्यों का भारत में विलय कर पूरे देश को एकात्मता के सूत्र में पिरो दिया। उन्होंने कहा कि आज जब पूरा देश क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद और सम्प्रदायवाद की भावना से ग्रसित है। इन विषम परिस्थितियों में राष्ट्र भावना को अपनाने के लिए उनकी ओर से किए गए कार्य प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ पटेल गृहमंत्री के रूप में भी भारत के चहुंमुखी विकास के लिए जीवनपर्यन्त प्रयत्नशील रहे। उनके नेतृत्व में देश सामरिक दृष्टिकोण से मजबूत हुआ इसका परिणाम था कि देश की जनता ने उनकी ओर से लिए गए निर्णय पर उन्हें लौहपुरुष की उपाधि से सम्मानित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुवंश झा की व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि 1930 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रूप से योगदान देने के कारण 1930, 32 और 1941 में जेलयात्रा भी की थी। 1942 से 1945 के बीच भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत थे। वे देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देष पर 1930 में रांची पहुंचे। उन्होंने खादी प्रचार-प्रसार के साथ-साथ रांची जिला में स्वतंत्रता आंदोलन मंल भाग लिये। रांची जिला भूदान आंदोलन के सचिव के रूप में 1953 से 1963 तक कार्य किया। वर्ष 1963 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा गठित झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलयन संबंधी समिति के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए। झा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस बिहार शाखा के संस्थापक सदस्य थे और राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य जीवनपर्यंत रहे। इस अवसर पर राकेश सिन्हा, जगदीश साहु, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति, डॉ राजीव नारायण प्रसाद, प्रशांत पांडे सहित अन्य शामिल थे।

### झारखंड में साफ हवा पर फोकस, सरकारी दफ्तरों से शुरू होगी इलेक्ट्रिक गाड़ियों की पहल

**रांची** : रांची के नेपाल हाउस में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की सोमवार को एक अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीक ने की। यह बैठक नेशनल ग्रीन एयर प्रोग्राम के तहत बनी राज्य स्तरीय निगरानी और कार्यान्वयन समिति की सातवीं बैठक थी। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी गई और साल 2025-26 के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिलने वाले फंड के सही और समय पर इस्तेमाल पर चर्चा हुई। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र से मिलने वाली राशि का उपयोग तय समय में और असरदार तरीके से होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए शुरूआत सरकारी दफ्तरों और स्कूल बसों से की जाए। साथ ही, शहरों के प्रमुख इलाकों में चार्जिंग स्टेशन लगाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में रांची, जमशेदपुर और धनबाद की हवा की स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि धनबाद को छोड़कर बाकी शहरों में हवा की गुणवत्ता फिलहाल बेहतर स्थिति में है। इसके अलावा ग्रीन बिल्डिंग, ग्रीन स्टील, पुराने वाहनों को हटाने की प्रक्रिया और ई-कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर भी बातचीत हुई। विभागीय सचिव ने इन विषयों पर चैंबर के साथ अलग से बैठक करने और सुझाव लेने की बात कही। बैठक में सूडा के चेयरमैन सूरज कुमार, परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### 1500 बड़े बकायेदारों के बैंक खाते होंगे फ्रीज

**झुमरीतिलैया:** उपायुक्त के निदेर्शानुसार नगर परिषद, झुमरीतिलैया द्वारा होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। नगर परिषद ने लगभग 1500 बड़े होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के बावजूद निर्धारित समय के भीतर टैक्स का भुगतान नहीं करने वाले बकायेदारों के बैंक खातों को फ्रीज किया जा रहा है।नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने शहरवासियों से अपील किया है कि वे समय पर होल्डिंग टैक्स का भुगतान सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिन होल्डिंगधारियों ने अब तक अपनी संपत्ति का आकलन नहीं कराया है, वे 7 दिनों के भीतर संपत्ति का आकलन कराएं। जिन होल्डिंग धारकों ने अपने मकान का विस्तार या अपग्रेड किया है, वैसे होल्डिंग धारक अपने मकान का पुनर्मूल्यांकन आवश्य करवा ले।साथ ही, जो व्यावसायिक प्रतिष्ठान या दुकानदार अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिए हैं, वे शीघ्र ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना सुनिश्चित करें।अन्यथ ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध दंड शुल्क के साथ झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिन दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है, वे भी शीघ्र नवीनीकरण कराना सुनिश्चित करें।

### आधा दिसंबर बीत गया गरीबों व असहयों को अभी तक नहीं मिली कंबल

**मरकच्चो :** दिसम्बर माह का आधा समय बीत जाने के बावजूद मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र में गरीबों व असहाय लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए कम्बल उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। ठंड लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय सर्द हवाओं और गिरते तापमान के कारण जरूरतमंद लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। हर वर्ष सरकार द्वारा ठंड के मौसम में गरीबों और असहयों को कम्बल व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक कंबल वितरण नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कम्बल वितरण शुरू करने की मांग की है, ताकि ठंड से राहत मिल सके और किसी अनहोनी की आशंका को टाला जा सके। लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गयी तो ठंड का प्रकोप और बढ़ने पर हालात और गंभीर हो सकते हैं।

### छात्राओं ने रंगोली व नाटक मे बटोरी वाहवही



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुटरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटरी में सोमवार को बाल विकाश परियोजना जरीडीह के तत्वधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे पंचायत की दर्जनो आंगनबाड़ी सेविकाऐ शामिल हुई। कार्यक्रम में कक्षा पॉच ,छह, सातवां ओर आठ के छात्राओ ने थीम के अनुरुप आकर्षक रंगोली, पेटिंग व नुक्कड़ नाटक दिखा कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । तथा शिक्षको व अभिभावक की खुव वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में उम्दा पर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें आठवी की छात्रा पुजा कुमारी प्रथम ,मीरा कुमारी को द्वितीय तथा आरुशी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। मौके पर हेड मास्टर मोहिउद्दीन अंसारी , सुपरवाइजर संध्या सिंहा, अनीता देवी, सुनीता ,उषा ,नूनी बाला, सूरज मुनि, रामेश्वर मांझी, गुनाराम मांझी समेत दर्जन लोग मौजूद रहे।

# शिबू सोरेन स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सतगांवा/कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति कोडरमा के तत्वाधान में बीते रविवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल क्रिकेट मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के नगर एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष प्रो. जानकी प्रसाद यादव शिरकत करने जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगांवा पहुंचे। जिला अध्यक्ष पांडेय क नेतृत्व में भव्य क्रिकेट का आयोजन किया गया। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के नेता कार्यकर्ता द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू एवं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राज्य पिछड़ा आयोग प्रो. जानकी प्रसाद यादव को अंग वस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उनका गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है कि दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में हम लोगों के बीच मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के नगर एवं आवास सुदिव्य कुमार सोनू मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि पिछड़ा आयोग अध्यक्ष प्रो. जानकी प्रसाद यादव मौजूद है। क्रिकेट टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड के निमार्ता दिशोम गुरु ने इस राज्य का सपना बहुत पहले ही देखा था जिस समय लोग अपने बाल जीवन को जीते हैं उसे समय दिवंगत शिबू सोरेन ने देखा था उनके कठिन संघर्ष व आंदोलन का परिणाम है। कि यह झारखंड हमें मिला है। वही राज्य पिछड़ा आयोग अध्यक्ष प्रो.जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने हमेशा गरीब वंचितों और पिछड़ों के साथ-साथ आम जनमानस के लिए भी उन्होंने बहुत बड़ा संघर्ष किया था यह झारखंड हमें ऐसे ही नहीं मिला इसके लिए शिबू सोरेन ने अपना जीवन समर्पित किया था। आज उन्हीं की याद में इस खेल का आयोजन किया गया है। क्रिकेट टूर्नामेंट में सतगावां के सभी जनप्रतिनिधियों का तथा आम जनता को पार्टी के सभी केंद्रीय समिति सदस्य जिला पदाधिकारी प्रखंड पदाधिकारी के साथ पंचायत पदाधिकारी को बधाई दी बधाई के उपरांत जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को आगे के लिए प्रोत्साहित किया तथा खेल के दौरान खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाते हुए प्रखंड से लेकर जिला तक जिला से लेकर राज्य तक राज्य से राष्ट्र स्तर तक अपने-अपनी खेल को निखारने की सलाह दी और आगे बढ़ने की मनोकामना की कोडरमा जिले के सुदूरवर्ती इलाका सतगावां मे खिलाड़ियों की बहुत काफी संभावना है अपने भाषण में माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के समक्ष प्रखंड के अर्ध निर्मित खेल स्टेडियम पेट्रो जलप्रपात घोड़मैश्वर शिव मंदिर धाम का सुंदरीकरण का मुद्दा उठाया एवं मांग की जिस पर मंत्री महोदय के द्वारा अपने यह भी भाषण में जल्द ही जिला अध्यक्ष के द्वारा मांग की गई है।

## सड़क पर गैराज, रफ्तार पर ब्रेक: खुलेआम अतिक्रमण से बढ़ा हादसों का खतरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए सड़क को ही गैराज में तब्दील कर देने का मामला सामने आया है। रिलायंस पेट्रोल पंप के ठीक बगल में, नया मोड़ से लगभग 300 मीटर दूर, सड़क की एक पूरी लेन पर ट्रक खड़ा कर खुलेआम मरम्मत का काम किया जा रहा है। जहां दिन-रात वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, वहां सड़क पर गैराज चलना न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से यहां यही हाल है। कभी ट्रक, तो कभी बड़े वाहनों की मरम्मत सड़क पर ही की जाती है। इससे सड़क संकरी हो जाती है और दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब अंधेरे में सड़क पर खड़ा भारी वाहन दुर्घटना को न्योता देता है। कई बार अचानक ब्रेक लगाने की नौबत आ जाती है, जिससे पीछे चल रहे वाहन भी खतरे में पड़ जाते हैं। इस अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस को सूचना दी।

## एकादशी पर सेवा प्रयास का सराहनीय प्रयास, काली मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** निस्वार्थ सेवा, भक्ति और समर्पण की भावना को आत्मसात किए हुए सेवा प्रयास संस्था द्वारा विगत 18 माह से निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में एकादशी के पावन अवसर पर कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर के समीप श्रद्धालु भक्तों, राहगीरों एवं यात्रियों के बीच अलग-अलग प्रकार के भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है इस सेवा कार्य की विशेषता यह है कि संस्था में कोई औपचारिक पदाधिकारी या सदस्य नहीं हैं, बल्कि सभी स्वयं को श्याम प्रेमी मानकर सेवा भाव से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनते हैं। प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालुओं में भक्ति और आस्था का विशेष उत्साह देखने को मिला। श्याम प्रेमियों ने बताया कि कलयुग में बाबा श्याम एवं वीर हनुमान की पूजा को विशेष शक्ति एवं “हारे के सहारे” के रूप में माना जाता है। प्रत्येक माह इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर सेवा और समर्पण का अवसर मिलता है, वहीं दूसरी ओर बाबा श्याम की भक्ति का प्रचार-प्रसार भी होता है। सेवा प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति की अलख जगाना और मानव सेवा के माध्यम से ईश्वर भक्ति को सशक्त बनाना है। आज के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मधु सिंह, पप्पू सिंह, अविनाश कपसीमे, अरविन्द चौधरी, चन्द्रशेखर जोशी, शुभम कुमार, सत्यम कुमार, वीर कुमार, विक्की कुमार, आर्यन हर्षराज, विद्यासागर, शंकर मोदी, जितेन्द्र सिंह, विकास कुमार अठघरा, अनुराग हिसारिया सहित अन्य भक्तों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने सेवा प्रयास की इस निरंतर सेवा भावना की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## जयंत सिंह के अपहरण को छह दिन, पत्नी अमृता सिंह ने उपायुक्त से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** 10 दिसंबर को हुए जयंत सिंह के अपहरण को आज छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उनके बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। इसको लेकर उनकी पत्नी अमृता सिंह मंगलवार को स्थानीय लोगों के साथ बोकारो उपायुक्त कार्यालय पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई। अमृता सिंह ने बताया कि उनके पति का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे परिवार गहरे भय और अनिश्चितता में जी रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अनहोनी हो सकती है। अमृता सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया कि सेक्टर-6 थाना क्षेत्र में विनोद खोपड़ी नामक व्यक्ति द्वारा रअक्छ की भूमि पर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर कब्जा कर एक गैरकानूनी ऑफिस संचालित किया जा रहा है। इस कार्यालय से लोगों को डराया-धमकाया जाता है और जो व्यक्ति वहां नहीं आता, उसे जबरन उठा लाने की बात कही गई है। आरोप है कि उक्त स्थल पर दारू बाजी, नशा बाजी, गुंडागर्दी और अन्य आपराधिक गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है और महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं। ज्ञापन में उपायुक्त से मांग की गई है कि रअक्छ की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण की तत्काल जांच कर अवैध कब्जे और निर्माण को ध्वस्त किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## AIIPA हजारीबाग का 12वां वार्षिक अधिवेशन बोकारो में संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो स्थित आशा लता केंद्र के प्रांगण में ऑल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन हजारीबाग का 12वाँ वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन में विभिन्न शाखाओं से सेवा-निवृत्त सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिवेशन की कार्यवाही की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष कामरेड सुदीप चटर्जी ने की। इस अवसर पर महा सचिव कामरेड नरेश श्रीवास्तव ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्लास वन फेडरेशन के महा सचिव कामरेड कंचन कश्यप, क्लास टू के महा सचिव कामरेड आभाष कंठ तथा क्लास थ्री-फोर के बीमा कर्मचारी संघ के महा सचिव कामरेड जे. सी. मित्तल, दिलीप कुमार झा, सुशील सिंह, राकेश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अधिवेशन में 100% एफडीआई करने पर एवं पेंशन वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, हेल्थ इंडिया के प्रतिनिधि श्री दुबे ने उपस्थित सदस्यों को मेडिक्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की। वर्ष २०२५-२६ के लिए कॉम सुदीप चटर्जी अध्यक्ष एवं कॉम नरेश श्रीवास्तव महासचिव चुने गए तथा २५ सदसिए कमेटी का चयन द्वारा गठन हुआ।

# सीटू का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक विशाखापट्टनम में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरीतिलैया :** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन जो 31 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में होने जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में केन्द्रीय कमिटी के आह्वान पर सोमवार 15 दिसम्बर को गरिमामय ढंग से झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर सीटू की कोडरमा जिला कमिटी के द्वारा ब्लॉक परिसर स्थित साहु धर्मशाला के छत पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य सचिव संजय पासवान द्वारा लाल झंडा फहराया गया। जहां दुनिया के मजदूरों एक हो, राष्ट्रीय सम्मेलन सफल हो, लेबर कोड वापस लो, मजदूर विरोधी मोदी सरकार मुदार्बाद, सीआईटीयू जिंदाबाद आदि गगनचुंबी नारे लगाए जा रहे थे। झंडोत्तोलन के दौरान उपस्थित लोगों ने संगठन के सिद्धांतों एवं संघर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश और संचालन जिला सचिव रमेश प्रजापति ने किया। झंडा दिवस के उद्देश्य और उसकी पृष्ठभूमि पर सीटू नेता संजय पासवान ने प्रकाश डालते हुए कहा कि मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। अत्यंत दुख और क्षोभ का विषय है कि जिस मजदूर वर्ग ने सारी दुनिया का निर्माण किया है वह आज नारकीय परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। एक तरफ पूंजीपतियों की संपत्ति दिन दोगुनी और रात चौगुनी होती जा रही है, वहीं दूसरी ओर मजदूर वर्ग का शोषण और दमन बढ़ता जा रहा है। मोदी सरकार ने मजदूर वर्ग द्वारा संघर्ष के जरिए हासिल किए गए 29 श्रम कानूनों को खत्म करके मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताएं लागू कर दिया है। जो मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश है। इसी पृष्ठभूमि में दो करोड़ से ज्यादा सदस्यों वाला मजदूरों का अगुआ संगठन सीटू का 18 वां राष्ट्रीय सम्मेलन विशाखापट्टनम में होने जा रहा है। जहां पूरे देश से चुने हुए 1300 प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में सरकार की जनविरोधी नीतियों, मेहनतकशों की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा होगी और मजदूर वर्ग की व्यापक एकता के लिए संगठन को मजबूत कर देशव्यापी संघर्ष को और धारधार बनाने की रणनीति बनाई जाएगी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, निर्माण कामगार यूनियन के शम्भु पासवान, रविन्द्र भारती, बालेश्वर राम, बसंती देवी, उषा देवी, तालेवर दास सहित बड़ी संख्या में सीटू के सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्लोरोफिल स्कूल ने अनूठे जंगल सफारी का किया आयोजन




**कोडरमा :** बच्चों की शिक्षा में अग्रणी क्लोरोफिल स्कूल ने शानदार जंगल सफारी का आयोजन किया जिसमें नन्हे नन्हे बच्चे खरगोश, चिड़िया, हाथी, बाघ, भालू बनकर आए थे। विद्यालय परिसर का हरा भरा वातावरण बच्चों की किलकारियों से और भी खुशनुमा नजर आ रहा था। नन्हें एनिमल कैरेक्टर्स ने जंगल की रेल बनाई और पूरे परिसर का हरियाली और पेड़ों में से होते हुए कई चक्कर लगाए। "डुबी डुबी डम डम" और "चड्डी पहनकर फूल खिला है" जैसे गानों पर बच्चों ने खूब मस्ती की। टीचर्स ने बच्चों को वन्य जीवों की आवाज और उनके स्वभाव से परिचित कराया। भाग लेनेवाले बच्चे-कृतिका केसरवानी, अदिति सिंह, मानवी, मनस्वी, पार्थ शर्मा, रुद्र कुमार, शिवांश मोदी, अनाया यादव, कुमार अभिराज, इशिका आर्य, अनंत पंकज, नित्य गुप्ता, जीविका यादव, शिवांश राज, जयवर्धन एवं अन्य। प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने बताया कि आज के कार्यक्रम के पीछे अभिभावकों का उत्साह प्रशंसनीय है जिन्होंने बड़े मन से बच्चों की तैयारी में हमारे साथ-साथ रुचि लेकर जंगल सफारी के लिए बच्चों को तैयार किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्री प्राइमरी की सारी शिक्षकों का योगदान रहा जिसमें विशेषकर सीमा जैन, युक्त अग्रवाल, पूनम कुमारी, अनुप्रिया अलका ने अपनी भागीदारी निभाई।

### शहीद सिआरपीएफ सुजीत कुमार के घर पहुंची विधायक परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड के देवीपुर गांव निवासी शहीद सीआरपीएफ जवान सुजीत कुमार के घर पर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने सोमवार को पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों को ढाढ़स बंधाया। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि शहीद सुजीत कुमार ने देश की सेवा में अपने प्राण की बलिदानी देकर पूरे क्षेत्र और राज्य का मान बढ़ाया है । उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने परिजनों को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन देते हुए कहा कि शहीद के परिवार के साथ सरकार मजबूती से खड़ी है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीण एवं गणमान्य लोग भी मौजूद थे जिन्होंने शहीद के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी।

### स्टील प्लांट के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने आयोजित किया टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



**बोकारो:** बोकारो स्टील प्लांट के डिप्लोमा इंजीनियर्स द्वारा सेक्टर-4 क्रिकेट स्टेडियम में पिछले तीन वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित "स्टील चैंपियंस ट्रॉफी" टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले समाप्त हो गए। प्लांट के विभिन्न विभागों से नॉन-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की 28 टीमों ने भाग लिया, जिनके रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 13 नवंबर थी। पहले सेमीफाइनल में एसएमएस न्यू ने सीआरएम-3 को 12 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएमएस न्यू ने सात विकेट पर 98 रन बनाए, जिसमें नितेश तिवारी ने 36 और अर्जुन मुंडा ने 18 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। सीआरएम-3 के कनौजिया ने तीन विकेट लिए, जबकि फैजान और सुनील को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीआरएम-3 86 रनों पर आउट हो गई। नंदलाल ने 26 और प्रदीप ने 16 रन बनाए। एसएमएस न्यू की ओर से अर्जुन मुंडा ने तीन और नितेश तिवारी ने दो विकेट झटके।दूसरे सेमीफाइनल में एचआरडी ने एचआरसीएफ को छह रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। एचआरसीएफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 78 रन बनाए, जिसमें रूद्र ने 39 और मयूर ने 15 रनों की पारियां खेलीं। एचआरडी के संदीप ने तीन विकेट लिए, जबकि रंजीत और गौतम को दो-दो सफलताएं मिलीं।

### बोकारो चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात, औद्योगिक पुलिस बल समेत कई मांगें रखीं

**बोकारो:** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक तदासा मिश्रा से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांगें रखीं।संरक्षक संजय बैद ने उन्हें को बधाई देते हुए कहा कि उनके पद संभालने से राज्य में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में झारखंड की कानून व्यवस्था और सशक्त होगी। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि खनिज समृद्ध झारखंड में राष्ट्रीय उद्योगों की सुरक्षा के लिए समर्पित औद्योगिक पुलिस बल गठित किया जाए।उन्होंने पर्यटन स्थलों की सुरक्षा हेतु पर्यटक पुलिस बल की स्थापना, चास-बोकारो की यातायात व्यवस्था सुधार, चास थाने का स्थानांतरण, इस्पात नगर, दूंदीबाद, सिटी सेंटर व सेक्टरों में नशा-ड्रग्स पर सख्त कार्रवाई, प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने तथा कानून-व्यवस्था पर सलाहकार समिति गठन की मांग की। जायसवाल ने यातायात पुलिस को भयादोहन न करने और थानों में संवेदनशील व्यवहार के निर्देश की भी अपील की।प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप सिंह व विनय कुमार सिंह भी शामिल रहे।

### कॉग्रेस पार्टी के जिला सचिव बनमाली बाउरी के पिताजी अंकुर बाउरी की 15 वीं पुण्य तिथि मनाई गई

**बोकारो:** सोमवार को कॉग्रेस पार्टी के बोकारो जिला सचिव बनमाली बाउरी के पिताजी की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को चन्दनकियारी के चन्द्रा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता चन्द्रा पंचायत के मुखिया निर्मल मोदी व संचालन बनमाली बाउरी ने किया। वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम उपरांत किसान नेता जगन्नाथ रजवार, कॉग्रेस नेता तुफान साहनी, कॉग्रेस नेता बादल दे,जेएमएम बुद्धि जीवी मंच जिलाध्यक्ष बोकारो नेता किरण चन्द्र बाउरी, चन्दनकियारी प्रखण्ड कॉग्रेस सचिव मिलन कुमार बाउरी, मुखिया चिन्ता देवी, शिक्षाविद बिरेंद्र राय, पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल गोप, वार्ड सदस्य मीरा देवी ने संयुक्त रुप से श्रद्धा पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि उपरांत उनकी याद में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए। दर्जनों जरुरतमंदों को कम्बल एवं छोटे-छोटे बच्चों को स्वेटर प्रदान किया।

एक नजर

### कुरमी/ कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन 21 को

**सिल्ली :** सिल्ली कुरमी/ कुड़मी अधिकार महारैली को सफल बनाने के लिए समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के संयोजक लालचन महतो के नेतृत्व में आज सोमवार को सिल्ली प्रखंड के लोवादाग,कोंचो,लोटा एवं गौडाडीह पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा कर दिनांक 21 दिसम्बर रविवार को पंतराहातु मैदान सिल्ली में महारैली का आयोजन किया जाएगा। इस दौरा के क्रम में उनके साथ समिति के कोषाध्यक्ष मधुसूदन महतो बाघडीह, परीक्षित महतो कोंचो, फेकनराम महतो सातपालु एवं दिलिप चौधरी गोड़ाडीह आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली एवं टुटकी लैम्प्स में विधायक ने धान क्रय का किया उद्घाटन

**सिल्ली:** सिल्ली एवं टुटकी लैंप्स में सोमवार के दिन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने धान क्रय का किया उद्घाटन। उद्घाटन समारोह में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से किसानों ने अपने अपने धान को हलेकर लैंप्स पहुंचे थे। विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य है कि कैसे हम सीधा सीधी रूप से किसानों को लाभ पहुंचाएं, जो बिचौलिए हावी होते हैं उनके हाथों धान को ना बेचें ।उचित मूल्य को प्राप्त करें जो केंद्र सरकार के द्वारा 2369 रुपए प्रति क्विंटल दी जा रही है,वहीं राज्य सरकार द्वारा किसानों को 81 रू का बोनस भी दिया जा रहा है उसे प्राप्त कर लाभान्वित होवें। अधिकतम धान बिक्री के लिए 200 क्विंटल होगा जिसको आप बिक्री कर सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपना आई कार्ड, जमीन का कागज और साथ-साथ बैंक खाता का विवरण जमा करना है, उसी आधार पर खरीदा जाएगा। कृषक मित्र इन सारी बातों का ध्यान रखें और बिचौलिए से बचे ताकि ठगी का शिकार ना हो सकें। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, सिल्ली के मुखिया भरत मुंडा,समीर ठाकुर, विजय साहू, निर्मल महतो, याकूब अंसारी समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# जिले के सभी 27 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान क्रय कार्य शुरू, पहले दिन 343.48 क्विंटल धान की खरीद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावाँ जिले में दिनांक 15 दिसंबर, 2025 से धान अधिप्राप्ति केंद्रों के माध्यम से धान क्रय कार्य विधिवत प्रारंभ किया गया है। इसके तहत जिले में स्थापित सभी 27 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान खरीद का कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में चांडिल प्रखंड अंतर्गत भाड़ुडीह लैम्प्स लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन विधायक, ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र, सविता महतो द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर माननीया विधायक ने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में धान अधिप्राप्ति केंद्रों की संख्या सुनिश्चित की गई है, ताकि किसानों को धान विक्रय हेतु किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों द्वारा विक्रय किए गए धान का भुगतान समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही किसानों से अपील की कि वे अपने नजदीकी लैंप्स में ही धान का विक्रय करें तथा बिचौलियों से सतर्क रहें। आज जिले में विभिन्न धान अधिप्राप्ति केंद्र/लैंप्स पर किसानों द्वारा कुल 343.48 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। सभी केंद्रों पर धान क्रय कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। जिले में शेष 26 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन जनप्रतिनिधिगण – माननीय सांसद प्रतिनिधि, माननीय विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, प्रमुख तथा प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों (जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी) की उपस्थिति में किया गया। जिले में स्थापित सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर किसान सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 प्रति क्विंटल पर धान का विक्रय कर सकते हैं। उपायुक्त, सरायकेला-खरसावाँ ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे केवल सरकारी रूप से अधिकृत लैंप्स एवं धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही अपने धान का विक्रय करें, ताकि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके।

### पटमदा और गोबरघूसी धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

**पटमदा:** पटमदा प्रखंड परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, डीएसओ मो जुल्फकार अंसारी, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राजेंद्र दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। किसानों को धान बिक्री की राशि एक किस्त में भुगतान होगा। पहला किसान के रूप में बिडरा गांव के पंजीकृत किसान शुभेंदु महतो ने धान की बिक्री की। उद्घाटन समारोह में विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, डीएसओ मो जुल्फकार अंसारी, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राजेंद्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष कालीपद महतो, सुभाष कर्मकार, पटमदा लैम्पस के अध्यक्ष लालू सिंह, सचिव रामपद महतो, गोबरघुसी अध्यक्ष मातबर सिंह,सचिव अनिल महतो, बांगुड़दा लैम्पस सचिव जगदीश महतो सहित कई किसान उपस्थित थे। लैम्पस सचिव रामपद महतो ने बताया कि धान में 16 प्रतिशत से 17 तक नमी वाले धान की खरीद की जाएगी। वहीं प्रति क्विंटल सरकार द्वारा मानक प्रतिशत किसानों का धान कटौती होगी। किसानों को धान बिक्री का समर्थन राशि का भुगतान एक मस्त मिलने की जानकारी दी गई। गोबरघुसी लैम्पस का धान शंकर राइस मिल धालभूमगढ़, पटमदा लैम्पस का धान हाता स्थित राइस मिल में होगा। पटमदा में धान बिक्री के लिए कुल 755 पंजीकृत किसान हैं। जबकि गोबरघुसी में 307 पंजीकृत किया गया है।

### एफएसएसएआई लाइसेंस में त्रुटि पाए जाने पर बिग बास्केट स्टोर अस्थायी रूप से बंद

**आदित्यपुर :** सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन द्वारा सरायकेला–खरसावाँ जिला के आदित्यपुर स्थित बिग बास्केट स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि बिग बास्केट स्टोर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुरूप वैध एफएसएसएआई फूड लाइसेंस के बिना संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि बिग बास्केट स्टोर का वर्तमान फूड लाइसेंस इनोवेटिव रिटेल कॉन्सेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से उपलब्ध है, परंतु उक्त लाइसेंस में जिले का नाम त्रुटिपूर्ण रूप से अंकित है। यह लाइसेंस तत्काल योजना के अंतर्गत गलत जानकारी के आधार पर स्वतः निर्गत हुआ पाया गया, जिसकी पुष्टि आज किए गए निरीक्षण के दौरान हुई। उक्त अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए बिग बास्केट स्टोर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही स्टोर संचालक को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का संचालन अविलंब बंद करने एवं फूड लाइसेंस में आवश्यक संशोधन कर वैध लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।


Annexure1

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

Short Term e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 13/2025-26
Date :-15/12/2025 (2 nd Call)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation ofBadkiBandhRamuwa M I Scheme, Block- Bishnugarh, Dist- Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 57.978 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 22/12/2025 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 29/12/2025 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 29/12/2025 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 31/12/2025 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 368584 Minor Irrigation(25-26)D


## पंचायत प्रतिनिधियों ने 9 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** अनुमंडल कार्यालय के समक्ष सोमवार को पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी ९ सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पंचायत प्रतिनिधियों की मुख्य मांगे इस प्रकार थी।1. पिछले लगभग 2 वर्षों से लंबित 15वें वित्त आयोग की बकाया राशि का अविलंब आवंटन किया जाए। 2. पंचम राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायतों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। 3. मनरेगा योजना अंतर्गत मजदूरों एवं सामग्री की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 4. सभी पेंशनधारियों को बकाया सहित प्रत्येक माह ससमय भुगतान की गारंटी दी जाए।5. मईया सम्मान योजना के अंतर्गत छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को अविलंब स्वीकृति प्रदान की जाए। 6. अबुआ आवास योजना में स्वीकृत लाभुकों को शीघ्र राशि का भुगतान किया जाए तथा प्रतीक्षा सूची के लाभुकों को स्वीकृति दी जाए। 7. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किए गए सर्वे के आधार पर प्रतीक्षा सूची अविलंब जारी कर आवास की स्वीकृति दी जाए। 8. स्कूल-कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं को लंबित छात्रवृत्ति राशि का अविलंब भुगतान किया जाए। 9. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभिन्न आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। धरना कार्यक्रम में अचानक पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह पहुंचे तथा उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत प्रतिनिधि यहां सरिया प्रखंड मुख्यालय के पास धरने में बैठे हैं। बैठे तो जरूर पंचायत प्रतिनिधि हैं लेकिन यह सवाल पूरे राज्य का है। जिसमें इसके दो पहलू हैं। एक पहलू जो है कि राज्य में पंचायतों की, गांवों की जो सरकार है, उनको दो साल से राशि नहीं मिल रही है। छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और पीएम आवास का जो सूची बनाई गई थी उसकी राशि नहीं मिल पा रही है। जाहिर सी बात है, सरकार से जब पूछिए और एक बात यह सच भी है कि इन तीनों ही योजनाओं में केंद्र सरकार को जो अंशदान देनी चाहिए थी, वह दी नहीं है और राज्य सरकार भी नहीं दी है।

## हरातू शिव मन्दिर में बाल भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** हरातु शिव मंदिर में संस्कार यात्रा मंच के तत्वधान में बाल भोज का आयोजन किया गया जिस का उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे न किया। उन्होंने कहा संस्कार की जरुरत हमारे समाज हमारे गांव हमारे देश को है आज हम देख रहे हैं कि आज के बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं इनको संस्कार पथ पर लाना जरूरी है इस दिशा मैं हरातुशिव मंदिर का बहुत थी सराहनीय कदम संस्कार यात्रा मंच का है कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा चित्र प्रतियोगिता डांस प्रतियोगिता खेलकूद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तदोपरांत बाल भोग प्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन सिलवे पंचायत के मुखिया नूतन पहनना किया चित्र प्रतियोगिता में निर्मल महतो कोमल महतो अनुष्का कुमारी प्रिया अंकित श्रिया श्रिया निबंध प्रतियोगिता में धीरज कुंदन अंकित रिया प्रिया खेलकूद में अनन्या है। मनीष रोनित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में निशा आदित्य ऋषि ऋषि सोनू अक्षिता आकांक्षा सोनम कुंती देवी राजेश्वरी प्रिंस मयंक कुमार दिव्यांशी सफल रहे इन सभी को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु मुंडा अरविंद महतो सिंधु महतो गर्ल हरी उरांव राजेश कुमार दास रीमा दे दी भोलानाथ ठाकुर धनराज गुड कुमार अनीता देवी का योगदान रहा धन्यवाद ज्ञापन पंडित अखिल पाठक के द्वारा दिया गया।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand. Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/AAR/RNC/2025- 681 Date: 15.12.2025

National Competitive Bidding
Tender Notice

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Selection of Consultant for Preparation of Alternative Analysis Report (AAR) & Detailed Project Report (DPR) for Transit Corridors in Ranchi, Jharkhand |
| 2. | Tender Fee & EMD Amount (In INR) (to be submitted online only) | Cost of Tender Document: 25,000/- (Rs Twenty Five Thousand Only) EMD Amount: 2,00,000/- (Rupees Two Lakh Only) |
| 3. | Mode of Bid Submission | Online e-tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 4. | Date of starting of sale of online Tender | 16.12.2025 at 17:00 Hrs |
| 5. | Date of start of submission of online bids | 16.12.2025 at 17:00 Hrs |
| 6. | Date & time of Pre-bid meeting | 24.12.2025 at 15:00 Hrs |
| 7. | Last Date/Time for submission of bids | 06.01.2026 at 17:00 Hrs |
| 8. | Date of online Bid Opening | 07.01.2026 at 17:00 Hrs |
| 9. | Tender fee submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi -834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | + 91 651 2225878 |

Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR.NO.368649 Urban Development(25-26):D


## झामुमो नेताओ ने प्रशासन पर लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सोमवार को झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक मंडल के नेतृत्व में सरिया एसडीपीओ धनन्जय राम से मिलने कार्यलय पहुंचे लेकिन एसडीपीओ के नही रहने के कारण एक आवेदन सहायक को दी गई। आवेदन में बताया गया है कि प्रशासन आए दिन झामुमो के विधानसभा नेता त्रिभुवन मंडल एवं कुछ कार्यकर्ताओ को एक साजिश के तहत झूठे मुकदमे में फंसा रही है किसी भी आवेदन की भौतिक जांच किए बिना इस तरह के मुकदमे लादना न्यायोचित नही है लिखा है मामले की अच्छे तरीके से जांच कर निदोर्षों पर से केस वापस लिया जाय अन्यथा झामुमो आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इधर नेता त्रिभुवन ने बताया कि एसडीपीओ से मोबाइल पर बात हुई है वे दो दिनों के अवकाश में है आश्वासन दिया है पूरे मामलों की जांच करेंगे। आवेदन सोपने वालो में अशोक मंडल, शंकर मंडल, रवि कुमार, काजिम अंसारी, कृष्ण मुरारी पांडे समेत कई लोग प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## 56 किसानों के बीच चना बीज का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु लैम्पस में सोमवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आत्मा सरायकेला के सौजन्य से हरतालडीह कलेस्टर के 56 किसानों के बीच चना बीज का वितरण प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी ,उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, मुखिया लक्ष्मी देवी के द्वारा 56 किसानों को प्रति किसान 30 किलो चना बीज का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख श्री मार्डी ने कहा कि किसानों को आत्मा की ओर से किसानों के बीच निशुल्क चना बीज का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार कृषि विभाग चना के लिए उपयुक्त मीट्टी का चयन करते हुए वैसे कलेस्टर के किसानों को इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दलहन,तिलहन जैसे बीज का निःशुल्क वितरण कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां के किसान सिर्फ धान खेती पर ही निर्भर रहते हैं। किसानों को वैकल्पिक खेती के प्रति जागरूक होकर हर मौसम में अलग अलग खेती करने की जरूरत है। इसके लिए कई सरकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है, किसानों को जागरूक होकर इसका लाभ उठाना चाहिए। सहायक तकनीकी प्रवंधक किशोर कुमार महतो ने किसानों को बीज का बुनाई, कोड़ाई एवं खर पतवार का निकाई आदि के संबंध में जानकारी दिया। मौके पर कृषि सहायक तकनीकी प्रवंधक किशोर कुमार महतो, दयाल सिंह मुण्डा, नगेन महतो, रामपद महतो,आलम चांद महतो आदि उपस्थित थे।


कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा

गुमला जिला अन्तर्गत कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में रिक्त पद के विरूद्ध चतुर्थवगीय कर्मियों (रसोईया, झाडुदार, अनुसेवक, रात्रि प्रहरी) की बिल्कुल अस्थायी तौर पर बाह्य स्रोत से सेवा प्राप्ति हेतु Registered Service Provider Agency से निम्न शर्तो के साथ **दिनांक–31.12.2025** के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित किया जाता हैं प्राप्त निविदा का निष्पादन दिनांक–**31.12.2025** को अपराह्न 03.00 बजे परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 गुमला के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा। जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

आवेदन भेजने का पता – **जिला कल्याण कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, चन्दाली, गुमला। पिन कोड– 835207**

1. Service Provider Agency का झारखण्ड में Registered होना आवश्यक है एवं इससे संबंधित कागजात आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. Service Provider Agency को एक शपथ पत्र देना होगा कि उनका फर्म काली सूची में सूचीबद्ध नहीं है।
3. Service Provider Agency को Outsourcing के क्षेत्र में कार्य का अनुभव की सूचना देनी होगी।
4. Service Provider Agency से एकरारनामा किया जाएगा। एकरारनामा की शर्तो के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के एकरारनामा रद्द की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है। इस पर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
5. जमानत राशि के रूप में 2,00,000/– (दो लाख रूपये) मात्र जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला के नाम से बैंक ड्राफ्ट देना होगा। एकरारनामा की शर्तो के उल्लंघन की स्थिति में जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
6. विगत तीन वित्तीय वर्षो का ITR देना होगा।
7. कर्मियों को दिये जाने वाले मासिक मानदेय की राशि का निर्धारण श्रम विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अनुमोदित दर से अनुरूप किया जाएगा।
8. Service Provider Agency द्वारा कर्मियों के चयन में आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा तथा PVTG, अनुसूचित जनाजति एवं अनुसूचित जाति को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. रसोईया, झाड़ूदार, अनुसेवक एवं रात्रि प्रहरी के लिए योग्यता 10वीं पास होगी।
10. जिस प्रखण्ड में विद्यालय संचालित है, चयनित कर्मी उसी प्रखण्ड के होंगे।
11. सेवा अवधि में चयनित कर्मी के स्तर पर कार्य के प्रति लापरवाही या उदासीनता परिलक्षित होने पर चयनित कर्मी की सेवा नहीं ली जाएगी।
12. मानदेय राशि का भुगतान वित्त विभाग द्वारा निर्गत परिपत्र के आलोक में आवंटन की उपलब्धता पर किया जाएगा। आवंटन की प्राप्ति में विलंब होने तक बाह्य स्रोत के कर्मियों का भुगतान एजेन्सी द्वारा जारी रखना होगा।
13. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने या अस्वीकृत करने का अधिकार परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, गुमला को सुरक्षित रहेगा।
14. उक्त विज्ञापन को समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आई0टी0डी0ए0) कार्यालय गुमला के सूचनापट्ट अथवा जिला के वेबसाईट **gumla.inc.in** में देखा जा सकता है।
15. विद्यालयवार रिक्ति की स्थित निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | विद्यालय का नाम | रिक्त पद का नाम | रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | घाघरा | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, नवडीहा घाघरा | अनुसेवक | 3 |
| | | | रसोईया | 2 |
| | | | झाडूकश | 3 |
| 2 | विशुनपुर | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली विशुनपुर। | अनुसेवक | 1 |
| | | | रसोईया | 3 |
| | | | झाडूकश | 1 |
| | | | रात्रि प्रहरी | 1 |
| 3 | विशुनपुर | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाट, विशुनपुर | अनुसेवक | 2 |
| | | | झाडूकश | 3 |
| 4 | विशुनपुर | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सखुआपानी, विशुनपुर | अनुसेवक | 2 |
| | | | रसोईया | 2 |
| | | | झाडूकश | 2 |
| 5 | डुमरी | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कन्दापाट, डुमरी | रसोईया | 2 |
| | | | झाडूकश | 1 |
| 6 | चैनपुर | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोकापाट, चैनपुर | अनुसेवक | 1 |
| | | | रसोईया | 2 |
| | | | झाडूकश | 1 |
| 7 | विशुनपुर | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, चौरापाट, विशुनपुर | अनुसेवक | 1 |
| | | | झाडूकश | 1 |
| | | कुल – | | 34 |

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0 गुमला

PR 368625 Welfare(25-26).D


## भाजपा जमशेदपुर महानगर के 17 मंडल अध्यक्षों की घोषणा, शेष 11 मंडलों की सूची जल्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं जिला चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने सोमवार को संगठन पर्व के तहत साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष निर्वाचन प्रकिया के उपरांत भाजपा जमशेदपुर महानगर के 17 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। बाकी 11 बचे हुए मंडलों की घोषणा भी जल्द की जाएगी। इस दौरान जिला कार्यालय में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यालय में ढोल-नगाड़ों की गूंज रही और कार्यकताओं का उत्साह चरम पर दिखा। जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह एवं चुनाव पर्यवेक्षक सह पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी मंडल अध्यक्ष संगठन के विस्तार, सशक्तिकरण और मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सभी मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई है। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनके अनुभव, ऊर्जा और समर्पण से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2025–26 (प्रथम आमंत्रण) PR. No. 367786 में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं कार्य अवधि में भुल सुधार कर निम्नांकित संशोधन किया जाता है, जिसमें निविदा ग्रुप संख्यावार संशोधित परिमाण विपत्र की राशि तथा कार्य अवधि निम्नांकित तालिका में अंकित किया गया है –

| क्र० | ग्रुप सं० | संशोधित परिमाण वि० का मूल्य (रू० में) | संशोधित कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | 2 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | 3 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | 4 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | 5 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | 6 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | 7 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | 8 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | 9 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | 10 | 5000.00 | 03 माह |

शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 368639 (Simdega)25-26*D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

# खरपतवार -आजीविका के लिए खतरा

भारत आज भी मुख्यतः कृषि प्रधान देश है। देश की 48 फीसदी आबादी कृषि पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था में भी कृषि क्षेत्र की भागीदारी 16.61 प्रतिशत है। हालांकि कृषि जनित कच्चे माल पर कई प्रकार के उद्योग भी निर्भर हैं। खासकर कपड़ा उद्योग, खांड उद्योग, पटसन उद्योग, सारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि। कहा जा सकता है कि औद्योगिक उत्पादन का भी एक भाग कृषि पर निर्भर करता है। कृषि भारत में पशुपालन से जुडी है। हर किसान पशुपालन से अतिरिक्त आय के अलावा गोबर की खाद की व्यवस्था करना चाहता है। परंपरा से पशुपालन खेती की जमीन के अलावा वन या चरागाह की जमीन पर निर्भर रहा है। किन्तु पिछले कुछ दशकों से जब से हरित क्रांति के माध्यम से विदेशी बीजों के साथ विदेशी आक्रामक खरपतवार देश में आए हैं, तब से उनका वन और चरागाह की भूमि पर फैलाव भयानक रूप ले चुका है। लैंटाना, यूपिटोरियम, पार्थेनियम गत दिनों डाउन टू अर्थ ने नेचर ससटेनेबिलिटी रिसर्च संस्थान की एक रपट प्रकाशित की है, जिसमें बहुत दिनों से चिंता का कारण बनी खरपतवार की समस्या पर वैज्ञानिक शोध की मुहर लगा दी है। इसके मुताबिक हर वर्ष भारत में 15,500 वर्ग किलोमीटर गैर कृषि क्षेत्र आक्रामक खरपतवारों की चपेट में आ रहा है, जिससे 14.40 करोड़ आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। इसके साथ कृषि भूमि और वन्यप्राणी आवास भी प्रभावित हो रहे हैं। 27.9 करोड़ पशु, और 2 लाख वर्ग किलोमीटर कृषि भूमि के छोटे किसान प्रभावित हो रहे हैं। हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर और पश्चिमी घाट के क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। 2022 तक खरपतवारों के आक्रमण से 266,954 वर्ग किलोमीटर पशु चारा क्षेत्र और 212,450 वर्ग किलोमीटर शाकाहारी वन्यप्राणी आवास और 105,725 वर्ग किलोमीटर टाइगर आवास खरपतवारों के कारण अनुउत्पादक हो चुके हैं। भारत का 2/3 प्राकृतिक क्षेत्र खरपतवारों की चपेट में आ चुका है, जिससे घुमंतू पशुपालक, घरेलू चरागाह आधारित पशुपालक और वन्यप्राणियों के लिए जरूरी घास चारा प्रजातियां नष्ट हो गई हैं। इन संसाधनों पर निर्भर समुदाय आजीविका के संकट में आ गए हैं और कई बार विस्थापन के लिए मजबूर हो रहे हैं। एक आकलन के अनुसार 1960 से 2020 तक 8 लाख,30 हजार करोड़ की हानि अर्थव्यवस्था को पंहुची है। जैव विविधता का जो विनाश खरपतवारों के कारण हुआ है, उसके कई प्रत्यक्ष नुकसान के अलावा अप्रत्यक्ष भी की हानि हुई है। वन्यप्राणी और मानव संघर्ष के बढ़ने से जनधन की हानि हो रही है। खासकर किसान ही इसका डंक झेल रहे हैं। हाथी, बंदर, सूअर,नीलगाय, और मांसाहारी शेर-चीता आदि भी वनों में भोजन न मिलने के कारण गांव या खेतों की ओर मुंह कर रहे हैं। एक ओर वन क्षेत्र घट रहा है, दूसरी ओर बचा हुआ अनुत्पादक होता जा रहा है। हिमालय क्षेत्र पहले ही आजीविका कमाने की दृष्टि से संघर्ष पूर्ण क्षेत्र है, वहां स्थिति ज्यादा खराब है। यहां खेती और पशुपालन पर निर्भरता भी 90 प्रतिशत के आसपास है। वन्यप्राणी-मानव संघर्ष के चलते बहुत से क्षेत्रों में किसान अपनी जमीन खाली छोड़ने पर विवश हो चुके हैं। इसके अलावा ईंधन आपूर्ति और स्थानीय उपयोग के लिए विविध दस्तकारी के लिए कच्चा माल देने वाले उत्पाद और दवा-दूरी के लिए जड़ी-बूटी के न मिलने के कारण आजीविका के लिए स्थितियां कठिन तर होती जा रही हैं। हैरानी का विषय है कि आज तक इस समस्या को चिह्नत ही नहीं किया गया है। इसीलिए इसके समाधान के लिए कोई संस्थागत व्यवस्था भी नहीं बन पाई है। यह अब प्रशासन और विज्ञान जगत के लिए एक चुनौती है कि वे किस कुशलता से इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हैं और इसके निराकरण के लिए मिशन मोड में प्रयास शुरू करते हैं। किसी प्राकृतिक संसाधन का इस तरह विनष्ट हो जाना राष्ट्रीय हानि है, जिसकी भरपाई समय पर न संभले तो करना कठिन हो जाएगी। हम हिमाचल प्रदेश में मनरेगा जैसे प्रावधानों को इस कार्य में प्रयोग करने का आग्रह सरकार से करते रहे हैं। आशा है इस दिशा में ध्यान दिया जाएगा और केंद्र सरकार को इस कार्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि राज्य सरकारों के पास खास कर हिमाचल प्रदेश-उत्तराखंड जैसे राज्य जो अपना खर्च कर्ज लेकर चलाने को मजबूर हैं उनके लिए एक नया बोझ संभालना आसान नहीं है।

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

**ललित गर्ग**

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफर अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं।

नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था।

भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

# हकीकत में कितनी गहराई है नैनी झील की?

**प्रयाग पाण्डे**

जब राजनीतिक नेतृत्व जन सरोकारों से जुड़े विषयों के प्रति उदासीन हो जाता है तो कार्यपालिका प्रयोगधर्मी हो जाती है। सरकारी अधिकारी अपने बुनियादी दायित्वों को तिलांजलि दे कर मनमर्जी करने लगते हैं। कुछ अरसा पहले सिंचाई विभाग के इंजीनियरों द्वारा विश्व विख्यात नैनी झील के जलस्तर को मापने का ब्रिटिशकालीन पैमाना बदलना और नैनी झील की वर्तमान अधिकतम गहराई को लेकर विरोधाभासी दावे इस बात की बानगी हैं। नैनी झील, नैनीताल की संजीवनी है। यहां का प्राण है। नैनीताल का संपूर्ण जीवन-चक्र नैनी झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। इसका अनुपम नैसर्गिक सौंदर्य देशी-विदेशी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। नैनी झील यहां के बाशिंदों को रोजी- रोटी, भोजन- पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। नैनीताल का वजूद झील पर ही टिका है। नैनी झील को सुरक्षित एवं संरक्षित कर इसे दीघार्यु बनाने के प्रयत्न करने के बजाय उत्तराखंड का सिंचाई विभाग नैनी झील को लेकर निरर्थक नए प्रयोग करने पर आमादा है।

कुछ महीने पहले स्थानीय अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक सिंचाई विभाग ने झील के जल स्तर को मापने का पैमाना बदल दिया है। झील की अधिकतम गहराई को जल स्तर मापने का नया पैमाना बना दिया है। सिंचाई विभाग द्वारा बताई जा रही नैनी झील की वर्तमान में अधिकतम गहराई का आंकड़ा संदेहास्पद प्रतीत होता है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान अंग्रेजों ने भारत में अनेक हिल स्टेशन बसाए। उसी क्रम में अंग्रेजों ने नैनीताल को भी एक सुव्यवस्थित हिल स्टेशन के रूप में बसाया और संवारा। अंग्रेजों ने इस नगर के दीर्घ जीवन के लिए यहां की खूबसूरत झील, पहाड़ियों, नालों एवं झील के जल संग्रहण क्षेत्र के लिए लिए वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थाएं बनाई। उन पर ईमानदारी के साथ अमल भी किया। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अंग्रेज अधिकारियों ने गहन अध्ययन एवं शोध के बाद नैनीताल की झील, पहाड़ियों एवं नालों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम-कानून बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने नैनी झील के प्राकृतिक जल निकास बिंदु को छोड़कर संपूर्ण झील के चारों ओर बारह फिट ऊंची दीवार बनाई। झील के प्राकृतिक निकास स्थल पर अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए 15"x 30" के पांच निकासी गेट बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने झील के प्राकृतिक निकास बिंदु के तल को शून्य जल स्तर मानते हुए इससे ऊपर के पानी को झील के जल स्तर का पैमाना माना।

इस पैमाने के अनुसार झील के जल स्तर को नापने के लिए 12 फिट ऊंचा गेज लगाया गया। झील के जल स्तर की निगरानी के लिए वहां कंट्रोल रूम बनाया गया। इस कंट्रोल रूम से झील के जल स्तर की चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई। अंग्रेजी शासनकाल में झील के जल स्तर का प्रति घंटे का चार्ट बनता था। साल के किस महीने और किस तारीख को झील का अधिकतम जलस्तर कितना होना चाहिए, इसके लिए बाकायदा नियम बनाए गए थे। निर्धारित सीमा से अधिक पानी होने की स्थिति में झील से अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती थी। कंट्रोल रूम झील के जल स्तर और निकासी गेटों की चौबीसों घंटे निगरानी करता था। झील के प्राकृतिक निकास के तल को शून्य जलस्तर मानते हुए पानी इससे कम हो जाने पर जल स्तर को ऋणात्मक माना जाता था। यानी शून्य से नीचे। अंग्रेजी शासनकाल में बनी यह व्यवस्था कुछ दशक पूर्व तक सुचारू रूप से चलती रही। लेकिन अब सिंचाई विभाग के प्रयोगधर्मी अभियंताओं को 'शून्य से नीचे' शब्द नहीं भा रहा है। 'शून्य से नीचे' शब्द से छूटकारा पाने की मंशा से सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अर्थहीन और सतही तरीका खोज निकाला है।

अंग्रेजों ने हर साल नैनी झील की लंबाई, चौड़ाई और गहराई नापने का नियम बनाया था। झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर अलग-अलग स्थानों पर बीस पिलर बनाए गए थे। तब नियमित रूप से हर साल झील की लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई नापी जाती थी। सिंचाई विभाग ने झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर पिलर होने से इनकार किया है। यह दीगर बात है कि देखरेख के अभाव में मौजूदा समय में ब्रिटिशकालीन पिलर अस्तित्वविहीन हो गए हैं, लेकिन यह सच है कि पिलर बने थे। जब झील का प्रबंधन लोक निर्माण विभाग के पास था, ने 28 व 29 दिसंबर,1998 को अंतिम बार झील की नाप-जोख अंग्रेजी शासनकाल में बने इन सांकेतिक पिलरों के आधार पर ही की थी।

2017- 18 में अज्ञात कारणों के चलते नैनी झील का प्रबंधन सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया। गर्मियों के मौसम में आमतौर पर झील का जलस्तर शून्य से कई फिट नीचे चला जाता है। संचार माध्यमों में इस आशय की खबरें छपती हैं। कहा जा रहा है कि इस हकीकत को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग ने ब्रिटिश शासनकाल से चले आ रहे 'शून्य' के इस पैमाने को ही बदल दिया है। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अब नैनी झील की कथित अधिकतम गहराई को झील का जलस्तर मान लिया है। सिंचाई विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 89 फिट घोषित की है। बकौल सिंचाई विभाग भविष्य में झील के जल स्तर को मापने का नया पैमाना झील की कथित अधिकतम गहराई 89 फीट मानी जाएगी। सिंचाई विभाग ने लेक कंट्रोल रूम के नीचे ब्रिटिश शासनकाल के दौरान लगे 12 फिट के गेज/पैमाने को निकाल कर उसके स्थान पर नया गेज/ पैमाना लगा दिया है, जिसमें झील की अधिकतम गहराई 89 फीट दर्शाई गई है।

प्रश्न यह है कि सिंचाई विभाग ने झील की वर्तमान समय में अधिकतम गहराई 89 फिट कैसे आंकी? इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी में सिंचाई विभाग ने 15 जुलाई, 2025 को बताया है कि सिंचाई विभाग ने वर्ष 2018 में ए.एच.ई.सी. (आईआईटी,रुड़की) एन.आई.एच, रुड़की और आई.सी.ए.आर, देहरादून ने नैनी झील का बाथीमीट्रिक सर्वे कराया था। इस सर्वे के अनुसार नैनी झील की अधिकतम गहराई 27.15 मीटर यानी 89 फीट डेढ़ इंच है। जबकि 28 व 29 दिसंबर, 1998 में लोक निर्माण विभाग ने नैनी झील की नाप-जोख की थी, तब लोक निर्माण विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 25.80 मीटर यानी 84 फीट आठ इंच नापी थी। इन बीस सालों में झील की गहराई हैरतअंगेज तरीके से करीब साढ़े चार फीट कैसे बढ़ गई? झील की गहराई में करीब साढ़े चार फीट की यह कथित बढ़ोतरी यकीनन चौंकाने वाली है।

काबिल-ए- गौर यह है कि 1998 में नैनीताल नगर में मकानों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार के आसपास थी। 2018 तक यहां मकानों की संख्या तकरीबन दुगुनी हो गई थी। वर्तमान में यहां मकानों की संख्या 1998 के मुकाबले करीब ढाई गुनी से अधिक हो गई है। इसी अनुपात में जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। आज से एक सौ बरस पहले नैनी झील की अधिकतम गहराई 28.3 मीटर यानी 93 फीट आंकी गई थी। तब यहां कुल करीब साढ़े पांच सौ मकान थे और यहां की जनसंख्या ग्यारह हजार के आसपास थी। तब के मुकाबले आज यहां की आबादी छह गुना से अधिक बढ़ गई है। मकानों की संख्या में बीस गुना इजाफा हुआ है।

यदि बात पिछले ढाई दशकों की ही करें तो इस कालखंड में नैनीताल नगर में हजारों नए मकान बने। जनसंख्या में बेतहाशा उछाल आया है। पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। पिछले ढाई दशक के कालखंड में भवन और अन्य निर्माण गतिविधियों में निकला मिट्टी- मलबा और कूड़ा-करकट का कितना हिस्सा नालों के द्वारा झील के उदर में समाया, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग के कथनानुसार नैनी झील की गहराई 1998 के मुकाबले 2018 में घटने के बजाय आश्चर्यजनक रूप से करीब साढ़े चार फीट बढ़ गई है। यदि लोक निर्माण विभाग द्वारा 1998 में की गई नाप-जोख को दुरुस्त माना जाए तो नैनी झील की वर्तमान समय की अधिकतम गहराई को लेकर सिंचाई विभाग का दावा संशय और भ्रम उत्पन्न करता है।

## सूडोकु नवताल- 7645

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7644 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# आशुतोष चतुर्वेदी को केंद्रीय सूचना आयुक्त मनोनीत किए जाने से गौरवान्वित हुई झारखंड की पत्रकारिता

**विजय केसरी**

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, संपादक व स्तंभकार आशुतोष चतुर्वेदी को भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूचना आयुक्त मनोनीत किए जाने से इस प्रांत की पत्रकारिता गौरवान्वित है। यह झारखंड की पत्रकारिता के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड एक अलग प्रांत का गठन हो पाया था। झारखंड अलग प्रांत के संघर्ष में यहां की पत्रकारिता की महती भूमिका रही थी। झारखंड अलग प्रांत के लिए संघर्ष रत नेताओं से जुड़ी खबरों को यहां से निकलने वाले अखबारों ने बहुत ही प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। अखबारों ने झारखंड अलग प्रांत के औचित्य से संबंधित बातों को संपादकीय एवं अन्य कॉलम में प्रकाशित कर केंद्र सरकार, बिहार सरकार सहित राज्यवासियों को जगाने का काम किया था। आगे चलकर यही अखबार के कतरन बिहार विधानसभा, बिहार विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा में झारखंड अलग प्रांत के गठन के पक्ष में अपनी गवाही दे चुके हैं। सीमित संसाधनों के बीच रांची से हिंदी अखबारों का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था। अखबार जैसे व्यवसाय में कोई पैसा लगाना नहीं चाहता था। कई अखबार कुछ माह व साल चलकर बंद हो गए थे। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद झारखंड से हिंदी अखबारों का प्रकाशन रुका नहीं बल्कि कुछ ही सालों में पाठकों के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करने सफल रहे।

आज झारखंड की राजधानी रांची से लगभग पचास हिन्दी दैनिक अखबार प्रकाशित हो रहे हैं।? इसके अलावा रांची के विभिन्न जिलों से भी लगभग पन्द्रह हिंदी दैनिक अखबार निकल रहे हैं, जो पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। झारखंड से निकलने वाले तमाम हिंदी अखबार किसी भी मायने में राष्ट्रीय अखबारों की तुलना में कमतर नहीं है। देश-विदेश, राष्ट्रीय स्तर और खेल जगत की ताजातरीन खबरों से अखबार भरी रहती हैं। इन अखबारों का संपादकीय पृष्ठ भी राष्ट्रीय अखबारों के समतुल्य ही होता है। झारखंड से निकलने वाले अखबारों में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त स्तंभकार छापते रहते हैं। यहां से निकलने वाले अखबार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने में पूरी तरह सफल रहे हैं। आज इसी का परिणाम है कि भारत सरकार ने झारखंड से प्रकाशित होने वाले हिंदी दैनिक प्रभात खबर के संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को केंद्रीय सूचना आयुक्त नियुक्त कर एक बड़ी जिम्मेवारी दी है। निश्चित तौर पर यह मनोनयन झारखंड की पत्रकारिता की गरिमा को और भी मजबूती के साथ स्थापित किया है।

आशुतोष चतुर्वेदी का केंद्रीय सूचना आयुक्त के रूप में चयन सिर्फ एक व्यक्ति की उपलब्धि के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। यह उस पत्रकारिता की परंपरा की सार्वजनिक स्वीकृति है, जिसकी जड़ें झारखंड में गहराई तक फैली हुई हैं। झारखंड लंबे समय से उग्रवाद का दंश झेलता रहा है। ऐसा नहीं कि झारखंड से उग्रवाद समाप्त हो गया है।? समय-समय पर उग्रवादी घटनाएं लोगों को मर्माहत करती रहती हैं । इन तमाम विषम परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच झारखंड के पत्रकार अपनी जान को जोखिम में डालकर खबरों को अपने-अपने पत्रों के माध्यम से आमजन के बीच रखते हैं। झारखंड के पत्रकार अपनी जान की कीमत पर पत्रकारिता की विश्वसनीयता को बनाए रखे हैं। यह अपने आप में बड़ी बात है। आशुतोष चतुर्वेदी का केंद्रीय सूचना आयुक्त पद पर नियुक्ति ने एक बार फिर रांची को हिंदी पत्रकारिता के राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। रांची की धरती पर अखबारों के प्रकाशन के समय से ही पत्रकारिता की विश्वसनीयता को कायम करने में पूरी तरह सफल रहा है। झारखंड अलग प्राण गठन से लेकर प्रांत के चतुर्दिक विकास में भी इसकी अहम भूमिका रही है। झारखंड की पत्रकारिता निष्पक्ष और निर्भीक होने का कई बार प्रमाण दे चुकी है। सत्ता और नौकरशाही में व्याप्त लालफीताशाही के खिलाफ रांची की पत्रकारिता सदैव आज उगलती रही है। यही कारण है कि झारखंड की पत्रकारिता अपने निर्भीक और निष्पक्ष होने की पहचान केंद्रीय सत्ता तक पहुंचाने में सफल रही है।

इस प्रांत के लिए यह गर्व की बात है कि रांची महज एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि हिंदी पत्रकारिता की एक सशक्त प्रयोगशाला बन चुका है। लंबे समय तक इसे पत्रकारिता के नक्शे पर एक छोटे केंद्र के रूप में देखा जाता रहा था । लेकिन पिछले तीन दशकों में रांची ने बार-बार साबित किया है कि प्रतिभा किसी महानगर की मोहताज नहीं होती। सीमित संसाधनों, अपेक्षाकृत छोटे मीडिया बाजार और जटिल सामाजिक-भौगोलिक परिस्थितियों के बीच रांची ने ऐसी पत्रकारिता को जन्म दिया है, जिसकी गूंज राष्ट्रीय सत्ता और नीति-निर्माण के गलियारों तक सुनाई देती है। झारखंड सिर्फ खनिज संपदाओं से लदा एक मात्र प्रांत नहीं है बल्कि बौद्धिक रूप से भी संपन्न है। यहां के प्रतिभागियों ने संघ लोक सेवा आयोग सहित केन्द्रीय परीक्षाओं में हर साल अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करते रह रहे हैं । इन परीक्षाओं में सफल होने वाले प्रतिभागियों को प्रांत की पत्रकारिता से खुद को संवारने में बहुत मदद मिलती रही है। कई सफल प्रतियोगियों कथन है कि झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने उसे मंजिल तक ले जाने में बहुत मदद की।

झारखंड की पत्रकारिता की सबसे बड़ी पहचान उसका जमीनी चरित्र है। यहां पत्रकारिता सत्ता के बेहद करीब बैठकर नहीं, बल्कि समाज के भीतर उतरकर सवाल उठाने की परंपरा से विकसित हुई है। आदिवासी अधिकार, खनन और पर्यावरण, विस्थापन, गरीबी, भ्रष्टाचार और शासन की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर प्रांत के विभिन्न के पत्रकारों ने निरंतर, निर्भीक और तथ्यपरक काम किया है।

## दैनिक पंचांग

**16 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.38 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मकर | 08.43 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.29 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.02 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.33 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.13 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.40 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कन्या | 23.52 बजे से |
| | | तुला | 02.03 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.18 ब.से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 350 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी 23.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 14.10 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 13.23 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 10.39 बजे तदनन्तर तैतिल 23.58 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 19'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872560
**जूलियन दिन** 2461025.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 24
**विशेष** धनु संक्रांति, कृष्ण मत्स्य द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मंडल अध्यक्षों व प्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

**सिल्ली/मुरी :** सिल्ली एवं पतरातु मंडल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को केन्द्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं उनके प्रतिनिधि श्याम सुंदर महतो, जबकि पतराहातु मंडल अध्यक्ष भागीरथ महतो एवं उनके प्रतिनिधि सृष्टिधर प्रजापति उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही। कार्यक्रम में विधानसभा से विनय कुमार महतो उर्फ धीरज भी विशेष रूप से उपस्थित थे।केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को मजबूत करने का आह्वान किया।

### शराब पार्टी करने के आरोप में छह गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा स्थित एक फॉर्म हाउस में शराब पार्टी के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात अमरनाथ सिंह गिरोह से जुड़े छह सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं, जिनके पास से अवैध देशी पिस्तौल, जिंदा गोली, बाइक, कार और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में उलीडीह शंकोसाई निवासी अंकित शर्मा (34), अनिल कुमार (36), भोला कुमार उर्फ रवि कुमार (32), एमजीएम थाना क्षेत्र निवासी योगेंद्र कुमार प्रसाद (35), मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी माया कौर उर्फ निशा तथा सिदगोड़ा बारीडीह बस्ती निवासी सीता देवी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सभी आरोपित तुरियाबेड़ा फॉर्म हाउस में शराब पार्टी कर रहे थे और इसी दौरान पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें धर दबोचा। एमजीएम थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपित मानगो, उलीडीह और एमजीएम थाना क्षेत्र के कारोबारियों से रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे थे। ये लोग इलाके में भय, गुंडागर्दी और दहशत का माहौल बनाकर कारोबारियों को डराने का काम कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया है कि अंकित शर्मा, अनिल कुमार और योगेंद्र कुमार प्रसाद का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि समय रहते कार्रवाई कर पुलिस ने इनकी योजना को विफल कर दिया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### पलामू में 43.5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पलामू ;** झारखंड के पलामू जिले में घर पर प्रतिबंधित नशीले पदार्थ गांजे की खेती करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के ललगाड़ा गांव में छापेमारी कर 43.5 किलोग्राम कच्चा गांजा बरामद किया है। गांजा पांच प्लास्टिक और एक जूट के बोरे में भरकर रखा हुआ था। इस कार्रवाई में घर मालिक सह तस्कर जयराम उरांव को मौके से गिरफ्तार किया गया। लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मनोज झा ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात सूचना मिली थी कि जयराम उरांव के घर में कच्चा गांजा रखा हुआ है, जिसे सुखाकर बिक्री की तैयारी की जा रही थी। एसडीपीओ के अनुसार थाना प्रभारी आनंद राम, सहायक अवर निरीक्षक महताब आलम, रंजीत कुमार दियाशी, हवलदार छवि रविदास, जवान खुर्शीद आलम, अनिल टोपनो समेत अन्य पुलिसकर्मियों के साथ छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान बोरों में भरकर रखा कच्चा गांजा बरामद हुआ।

# रामगढ़ में बीएफसीएल के जहरीले प्रदूषण के खिलाफ जनता का आक्रोश, सड़क पर उतरे सैंकड़ों लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग लिमिटेड के प्रदूषण के खिलाफ हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे सैंकड़ों लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। भारी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए और कंपनी के साथ जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन रांची रोड इलाके में स्थित बीएफसीएल के खिलाफ था, जहां का हवा, पानी और मिट्टी प्रदूषित हो गया है। लोगों का आरोप है कि इस प्रदूषण के कारण सांस की बीमारियां, त्वचा रोग और अन्य गंभीर स्वास्थ्य




समस्याएं तेजी से फैल रही हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इतने लंबे समय से यह समस्या जारी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों के आश्वासन महज खानापूर्ति लगते हैं। लोगों ने मांग की है कि बीएफसीएल के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए और उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का अधिकार दिया जाए। प्रदर्शन में शामिल एक स्थानीय निवासी ने कहा, यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं बल्कि एक जीवन-मृत्यु का सवाल है। हम लोग अब सिर्फ आश्वासन नहीं बल्कि ठोस समाधान चाहते हैं। इस प्रदर्शन ने रामगढ़ जिले के लोगों की चिंता को उजागर किया है और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## मेंलैम्पस कार्यालय में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़:** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड़ एवं सितु लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया। सितु में मुखिया लक्ष्मी देवी एवं लेपाटाड़ लैम्पस में धान अधिप्राप्ति



केन्द्र का उद्घाटन मुखिया रागिनी उरांव,लैम्पस अध्यक्ष मंजू उरांव, प्रभारी प्रभात कुमार प्रामाणिक ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं अनिता देवी ने अपना धान बेचकर धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ किया। वहीं गोदाम प्रभारी प्रभात कुमार प्रामाणिक ने बताया कि आज से धान अधिप्राप्ति केन्द्र का शुभारंभ किया गया। किसानों को सरकारी दर 24.50 रुपए प्रति किलोग्राम के दर से धान का मुल्य दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को इस वर्ष धान अधिप्राप्ति केन्द्र का इंतेजार नहीं करना पड़ा । धान कटते ही धान अधिप्राप्ति केन्द्र का भी शुभारंभ हो गया। किसानों को औने-पौने दामों पर अपने धानों को बिचौलिए के हाथों में बेचना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो किसान अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराए हैं, वैसे किसान जल्द से जल्द अपना पंजीयन कराएं, ताकि अपने धान को लैम्पस के अधिप्राप्ति केन्द्र में बेच सकें। मौके पर लेखापाल शिशिर प्रामाणिक, असित प्रामाणिक,अमर नाथ यादव ,मनसाराम उरांव,सुदाम गोप,बसंत लाल गोप, महादेव कैवर्त, जगदीश प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

## ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** ओ०पी० जिंदल कम्युनिटी कॉलेज, पतरातू, रामगढ़ में आई०टी०आई० पास प्रशिक्षणार्थियों के लिए 13 दिसंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में 60 छात्राएं एवं छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी योग्यता और कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया में भाग लिया। प्लेसमेंट कैंप में सोनी ऑटो एलिट प्राइवेट लिमिटेड, जमशेदपुर के प्रतिनिधि सौरभ बनर्जी उपस्थित थे, जिन्होंने छात्रों का साक्षात्कार लिया और उनकी योग्यता का मूल्यांकन किया। सभी चयनित प्रशिक्षणार्थियों को जल्द ही ऑफर लेटर कंपनी के द्वारा प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने करियर की शुरूआत कर




सकें। प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू जी ने सबों को उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ओ०पी० जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के द्वारा जो भी प्लेसमेंट की सुविधा दी जाती है, उसमें भाग लेकर अपना भविष्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट कैंप छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वे अपने करियर की शुरूआत कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य महोदय ने छात्रों को अपनी योग्यता और कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वे हमेशा अपने लक्ष्यों के लिए प्रयास करें और सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर संस्थान के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## पतरातू में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन, किसानों को मिलेगा उपज का उचित मूल्य : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** विधायक रोशन लाल चौधरी ने पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र पालू पैक्स लिमिटेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी होगी और उन्हें उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों के लिए एक बड़ा कदम है और इससे उन्हें अपनी फसल का सही मूल्य मिल सकेगा।



उद्घाटन समारोह में जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया गिरजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, केन्द्रीय सदस्य अशोक पाठक, बृजेश सिंह, संतोष सिंह, पालू पैक्स के अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। सभी ने विधायक का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए एक बड़ी सुविधा है। इस अवसर पर विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी फसल का सही मूल्य पाने के लिए इस केंद्र का लाभ उठाएं और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ है और उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित, अपार आईडी व आभा आईडी पर विशेष जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** जयनगर परियोजना अंतर्गत सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत पूर्व में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा के साथ हुई। बैठक में अपार आईडी, आभा आईडी, एफआरएस, पोषण वाटिका तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। गौतम कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए। इसके लिए नियमित फील्ड विज़िट, सतत निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सीडीपीओ कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे पोषण अभियान, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लैंगिक समानता से जुड़े कार्यक्रम तथा आंगनबाड़ी सेवाओं—की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं कार्यालय कर्मियों को निर्देशित किया कि लाभुकों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें और निर्धारित लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के लिए समन्वय के साथ कार्य करें।गौतम कुमार ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता अत्यंत आवश्यक है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे और पात्र लाभुक किसी भी योजना से वंचित न रहें। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका अनीता कुमारी, सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार, भारत भूषण लाल तथा आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जामताड़ा से झारखंड में धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा वन-टाइम भुगतान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामताड़ा :** झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खरीफ विपणन मौसम 2025झ26 के तहत सोमवार को जामताड़ा जिले के एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान धान अधिप्राप्ति योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इसके साथ ही पूरे झारखंड राज्य में धान अधिप्राप्ति कार्य का विधिवत एवं एकसाथ शुभारंभ हो गया। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में धान अधिप्राप्ति की शुरूआत की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीद प्रक्रिया में बिचौलियों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलते ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि 2450 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था से राज्य का 07 लाख मीट्रिक टन धान क्रय लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां किसानों को धान अधिप्राप्ति के बाद वन-टाइम भुगतान मिलेगा। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जामताड़ा से राज्यव्यापी शुभारंभ कर एक नया इतिहास रचा गया है। डॉ. अंसारी ने कहा कि पूर्व में किसानों को धान बेचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और भुगतान 2-3 किस्तों में होता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। सरकार ने इन खामियों को दूर कर दिया है।

अब किसान जैसे ही धान विक्रय करेंगे, उसी समय राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगी। मंत्री ने किसानों एवं लैंपस सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सरकार धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और भरोसेमंद बना रही है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से लैंपस और किसानों के बीच जाकर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री इरफान अंसारी ने धान की कालाबाजारी, दूसरे राज्यों में अवैध बिक्री और बिचौलियों की भूमिका पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य का विकास तभी संभव है, जब किसान सशक्त होंगे। सरकार किसानों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि इस वर्ष 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से शत-प्रतिशत भुगतान एक बार में किया जाएगा। उन्होंने किसानों से बिचौलियों के झांसे में न आने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी बिचौलिए की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर किसानों, लैंपस सदस्यों सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा भारत मिशन ट्रस्ट के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया



**रामगढ़ :** नशा मुक्ति अभियान एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारत को नशे की लाहनत से मुक्त करना है। यह अभियान 15 अगस्त 2020 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था। युवा भारत मिशन ट्रस्ट ने भी इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।यह एक जन आंदोलन है जो युवाओं, महिलाओं और समुदायों को जोड़कर नशे के खतरों के प्रति जागरूक करता है। इसका फोकस खासतौर पर उच्च शिक्षा संस्थानों, युवा क्लबों और महिला समूहों पर है, ताकि हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज बना सकें। मुख्य उद्देश्य: 1. जागरूकता फैलाना: नशे के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को शिक्षित करना। 2. रोकथाम और समर्थन: नशे की लाहनत में फंसे लोगों की मदद करना और उन्हें पुनर्वास के रास्ते पर लाना।3. समुदाय की भागीदारी: समाज के हर वर्ग को इस मुहिम में शामिल करना, खासकर युवाओं को। यह अभियान तीन स्तरों पर काम करता है: 1. नशीले पदार्थों की आपूर्ति रोकना: नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर। 2. मांग कम करना: जागरूकता कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में अभियान, और समुदायों तक पहुंच। 3. सुधार और पुनवार्स: नशा मुक्ति केंद्र , काउंसलिंग, और मेडिकल सहायता। नशा मुक्ति अभियान के सिलसिले में आज पटेल चौक स्थित मार्गदर्शन इंस्टीट्यूट में संस्थान के निदेशक एवं जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डा. बी.एन. ओहदार और पवन कुमार सिंह, अध्यक्ष, युवा भारत मिशन के बीच नशामुक्ति के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ। ऐन वक्त में चितरपुर महाविद्यालय की प्राध्यापक सह शोधार्थी मीना मुंडा से भी नशामुक्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई।

### अमित कुमार साहू : एक सैनिक से सफल किसान की कहानी



**रामगढ़ :** अमित कुमार साहू एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी सेवा को एक नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया। आर्मी से रिटेड होने के बाद, उन्होंने अपनी खेती में नवाचार और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सफलता प्राप्त की है। उनकी खेती चांगडा में स्थित है, जहां वे विभिन्न प्रकार की फसलें उगाते हैं। अमित कुमार साहू ने अपनी आर्मी की सेवा के दौरान सीखे गए कौशल और अनुभव को अपनी खेती में लागू किया है। उन्होंने अपनी खेती में ड्रॉप इरिगेशन, मल्चिंग, और जैविक खाद का उपयोग किया है, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आर्मी की सेवा ने उन्हें अनुशासन, मेहनत, और नेतृत्व के गुण सिखाए हैं, जो उनकी खेती में बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। अमित कुमार साहू की खेती की एक और विशेषता यह है कि वे अपने खेत में पशुपालन भी करते हैं। उनके पास गाय का पालन है, जिससे उन्हें दूध का उत्पादन होता है। उन्होंने बताया कि पशुपालन से उन्हें अतिरिक्त आय होती है और उनकी खेती को भी फायदा होता है। अमित कुमार साहू की खेती की सफलता का एक और कारण यह है कि वे अपने उत्पादों को सीधे बाजार में बेचते हैं, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा होता है। उन्होंने अपने खेत में एक छोटा सा बाजार भी बनाया है, जहां वे अपने उत्पादों को बेचते हैं। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें अपने उत्पादों की कीमत तय करने में मदद मिलती है और उन्हें मिडलमैन के चंगुल से बचाया जा सकता है। अमित कुमार साहू की कहानी एक उदाहरण है कि कैसे एक सैनिक अपनी सेवा के बाद भी समाज में योगदान दे सकता है। उनकी खेती की सफलता को देखकर अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि वे आगे भी अपनी खेती में नवाचार और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सफलता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने चलाया नशा मुक्त अभियान

**रामगढ़ :** ट्रैफिक पुलिस ने सुभाष चौक पर नशा मुक्त अभियान चलाया, जिसमें लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताना और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने लोगों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक किया और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडे, एस आई सतीश कुमार, एस आई मुन्ना सिंह, एस आई मनोज कुमार सिंह, एस आई दिनेश कुमार और ए एस आई शंकर सिंह ने किया। उन्होंने लोगों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक किया और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है। इस अभियान के दौरान, पुलिस ने लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त जीवन जीने के लिए व्यक्ति को अपने आप को व्यस्त रखना चाहिए, अपने परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना चाहिए, और नशे से दूर रहना चाहिए। इस अभियान के परिणामस्वरूप, लोगों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ी है और वे नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित हुए हैं। रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस आगे भी नशा मुक्त अभियान चलाती रहेगी और लोगों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करती रहेगी।

### तिरुलडीह में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ पहले दिन 11 क्विंटल 15 किलो धान की खरीद



**कुकड़ू :** कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह पंचायत में आज से धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरूआत हो गई। केंद्र का उद्घाटन तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा ने किया। उद्घाटन के बाद कुकड़ू प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बखला ने भी केंद्र का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। धान अधिप्राप्ति केंद्र के पहले दिन कुल 11 क्विंटल 15 किलो धान की खरीद की गई। यह धान किसान अमानत हुसैन द्वारा बेचा गया। अधिकारियों ने बताया कि धान का भुगतान 48 घंटे के भीतर सीधे किसान के बैंक खाते में जमा कर दिया जाएगा। धान अधिप्राप्ति योजना के तहत किसानों को प्रति क्विंटल 2450 का एकमुश्त एवं त्वरित भुगतान किया जाएगा। किसानों को धान की बिक्री के लिए 4ॠी–ढऊ प्रणाली के माध्यम से आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही किसानों को धान बेचने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से स्लॉट बुकिंग करनी होगी, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जा सके। जिससे उन्हें बिचौलियों से मुक्ति और समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा।

## एक नजर

### पांच मोबाइल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**साहिबगंज** : राजमहल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया। उक्त बातों की जानकारी थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने दी। अपराधी के पास से पांच मोबाइल भी पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एसपी अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि शहर के शरण पार्क के पास साप्ताहिक रविवार हाट में भीड़ का फायदा उठाकर एक व्यक्ति जो ब्लू रंग का जैकेट पहना हुआ है जो मोबाइल चोरी करने के फिराक में है। छापेमारी करने से उक्त व्यक्ति को पकड़ने पर चोरी का मोबाइल बरामद किया जा सकता है। मामले की सत्यापन करते हुए पुलिस निरीक्षक, राजमहल प्रभाग के राजीव रंजन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया और छापेमारी दल के द्वारा जब उक्त स्थान पर पहुंचा तो देखा कि वह व्यक्ति पुलिस का गाड़ी देखकर भागने का प्रयास कर रहा था तभी छापेमारी दल के द्वारा दौड़ा कर उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति पवन चौधरी (35) जो तालझारी थाना क्षेत्र के पुराना भट्टा, महाराजपुर का रहने वाला है। तलाशी के क्रम में रियलमी, भीवो, सैमसंग, भीआई, टेकनो स्पार्क आदि कंपनी के तीन मोबाइल उसके पास से और उसके निशान दही पर दो मोबाइल उसके घर से कुल पांच मोबाइल और घटना में उपयोग किए गए लाल रंग का अपाची बाइक पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही थी। छापेमारी दल में थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, एस आई ओम प्रकाश चौहान, एसआई महादेव उरांव, एसआई विकास सेठ, राजेंद्र शर्मा, राजाराम महतो आदि सशस्त्र बल मौजूद थे।

### दो पक्षों में मारपीट, आठ लोग घायल

**साहिबगंज**: जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत लालमाटी गांव में सोमवार की सुबह धान की तैयारी के दौरान थ्रेशर मशीन, से उड़ रहे भूसे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों से कुल आठ लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष धान थ्रेशर मशीन से धान की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान मशीन से निकलने वाला भूसा दूसरे पक्ष के घर की ओर जा रहा था, भूसे की दिशा बदलने को लेकर हुए विरोध के बाद दोनों पक्षों में तनाव बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। घटना में प्रथम पक्ष से हिमांशु शेखर पिता ग्रीजेश मंडल, तारावती साह पति हिमांशु शेखर, सुधांशु शेखर, सम्पा कुमारी पति सुधांशु शेखर, चंचला देवी पति ग्रीजेश मंडल घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से दाढ़ीवल चौधरी, भगवान चौधरी पिता दाढ़ीवल चौधरी एवं अनीता चौधरी पति मोतीलाल चौधरी को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को परिजनों द्वारा अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉ. सादिक अंसारी ने सभी का प्राथमिक ईलाज किया। घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### साइकिल सवार दो लोग हुए घायल

**साहिबगंज**: बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर क्षेत्र के पाकुड़-बरहरवा मुख्य पथ पर स्थित भंगा पुल के पास रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट आने से साइकिल पर सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना में साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। साईकिल चालक बासुटोला निवासी राकेश बास्की ने बताया कि वह अपने छोटा भाई के साथ गुमानी बाजार से अपने घर लौट रहा था उसी क्रम में गुमानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक को देखकर साइकिल पर पीछे बैठा उसका भाई साईकिल से कुद गया। भाई के कुदने से साईकिल असंतुलित हो कर गिर गया। ट्रक साइकिल को रोदते हुये फरार हो गया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : एन.डी.एम. उच्च विद्यालय, बरहरवा में सोमवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निदेशानुसार मंथन संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षण पदाधिकारी चंदा कुमारी ने बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, आत्मरक्षा के कौशल सीखने तथा कठिन परिस्थितियों में साहस के साथ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम एवं शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु केवल सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, बालिकाओं की शिक्षा, वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उनके विरुद्ध हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करना है। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मो. इकबाल ने बताया कि वर्ष 2015 में भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत की गई थी, ताकि देश में लैंगिक भेदभाव की समस्या का समाधान किया जा सके और महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने छात्राओं को गुड टचझबैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया एवं किशोर न्याय अधिनियम (जे.जे.एक्ट) जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं पीएलबी पवन कुमार ने छात्राओं को एंटी साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी और बताया कि साइबर अपराध की किसी भी घटना की सूचना टोल फ्री नंबर 1930 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के विकास के लिए 82 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चक्रधरपुर** : पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर की शहरी क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 3 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को चक्रधरपुर की नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव उपस्थित थे। जहां विधायक सुखराम उरांव ने कुल 82 विकास योजनाओं का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि विभिन्न वार्ड के लोगों की मांग को देखते हुए विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा आगे भी जनहित को देखते हुए शहर के विकास के लिए विभिन्न कार्य किए जाएंगेमौके पर मौजूद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने कहा कि नगर क्षेत्र में जल-जमाव, सड़क, नाली और जलापूर्ति जैसी जनसमस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से इन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जिसमें विधायक निधि से 63 व नगर परिषद कार्यालय से 19 निविदा निकली गई थी।

## झारखंड में धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ किसानों को मिलेगा वन-टाइम भुगतान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जामताड़ा** : झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत सोमवार को जामताड़ा जिले के एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान धान अधिप्राप्ति योजना का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इसके साथ ही पूरे झारखंड राज्य में धान अधिप्राप्ति कार्य का विधिवत एवं एकसाथ शुभारंभ हो गया। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में धान अधिप्राप्ति की शुरूआत की गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीद प्रक्रिया में बिचौलियों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलते ही दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि 2450 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था से राज्य का 07 लाख मीट्रिक टन धान क्रय लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां किसानों को धान अधिप्राप्ति के बाद वन-टाइम भुगतान मिलेगा। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जामताड़ा से राज्यव्यापी शुभारंभ कर एक नया इतिहास रचा गया है। डॉ. अंसारी ने कहा कि पूर्व में किसानों को धान बेचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और भुगतान 2-3 किस्तों में होता था, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। सरकार ने इन खामियों को दूर कर दिया है। अब किसान जैसे ही धान विक्रय करेंगे, उसी समय राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच जाएगी।

## साहिबगंज में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण व मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर बैठक-सह-प्रशिक्षण आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : मतदान केंद्रों के युक्तिकरण, मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं मैपिंग से संबंधित कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज अनुमंडल कार्यालय, साहिबगंज के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 2-बोरियो विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, साहिबगंज की अध्यक्षता में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में मतदाता केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित पूर्व प्रेषित सभी प्रस्तावों की पुनः समीक्षा कर त्रुटिरहित प्रस्ताव तैयार करने, मैपिंग कार्यों में गुणवत्ता सुधार लाने तथा बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों के सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी नोडल/सहायक पदाधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ एवं संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटरों उपस्थित थे, तथा उन्हें कार्यों को समयबद्ध एवं सटीक रूप से निष्पादित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान निम्नलिखित प्रमुख एजेंडा पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं प्रशिक्षण दिया गया– मतदान केंद्रों का युक्तिकरण, ईआर-2003 का वर्तमान मतदाता सूची से मैपिंग, एएसडी सूची की तैयारी, एसआईआर, रोल में नाम की खोज, पहले से मैप किए गए मतदाताओं का सत्यापन, श्रेणी ए, सी, एवं डी, सूची की स्थिति की समीक्षा, पदाधिकारियों द्वारा सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, शुद्धता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अनुपस्थित रहे बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारी/पर्यवेक्षक से स्पष्टीकरण का निर्णय लिया गया। यह बैठक आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत रविवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मादक पदार्थ, मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल से जुड़े साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बारीडीह वर्कर्स फ्लैट के आसपास कुछ युवक अवैध मादक पदार्थों का कारोबार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय-01 के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पुलिस की गाड़ी को देखकर दो युवक मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बागुनहातू निवासी टिंकु लाल साहु उर्फ टिंकु लाल (25 वर्ष) और संतोष बागती उर्फ तेल (19 वर्ष) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान टिंकु लाल के पास से 23 पुड़िया ब्राउन शुगर, जिसका वजन 3.33 ग्राम है, और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। वहीं संतोष बागती के पास से 20 पुड़िया ब्राउन शुगर, वजन 1.53 ग्राम, एक मोबाइल फोन और बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम कार्ड मिला। मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि यह बाइक उन्होंने 30 नवंबर को बजरंग चौक से चोरी की थी। इस चोरी के मामले में सिदगोड़ा थाना में पहले से ही प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार टिंकु लाल साहु पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट और चोरी के मामलों में जेल जा चुका है तथा उसके खिलाफ सिदगोड़ा थाना में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बरामद सभी सामानों को विधिवत जब्त कर लिया है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में डीएसपी मुख्यालय-01 भोला प्रसाद, सिदगोड़ा थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# बीआरपी सीआरपी ने काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए मनाया विरोध सप्ताह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा** : जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में कार्यरत सभी बीआरपी सीआरपी के द्वारा आज काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। ज्ञात हो कि बीआरपी/सीआरपी महासंघ झारखण्ड प्रदेश द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के द्वारा आठ सूत्री मांगों के संदर्भ में पत्रांक 13/2025 दिनांक 24.11.2025 के माध्यम से एक पत्र भवदीय को सौंपा गया था, लेकिन 15 दिन पूरे होने को उपरांत राज्य परियोजना कार्यालय के द्वारा इन बिंदुओं पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, बाध्य होकर महासंघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की जिसके तहत सोमवार से आगामी दिनांक 20.12.2025 तक राज्य में कार्यरत सभी बीआरपी सीआरपी के द्वारा काला बिल्ला लगाकर कार्य किया जाएगा एवं विरोध सप्ताह मनाया जाएगा। वहीं आगामी दिनांक 22/12/2025 दिन सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय न्याय सभा सह धरना कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

**क्या है महासंघ की मांग**

EPF नियमावली के तहत मृत्यु लाभः एढक्रनियमावली लागू होने के बाद कई बीआरपी/सीआरपी की आकस्मिक मृत्यु हुई है, लेकिन उनके परिवार को नियमानुसार 6,00,000 का लाभ अब तक प्रदान नहीं किया गया है। अनुकंपा पर नियुक्तिः बीआरपीद्दसीआरपी संविदा नियमावली 2024 के अनुसार सेवा में कार्यरत बीआरपीसीआरपी की मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान है, परंतु यह प्रावधान अब तक लागू नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य बीमाः राज्य में अनेक बीआरपी / सीआरपी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। अतः उन्हें 5,00,000 की स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की जाए। सेवानिवृत्ति पर अनुग्रह राशिः वर्ष 2004 से लगातार सेवा दे रहे बीआरपी /सीआरपी लगभग 22 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद बिना किसी अनुग्रह राशि या सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा समाप्त कर रहे हैं, जिससे उनके शेष जीवन-यापन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। इसलिए 15 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके बीआरपी /सीआरपी को सेवानिवृत्ति पर 10,00,000 अनुग्रह राशि प्रदान की जाए। अर्जित अवकाश एवं ग्रेच्युटीः राज्य में कार्यरत सभी बीआरपी / सीआरपी को earned leave तथा ग्रेच्युटी का लाभ प्रदान किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि योजनाओं की प्रगति को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक



साहिबगंज: डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण एवं लाभुकों के चयन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा किसान समृद्धि योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीसी ने जिन प्रखंडों में एटीएम एवं बीटीएम की पदस्थापना नहीं है, वहाँ शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही एटीएम एवं बीटीएम को सक्रिय रूप से किसानों के बीच जाकर विभिन्न कृषि योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी के समक्ष विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से वर्षापात एवं आच्छादन प्रतिवेदन, बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, एनएफएसएनएम अंतर्गत प्रमाणित बीज वितरण, रसायन निबंधन, झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना, पीएम-आरकेवीवाई-पीडीएमसी, आरकेवीवाईझमृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना), किसान समृद्धि योजना, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, केसीसी, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना तथा बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषि पाठशाला शामिल रहे। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) मंटु कुमार सहित एटीएम एवं बीटीएम उपस्थित थे।

### अनुमंडल अस्पताल में एक्स-रे सेवा ठप, मरिज हो रहे परेशान




**साहिबगंज**: जिला के राजमहल अनुमंडल अस्पताल में सोमवार को रेडियोग्राफिक फिल्म की कमी के कारण एक्स-रे सेवा प्रभावित रही। इलाज करने पहुंचे मरीजों ने बताया कि डॉक्टर साहब ने मुझे एक्स-रे कराने के लिए लिखा है और अस्पताल में सुविधा चालू नहीं है। मजबूरन हम लोगों को अतिरिक्त खर्च और परेशानी का सामना करते हुए निजी जांच केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में समय पर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से इलाज में देरी हो रही है और बाहर महंगे दाम पर एक्स-रे कराना पड़ रहा है। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू ने बताया की रेडियोग्राफिक फिल्म की कमी के कारण एक्स-रे सेवा प्रभावित रही है। जैसे ही फिल्म की आपूर्ति हो जाएगी एक्स-रे की सुविधा बहाल कर दी जाएगी।

### कन्हैया अग्रवाल बने साकची के मंडल अध्यक्ष



**पूर्वी सिंहभूम**: साकची में सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सौरव ओझा ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ पवन पांडेय उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ पवन पांडेय ने कहा कि पार्टी की ओर से प्रत्येक मंडल से लेकर वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। मजबूत राजनीतिक संगठन के माध्यम से ही पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पार्टी फिर से अपनी राजनीतिक शक्ति को एकजुट कर उसे बढ़ाए और झारखंड में सत्ता तक पहुंचने का प्रयास करे, ताकि पार्टी अपनी नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप विकास कार्य कर सके। उन्होंने आगामी झारखंड में होने वाले 48 नगर निकाय चुनावों में पूरी मजबूती के साथ भाग लेने, सभी पदों पर सशक्त उम्मीदवार उतारने और संगठनात्मक ताकत बढ़ाने का आह्वान किया। इस दिशा में संगठन को और अधिक सशक्त कर पार्टी ने साकची के कन्हैया अग्रवाल को साकची मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्हें 15 दिनों के भीतर 21 सदस्यीय मंडल कमेटी का गठन कर उसकी सूची जिला कमेटी को सौंपने का निर्देश दिया गया। बैठक में सौरव ओझा, जितेंद्र मिश्रा, तन्मय सरकार, अनवर हुसैन, विनोद सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवक को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत




**पश्चिमी सिंहभूम**: पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कादोकोड़ा गांव में सोमवार सुबह एक दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घर के बाहर धूप सेंक रहे एक युवक को ट्रैक्टर ने पीछे करते समय कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कादोकोड़ा आदिवासी टोली निवासी 28 वर्षीय गोलक नायक उर्फ हरिओम नायक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हरिओम सुबह अपने घर के बाहर बैठा था, तभी ट्रैक्टर चालक ने वाहन को बैक किया और युवक उसकी चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर जगन्नाथपुर थाना प्रभारी अविनाश हेंब्रम दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जीविका दीदियों के 2 लाख-मुफ्त योजनाओं के पैसे वसूलेगी सरकार

## सर्किल रेट दो गुना तक बढ़ाने की तैयारी, घर बनाना होगा महंगा, बिजली के रेट बढ़ेंगे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नीतीश सरकार ने बिजली मुफ्त (125 यूनिट तक) की, जीविका दीदियों को 10-10 हजार रुपए दिए। अब 2-2 लाख रुपए देने हैं। सरकार ने मुफ्त की योजनाओं के लिए पैसा जुटाने का खास प्लान बनाया है। सरकार के नए प्लान के मुताबिक, बिजली, जमीन खरीदना, घर बनाना तक महंगा हो सकता है। नए साल से सरकार सर्किल रेट दोगुना करने जा रही है। अवैध खनन पर सख्ती की जा रह है, जिससे बालू की कीमत बढ़ सकती है। सरकार ने शीतकालीन सत्र में 91 हजार 717 करोड़ रुपए का सप्लीमेंट्री बजट पास कराया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए 21 हजार करोड़ रुपए, 125 यूनिट फ्री बिजली के लिए 6462 करोड़ रुपए और बुजुर्गों को पेंशन देने के लिए 1885.65 करोड़ रुपए रखे। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 2-2 लाख रुपए देने हैं। गयाजी, भागलपुर, दरभंगा और सहरसा में एयरपोर्ट बनाने पर 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह बच्चों की पढ़ाई के लिए 4,196.89 करोड़ रुपए और दूसरी योजनाओं के लिए पैसे चाहिए। इन जरूरतों को पूरी करने के लिए सरकार कमाई बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। 125 यूनिट बिजली फ्री करने से बिहार के 1.89 करोड़ परिवारों को लाभ मिल रहा है। सरकार हर माह करीब 2.36 अरब यूनिट बिजली की सब्सिडी दे रही है। अब बिजली कंपनियों ने बिहार में घरेलू, किसान और उद्योगों सहित सभी तरह की श्रेणी की बिजली की दर 35 पैसे प्रति यूनिट महंगा करने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर बिहार विद्युत विनियामक आयोग 6 जनवरी से जनसुनवाई करेगी और फैसला लेगी। सुनवाई में आमलोग भी अपनी राय दे सकते हैं। बिजली कंपनियों ने दिया ये प्रस्ताव घरेलू बिजली- घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर 7.42 रुपए से बढ़ाकर 7.77 रुपए प्रति यूनिट किया जाए। 100 यूनिट से ज्यादा खपत पर 1.18




रुपए प्रति यूनिट की छूट का भी प्रस्ताव दिया गया है। इस समय सब्सिडी के बाद ग्रामीण इलाके में 2.45 रुपए प्रति यूनिट और शहरी इलाके में 5.52 रुपए प्रति यूनिट है। किसानों के लिए बिजली- सिंचाई के लिए दी जानी वाली बिजली 6.74 रुपए प्रति यूनिट से बढ़ाकर 7.09 प्रति यूनिट की जाए। सब्सिडी के बाद 55 पैसे प्रति यूनिट देना होता है। उद्योग और व्यवसाय के लिए बिजली- छोटे उद्योगों के लिए बिजली की दरें 7.79 रुपए प्रति यूनिट से बढ़ाकर 8.14 रुपए प्रति यूनिट की जाए। अन्य औद्योगिक/व्यावसायिक उपयोगों के लिए भी बिजली महंगी करने का प्रस्ताव दिया गया है। पटना, बेगूसराय और गया में होगी जन सुनवाई बिजली कंपनियों के प्रस्ताव पर आयोग ने लोगों से राय मांगी है। 6 जनवरी, 12 जनवरी, 19 जनवरी और 5 फरवरी को पटना, बेगूसराय और गया में जन सुनवाई होगी। इसके बाद अंतिम फैसला होगा। साफ है कि बिजली कंपनियों के प्रस्ताव के बाद आयोग उसे मंजूरी देता है तो सभी के लिए बिजली महंगी होगी। इसमें कुछ छूट का भी प्रावधान रखा जा सकता है। आपकी जेब पर कितना असर पड़ेगा? बिहार में वर्तमान में घरेलू इस्तेमाल के लिए बिजली की दरें 1.97 रुपए प्रति यूनिट से लेकर 5.52 रुपए प्रति यूनिट है। BPL परिवार द्वारा अगर 125 यूनिट से अधिक बिजली खर्च की जाए तो उन्हें 125 यूनिट के बाद की बिजली पर 2.45 रुपए प्रति यूनिट की दर से पैसे देने होते हैं। गांव के लोग अगर 125 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करें तो 2.45 रुपए प्रति यूनिट पैसे देते हैं। शहर में रहने वाले लोग 125 यूनिट से अधिक खर्च करने पर 5.52 रुपए प्रति यूनिट पैसे देते हैं। अगर एक व्यक्ति गांव में रहता है। उसने 200 यूनिट बिजली एक महीने में खर्च की तो 75 यूनिट बिजली के पैसे देने होंगे। बिल 184 रुपए (75७2.45 रुपए) का आएगा। अगर बिजली की दर 35 पैसे प्रति यूनिट बढ़ जाती है तो बिल 210 रुपए आएगा। मतलब 26 रुपए ज्यादा। इसी तरह अगर एक व्यक्ति शहर में रहता है और एक महीने में 200 यूनिट बिजली खर्च करता है तो उसे 75 यूनिट के पैसे देने होते हैं। बिल 414 रुपए (75 ७ 5.52) आएगा। अगर बिजली की दर 35 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा दी जाती है तो बिल 440 रुपए (75 ७ 5.87) का आएगा। मतलब 26 रुपए ज्यादा। इसके साथ ही एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज और दूसरे शुल्क ऊपर से देने होंगे। रजिस्ट्रेशन विभाग ने 2024-25 में आमदनी के अपने लक्ष्य 7500 करोड़ रुपए को हासिल कर लिया है। अब सरकार की कोशिश जमीन की खरीद-बिक्री से और अधिक पैसे पाने की है। सरकार ने जमीन के रिकॉर्ड, खाता, खेसरा, जमाबंदी आदि सुधारने का अभियान तेज कर दिया है। सरकार चाहती है कि जमीन से संबंधित विवादों और गड़बड़ियों का समाधान तेजी से हो। जमीन का रजिस्ट्रेशन सरकार के लिए राजस्व का बड़ा जरिया है। अभी राज्य में जमीन का सर्वे चल रहा है। इसके बाद जमीन का रेट फिर से तय होगा। पहले चरण में 961 गांवों में सर्वे हो गया है।

## गोलू पर जानलेवा हमले के मामले में FIR



**भोजपुर।** के भकुरा गांव में श्राद्धकर्म के दौरान युवक को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। धोबहा के दरियापुर गांव निवासी हरिओम सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। घायल सुजीत सिंह उर्फ गोलू सिंह ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पत्नी का हरिओम सिंह से अफेयर है। अवैध संबंध का विरोध करने पर उसने मेरे पर हत्या करने की नीयत से गोली चलाई। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने बताया कि शनिवार की शाम अपने दोस्त राहुल सिंह के दादा के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए भकुरा गांव गया था। साथ में मेरा दोस्त अभिषेक उर्फ गुलशन भी मौजूद था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद करीब सौ मीटर दूर अपनी बाइक लेने गया, तभी आरोपी हरिओम सिंह विपरीत दिशा से अचानक पहुंचा। पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली मुझे लग गई। मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गोली लगने के बाद दोस्त ने अस्पताल पहुंचाया। आरोपी हरिओम सिंह मेरे मामा के गांव का रहने वाला है। पिछले तीन साल से पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। इसी वजह से उसने जानलेवा हमला किया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि घायल और आरोपी पहले आपस में दोस्त थे। सहार थाना क्षेत्र के एक ही बालू घाट की कंपनी में साथ काम करते थे। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बाइक पर बैठने से किया मना, प्लंबर मिस्त्री को पीटा



**पटना।** के प्लंबर मिस्त्री और उसके सहयोगी के साथ मारपीट हुई है। पीड़ित मिस्त्री पवन (21) के अनुसार वे भवन निर्माण विभाग के आवास नंबर-15 अपूर्वा अपार्टमेंट के पास एक मकान में मोटर ठीक करने गए थे। बाइक सामुदायिक भवन के पास खड़ी की थी। बगल में सीढ़ी थी, उसी पर बैठे थे। मेरा सहयोगी भी साथ बैठा था। इसी एक एक शख्स आया और मेरी बाइक पर बैठ गया। उसे मैंने बाइक से उतरने का आग्रह किया, लेकिन वो गाली-गलौज करने लगा। गुस्से में मेरा कॉलर पकड़ा और मुझे सड़क पर पटक दिया। मेरा सिर फट गया। पीड़ित पवन फुलवारीशरीफ का रहने वाला है। थानेदार प्रमोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पीड़ित की ओर से आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर FIR दर्ज कर ली गई है। आरोपी गर्दनीबाग का रहने वाला है। पहचान हो गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जांच में गड़बड़ियां पकड़ी, क्लीनिक संचालक ने डॉक्टर को पीटा

**औरंगाबाद।** में एक चिकित्सक ने सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर श्याम कुमार पर हमला कर दिया। रविवार देर शाम डॉक्टर श्याम शहर के दानी बिगहा स्थित अपने निजी क्लीनिक में बैठे थे। तभी निजी क्लीनिक के संचालक डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा पहुंचे। उनके हाथ में फाइटर था। जिससे उन्होंने हमला कर दिया। जिससे डॉक्टर श्याम घायल हो गए। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। डॉ. श्याम कुमार ने बताया कि डॉ. अरुण कुमार मिश्र साईं कंपलेक्स में निजी क्लीनिक चलाते हैं। क्लीनिक की जांच की गई थई। पता चला कि वे एमबीबीएस, एमडी की डिग्री के नाम पर क्लीनिक चला रहे थे,



जबकि उनकी वास्तविक शैक्षणिक योग्यता बीडीएस पाई गई। इसके अलावा क्लीनिक के पंजीकरण में भी कई तरह की गड़बड़ियां पाई गईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया और क्लीनिक को बंद करने का आदेश दिया गया। इसी कार्रवाई से आक्रोशित होकर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने रविवार की शाम आए और हमला कर दिया।डॉ. श्याम कुमार ने बताया कि हमलावर ने मेरा गला दबाकर जान से मारने का भी प्रयास किया। शोर मचाने पर क्लीनिक के स्टाफ और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उन्हें हमलावर के चंगुल से छुड़ाया।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी चिकित्सक को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस दौरान आक्रोशित लोगों ने आरोपी डॉक्टर की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह भी जख्मी हो गया।

नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी चिकित्सक को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घायल सदर प्रभारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले में लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## ज्वेलर्स के परिवार को बंधक बनाकर 66 लाख की डकैती

**जमुई।** के सिकंदरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात 1 बजे हथियारबंद ज्वेलर को बंधक बनाकर 66 लाख रुपए की डकैती हुई है। अपराधियों ने विरोध करने पर बेटी के अपहरण की भी कोशिश की। डर के मारे परिवार सहमा हुआ है। घटना महादेव सिमरिया बाजार स्थित शकुंतला ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान की है। करीब 12 की संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने लोहे की रॉड से दुकान का शटर उठाया और अंदर घुस गए। व्यवसायी मुकेश ठठेरा के विरोध करने पर लुटेरों ने घर के सदस्यों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने दुकान से 6 लाख रुपए कैश और 60 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के गहने लूट लिए। कुल मिलाकर लगभग 66 लाख रुपए की संपत्ति लूटी गई।मुकेश कुमार साव ने बताया कि, मैं 30 साल से महादेव सिमरिया बाजार पाठकचक रोड में घर बनाकर



रह रहा हूं। घर के आगे ही शकुंतला ज्वेलर्स के नाम से दुकान चला रहा हूं। रविवार रात करीब 12 बजे शटर तोड़कर 12 की संख्या में अपराधी घर में घुस गए। उस वक्त हम सोए हुए थे। अपराधियों ने परिवार के बाकी लोगों के सिर पर बंदूक तान दी। 2 घंटे तक लूटपाट की। इस दौरान परिवार के लोगों के साथ मारपीट भी की गई। अपराधी घर और दुकान में रखे 6 लाख 40 हजार कैश और 400 ग्राम सोना, 50 किलो चांदी को लूटकर भाग गए। ज्वेलर की पत्नी रेणु देवी ने बताया कि, हम सभी लोग पलंग पर सोए थे। तभी तीन-चार बदमाश उसके पास पहुंचे और कंबल को उठाकर हथियार सटा दिया और कहा कि जल्दी से बताओ सोना चांदी कहां है। रुपए कहां है नहीं तो तुम्हारी बेटी को उठा कर ले जाएंगे।ञ्च जिस कारण हम लोग डर गए और जहां भी सोने चांदी और रुपए थे अपराधियों को बता दिया। मैंने जो गहने पहने थे वो भी उन्होंने उतरवा लिए। सभी ने अपने चेहरे ढंके हुए थे। मैं उनमें से कुछ लोगों की आवाज पहचानती हूं। अपराधियों ने एक युवती का अपहरण करने का भी प्रयास किया, लेकिन व्यवसायी के विरोध के कारण वे इसमें सफल नहीं हो पाए और मौके से फरार हो गए। भागते समय लुटेरे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन सिकंदरा थाने की पुलिस 5 घंटे बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी देखी जा रही है। पूरा परिवार रात के खाने के बाद सोने के लिए अपने-अपने कमरों में चला गया। बच्चे सर्दी होने के कारण थोड़ा पहले ही सोने जा चुके थे। रात 12 से 2 बजे का समय रहा होगा। एक दर्जन नकाबपोश अपराधी जमुई के सिकंदरा थाना क्षेत्र के महादेव सिमरिया के शकुंलता ज्वेलर्स व घर में दाखिल हुए। घर में घुसने की पूरी योजना उन्होंने ने पहले ही बना ली थी। घर में घुसते ही दंपती के माथे पर तमंचा सटा दिया और बोले-कहां रखा है सोना-चांदी बताओ नहीं तो तुम्हारी बेटी को उठा ले जाएंगे। ऐसे में एक पिता के सामने क्या ही विकल्प बच जाते हैं। अपने परिवार के साथ घर को लुटते देखने के अलावा वो कर भी क्या सकते थे। नकाबपोश एक-एक कर के कमरों में दाखिल हो रहे थे।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने नितिन नबीन

**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को भाजपा के पार्लियामेंट्री बोर्ड के इस फैसले की जानकारी राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने दी।बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गई है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे। दिल्ली बीजेपी दफ्तर में लंच को लेकर लिट्टी-चोखा, पूड़ी सब्जी, दही-चूड़ा और मखाने की खीर बनाई जा रही है।भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं। माना जा रहा है कि नितिन नबीन को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। बीजेपी की ऐसे ही परंपरा रही है।नितिन नबीन दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं।वो यहां से सीधे बीजेपी दफ्तर जाएंगे। यहां उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा, श्मेरी ओर से नितिन नबीन को बहुत-बहुत बधाई। वे सुयोग्य, युवा हैं, संगठन के साथ सरकार का भी अनुभव है। पार्टी को वे आगे बढ़ाएंगे यही कामना है। दिल्ली पहुंचने के बाद बीजेपी मुख्यालय में नितिन नबीन मेन गेट से अंदर जाएंगे। उसके बाद जेपी नड्डा उनको रिसीव करेंगे। ग्राउंड फ्लोर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कक्ष में नितिन





नबीन पदभार संभालेंगे। दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में बिहारी डिश की व्यवस्था की गई है। पूड़ी सब्जी, मखाने की खीर, दही चूड़ा और तिलकुट की व्यवस्था की गई है।

बीजेपी के नए कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन थोड़ी देर में दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दिल्ली जाने से पहले नितिन नवीन के आवास पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई है। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन आज दिल्ली जाएंगे। दिल्ली बीजेपी दफ्तर में उनके स्वागत की भव्य तैयारी की गई है।भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी वही संभालेंगे। वहीं, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने कहा- यह पार्टी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है और मेरा मानना है कि कार्यकर्ता के रूप में काम करने से पार्टी के वरिष्ठ नेता हमेशा इस पर ध्यान देते हैं। बांकीपुर से बीजेपी विधायक और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन पर 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके पास 92.71 लाख रुपए की चल संपत्ति है। अचल संपत्ति नहीं है। नितिन नवीन की पत्नी दीपमाला श्रीवास्तव के पास 66.52 लाख रुपए की चल और 1.47 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को आज सुबह 8.25 की फ्लाइट से दिल्ली रवाना होना था, लेकिन उनकी फ्लाइट 2 घंटे लेट हो गई है। अब वो 10.25 की फ्लाइट से दिल्ली रवाना होंगे। नितिन नबीन ने कहा कि पिता जी के निधन के बाद पार्टी ने मुझे मौका दिया। कार्यकताओं के साथ काम सीखते हुए हम इस स्थान पर पहुंचे हैं। पिता जी के जो विचार थे। पार्टी को हमेशा आगे मां के सामान समझना। देश को ऊंचाई पर रखना। उसी आधार पर हमलोगों ने काम किया है। मैं पिता जी को नमन करता हूं। उनके सम्मान को बढ़ाने का प्रयास करूंगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में 4 दिनों तक छाया रहेगा घना कोहरा



**पटना।** बिहार में लगातार ठंड बढ़ रही है। इसके साथ ही सुबह-सुबह घना कोहरा छाए रहने से विजिबिलिटी कम दर्ज हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बक्सर, बेगूसराय, आरा, पटना समेत कई जिलों में विजिबिलिटी कम है। बक्सर में 20 मीटर की विजिबिलिटी है। कोहरे की वजह से यहां कार और ट्रक में टक्कर हो गई। सभी कार सवार सुरक्षित हैं। कार पर स्वास्थ्य विभाग का स्टीकर लगा हुआ है। सभी बनारस से लौट रहे थे। अगले तीन से चार दिनों तक सुबह के समय राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा। विजिबिलिटी के 150 से 200 मीटर के आसपास बने रहने की संभावना है। साथ ही 8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज सबसे ठंडा जिला रहा। जबकि पटना का तापमान 14 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 0.5 से 1.5 डिग्री तक का उतार-चढ़ाव दर्ज की गई है। इसके अलावा, पटना में अदकलेवल 151 से 333 तक पहुंच गया है। पटना एयरपोर्ट और वेटनरी मैदान के आसपास की हवा लगातार खराब हो रही है।हावड़ा से प्रयागराज रामबाग 12333 विभूति एक्सप्रेस 4 घंटे 20 मिनट की देरी से चल रही है। ई दिल्ली जंक्शन से हावड़ा 12304 पूर्वा एक्सप्रेस 1 घंटे 40 मिनट की देरी से चल रही है।बरौनी से दानापुर जंक्शन चलने वाली गाड़ी नंबर 63217 30 मिनट की देरी से चल रही है।आने वाले समय में कैसा रहेगा मौसममौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और भी बढ़ सकती है। दिन में हल्की धूप निकलने से तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सलाह दी है कि वे सुबह-शाम ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। खासकर बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखें।बक्सर जिले के चौसा में सोमवार की सुबह धुंध के कारण ट्रक से कार की टक्कर हो गई। सभी कार सवार सुरक्षित हैं। कार पर बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग लिखा हुआ है। सभी बनारस से लौट रहे थे। मधेपुरा में आज मौसम साफ है। घना कुहासा नहीं है, लेकिन कनकनी महसूस हो रही है। विजिबिलिटी 200 मीटर है। न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस है।

### एफसीआई के रिटायर्ड कर्मी के घर में चोरी



**पटना।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अगवानपुर पंचायत स्थित ललितपुर गांव में एफसीआई के सेवानिवत्त कर्मी के बंद घर से लाखों रुपए की चोरी हो गई। सोमवार सुबह जब परिवार घर पहुंचा, तो उन्हें चोरी का पता चला। चोरों ने घर से सोने-चांदी के गहने, कीमती बर्तन, नए कपड़े और नगदी चुरा ली। परिवार ने बताया कि वे मुगलसराय में रहते हैं और कभी-कभी ही गांव आते हैं। सोमवार सुबह करीब 5 बजे जब वे ललितपुर स्थित अपने घर पहुंचे, तो बाहर से घर बंद था, लेकिन अंदर कमरे का दरवाजा खुला मिला। चोरों ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।सेवानिवत्त कर्मी के परिजनों के अनुसार, वे लगभग 20 दिन पहले यहां आए थे और उसके बाद घर में ताला लगाकर चले गए थे। निरंजन नामक एक परिजन ने बताया कि चोरी पिछले 20 दिनों के अंतराल में हुई है। उन्होंने लगभग ढाई लाख रुपए की चोरी का अनुमान लगाया है। मौके से चोरों का एक मफलर भी बरामद हुआ है। सुंदरी देवी ने बताया कि चोर कांसा, पीतल और चांदी के बर्तन, सोने-चांदी के गहने, कपड़े और 15-20 हजार रुपए नगद ले गए हैं। परिजन ने घटना की जानकारी डायल-112 को दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पटना में जमीन विवाद पर फायरिंग, एक गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ।** पटना के बेउर में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर गोलीबारी की घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक लाइसेंसी बंदूक और तीन खाली खोखे बरामद किए गए हैं। यह घटना रविवार को बेउर थाना क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी में हुई। पीड़ित कृपानंद सिंह अपनी जमीन की बाउंड्री देखने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके पड़ोसी रामजीवन कुमार ने उनसे गाली-गलौज की और अपने घर की छत से अपनी लाइसेंसी बंदूक से तीन राउंड फायरिंग की।गोलीबारी में किसी के हताहत नहीं हुई इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। घटना के बाद कृपानंद सिंह ने बेउर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी रामजीवन कुमार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के दौरान पुलिस ने रामजीवन कुमार की डीबीबीएल बंदूक और तीन खाली खोखे जब्त किए। फुलवारी शरीफ के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुशील कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### पटना में मिला बच्चे का कटा हुआ पैर

**पटना।** के दीघा इलाके के कुर्जी मोड़ के पास रविवार को एक लावारिस बच्चे का पैर नाला से मिला है। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। दरअसल, आवारा कुत्ते कुर्जी मोड़ के पास नाले में पड़े पैर को ट्रैफिक पुलिस के चेकपोस्ट के करीब लाकर नोच रहे थे। इसी बीच वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ी, और देखते देखते भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने कुत्तों को भगाया। इसके बाद राहगीरों में से किसी एक ने पुलिस को इन्फॉर्म किया। जिसके बाद दीघा थाने की पुलिस वहां पहुंचीं। बच्चे की बॉडी के लिए चला सर्च ऑपरेशन इलाके में पहले बच्चे की बॉडी के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। चेक पोस्ट से लेकर गंगा नदी के घाट तक तकरीबन डेढ़ घंटे तक पुलिस बॉडी की तलाश में खाक छानती रही। लेकिन पैर के अलावा बॉडी नहीं मिली।

# शरीर की थकान और असंतुलन का संकेत देते हैं डार्क सर्कल्स



जिद्दी डार्क सर्कल्स (काले घेरे) से कई लोग परेशान रहते हैं। कई लोगों का मानना है कि डार्क सर्कल्स बढ़ती उम्र की निशानी होते हैं, लेकिन डार्क सर्कल्स केवल आंखों की त्वचा की समस्या नहीं हैं, बल्कि शरीर की थकान और असंतुलन का संकेत देते हैं। शरीर की थकावट का सीधा असर आंखों पर पड़ता है और काले घेरे बनने शुरू हो जाते हैं। डार्क सर्कल्स को वात और पित्त के असंतुलन से जोड़कर देखा गया है। शरीर में वात और पित्त के असंतुलन, रस धातु की कमी, रक्त की अशुद्धि, पाचन शक्ति का कमजोर होना और अत्याधिक तनाव लेने से आंखों के नीचे काले घेरे बनने शुरू हो जाते हैं। खराब जीवनशैली और गंदा खान-पान भी इसके मुख्य कारण हैं। आयुर्वेद में डार्क सर्कल्स को कम करने के प्रभावी तरीके बताए गए हैं।

डार्क सर्कल्स का सीधा संबंध शरीर के हाइड्रेशन से होता है। डार्क सर्कल्स ना हों इसके लिए पूरे दिन खूब सारा पानी पीएं और शरीर को अंदर से साफ रखें। पेशाब के जरिए शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और शरीर फिल्टर होना शुरू कर देता है। आंखों और चेहरे के निखार के लिए पेट का साफ होना भी जरूरी है। आंतों में फंसी गंदगी शरीर के कई रोगों का कारण बनती है। इसके लिए सुबह खाली पेट आंवला का रस या आंवला चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर गर्म पानी के साथ लें। इससे पेट साफ रहेगा ।

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए बाहरी उपाय भी जरूरी हैं। इसके लिए मुलेठी, मंजिष्ठा, गुलाब की पत्तियां और मीठे बादाम के तेल को एक साथ गर्म कर लें और इस मिश्रण को छानकर एक शीशी में भर लें। रात के समय सोने से पहले इस तेल से आंखों के आस-पास मसाज करें। मसाज सर्कुलर मोशन में करें। इससे धीरे-धीरे डार्क सर्कल्स कम होने लगेंगे। इसके अलावा रात के समय ही देसी घी में दो बूंद गुलाब जल मिलाकर भी आंखों के आस-पास मसाज की जा सकती है। इससे आंखों की थकान कम होगी, रक्त संचार बढ़ेगा और झुर्रियां भी कम होंगी।इसके साथ ही पूरी नींद लेना जरूरी है। कम से कम 7 घंटे की नींद जरूरी लें और बेवजह के तनाव से बचें। तनाव की वजह से पेट, मन और मस्तिष्क तीनों बुरी तरीके से प्रभावित होते हैं।

# गर्म मोजे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं या सिर्फ भ्रम? फिजीशियन ने खोला राज, जानें सच्चाई



क्या गर्म मोजे वास्तव में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाते हैं? फिजीशियन बताते हैं कि गर्म मोजे सीधे तौर पर रक्त संचार नहीं बढ़ाते, बल्कि ठंड में शरीर द्वारा रक्त वाहिकाओं को संकुचित करने से रोककर अप्रत्यक्ष रूप से इसे बेहतर बनाए रखते हैं, खासकर कमजोर ब्लड सर्कुलेशन वाले लोगों और डायबिटिक मरीजों के लिए।

सर्दियों के दौरान सबसे ज्यादा ठंडे हमारे पैर रहते हैं। ठंड के मौसम में अचानक से पैर एकदम ठंडे हो जाते हैं। इसके पीछे डायबिटीक न्यूरोपैथी में होने वाली जलन से लेकर सुन्नपन तक, हमारे पैरों की सेहत हमारे पूरे शरीर की सेहत से गहराई से जुड़ी होती है। इस मौसम में ठंडे पैरों को गर्म रखने के लिए अक्सर लोग घर के अंदर भी गर्म मोजे पहनना पसंद करते हैं। कई लोगों को मानना होता है कि पैरों को गर्म रखने के लिए खून का प्रवाह अपने आप तेज हो जाता है। हालांकि, कुछ लोगों को मानना है कि यह केवल एक मिथ है और गर्म मोजे पहनने से सर्कुलेशन पर कोई असर नहीं दिखता है। आइए आपको बताते हैं पूरी सच्चाई क्या है?

क्या गर्म मोजे पहनने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है?

हेल्थ एक्सपर्ट ने मोजे सीधे तौर पर रक्त संचार को नहीं बढ़ाते, लेकिन वे कई तरीकों से इसे बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं। ठंड बढ़ने पर शरीर रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, जिससे पैरों में रक्त प्रवाह कम हो जाता है। ऐसे में गर्म मोजे शरीर से निकलने वाली गर्मी को रोकते हैं, जिससे ब्लड वैसेल्स के अत्यधिक संकुचन की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस तरह वे अप्रत्यक्ष रूप से रक्त संचार को संतुलित रखने में सहायक होते हैं। इसलिए ठंड के मौसम में गर्म मोजे एक प्रकार के थर्मल प्रोटेक्शन की तरह काम करते हैं।

गर्म मोजे पहनने के फायदे

– गर्म मोजे पहनने से कई फायदे तो जरुर मिलते हैं, जैसे कि– जिन लोगों का ब्लड सर्कुलेशन कमजोर हो।



**अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए कम खाना शुरू कर देते हैं, ऐसे में क्रेविंग और बिंज ईटिंग बहुत ज्यादा होने लगती है। इसलिए, आप कम खाने की जगह स्मार्ट खाना शुरू करें। अपने हर मील में फाइबर, प्रोटीन व गुड फैट को शामिल करें। ऐसे में आपका पेट भरा रहेगा और आपको जंक फूड की क्रेविंग कम होंगी।**

# पसंदीदा खाना भी खाएं और बिंज ईटिंग भी रोकें, जानें स्मार्ट तरीका

अगर आप वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग कहीं ना कहीं आपकी सारी जर्नी को खराब कर सकती है। हालांकि, बिंज ईटिंग कई वजह से हो सकती है, कभी स्ट्रेस, कभी बोरियत, कभी हार्मोन्स तो कभी सामने अपना फेवरिट फूड देखकर रुका ही नहीं जाता। फिर बाद में बस गिल्ट ही होता है।

अमूमन लोग सोचते हैं कि बिंज ईटिंग रोकने के लिए उन्हें अपने फेवरेट फूड्स को खाना बंद करना पड़ेगा। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। अगर आप अपने फेवरेट फूड से दूरी बनाते हैं तो ऐसे में दिमाग उतना ज्यादा उसी खाने के बारे में सोचता रहता है। फिर क्रेविंग इतनी हाई हो जाती है कि हम कंट्रोल ही नहीं कर पाते। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही स्थिति से गुजर रहे हों, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपना पसंदीदा खाना खाते हुए भी बिंज ईटिंग को आसानी से मैनेज कर सकते हैं–

### खुद को खाने की दें परमिशन

अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपने पसंदीदा खाने से लगातार दूरी बनाते हैं, लेकिन इससे उनका माइंड उसे ज्यादा खाने की इच्छा करता है। इसलिए, खुद को खाने की परमिश नें। आप अपने पसंदीदा स्नैक का एक छोटा सा हिस्सा जरूर खाएं। जब आपके माइंड को यह लगता है कि उसका पसंदीदा खाना उसके लिए अवेलेबल है तो ऐसे में क्रेविंग अपने आप कम होने लगती है।

### स्मार्टली खाएं अपना खाना

अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए कम खाना शुरू कर देते हैं, ऐसे में क्रेविंग और बिंज ईटिंग बहुत ज्यादा होने लगती है। इसलिए, आप कम खाने की जगह स्मार्ट खाना शुरू करें। अपने हर मील में फाइबर, प्रोटीन व गुड फैट को शामिल करें। ऐसे में आपका पेट भरा रहेगा और आपको जंक फूड की क्रेविंग कम होंगी।

### भूल से भी मील स्किप ना करें

अगर आप वजन कम करने के चक्कर में या फिर अपने कैलोरी काउंट को कम करने के लिए मील स्किप करते हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग और क्रेविंग्स को मैनेज करना काफी मुश्किल होगा। इसलिए, दिनभर में तीन मेन मील्स जरूर लें। साथ में, एक या दो लाइट व हेल्दी स्नैकिंग जरूर करें। जब आप टाइम से अपनी मील्स लेते हैं और वह फाइबर व प्रोटीन रिच होता है तो बिंज ईटिंग की इच्छा नहीं होती है।

### एनवायरनमेंट पर भी दें ध्यान

आमतौर पर हम सभी बिंज ईटिंग तब सबसे ज्यादा करते हैं, जब हमें खाना सामने दिखता है। इसलिए, बिंज ईटिंग को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने एनवायरनमेंट को भी हेल्दी बनाओ। जंक व अनहेल्दी फूड को आंखों के सामने से दूर रखो। इसकी जगह किचन में फलों को रखें, जो आपको आसानी से दिख जाएं। साथ ही, आप अपने फेवरेट स्नैक को छोटे पैक में रखें, ताकि आप ओवरईटिंग करने से बच जाएं।

# एक महीने चावल छोड़ा, तो शरीर में दिखे ये 3 बड़े बदलाव, आप भी हो जाएंगे हैरान!

**एक महीने तक चावल छोड़ने पर शरीर में पांच बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं, जैसे वजन में कमी, शुगर लेवल कंट्रोल, और पेट में हल्कापन। शुरुआती 10 दिनों में ये असर दिखते हैं, हालांकि तीसरे हफ्ते तक चावल की क्रेविंग हो सकती है।**



क्या आपने कभी सोचा है कि 1 महीने तक चावल छोड़ने के बाद शरीर पर कैसा प्रभाव होगा। अगर आप एक महीने तक चावल का सेवन नहीं करेंगे तो इसका असर आपके ओवरऑल वॉडी पर जरुर दिखता है। अक्सर होता है कि थकान, चेहरे पर सूजन , अचानक से भूख लगना और हमेशा से सुस्ती महसूस करना कई बार चावल खाने से भी हो सकता है। अगर आप 1 महीने के लिए चावल छोड़ देंगे तो यह आपको काफी आसान लग सकता है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ते गए तो मन में आया कि क्यों न एक कटोरी चावल खा लें। आइए आपको बताते हैं चावल न खाने से क्या होता है।

### पहले 10 दिन में दिखेंगे ये असर

### चावल छोड़ना इतना आसान नहीं

चावल खाना हर किसी के बेहद पसंद है। तीसरा हफ्ते तक रात में गर्मा-गरम चावल चावल की क्रेविंग्स होने लगती है। चावल की खुशबू याद आने लगती है। चावल न खाने से कई बार मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ापन तो कभी-कभी बिना वजह गुस्सा, कभी उदासी महसूस होती है।

### वजन में तुरंत हल्की कमी

जब पहले हफ्ते में वजन मशीन पर वेट चेक करोंगे तो आपको अपना वजन से पहले से कम दिखेगा। क्योंकि चावल में सबसे ज्यादा कार्ब होते हैं, जो शरीर में पानी रोकते हैं। इसे हटाते ही शरीर हल्का होने लगता है।

### शुगर लेवल हुआ कंट्रोल

पहले 10 दिन चावल न खाने से आपको आपके शरीर में ब्लड शुगर अचानक से ऊपर-नीचे नहीं होगा। यह शुगल लेवल को कंट्रोल करेगा।

### पेट में हल्कापन

जब आप पेट भर के खाना खाते हैं, तो भारीपन जरुर महसूस होता है, हालांकि चावल छोड़ने के बाद पेट एकदम हल्का महसूस होने लगा।

### चावल के हेल्दी ऑप्शन

आप चाहे तो चावल के जगह पर क्विनोआ, ओट्स,मल्टीग्रेन दलिया जैसे ऑप्शन अपनाने शुरु किए, तब शरीर में काफी बदलाव देखने को मिलेगा।

- पेट अच्छे से साफ होता है।
- सुबह उठना भी आसान रहता है।
- थकान गायब होने लगी।
- वजन कम होने लगा।

एक महीन के बाद आप शारीरिक और मानसिक दोनों रुप से हल्का महसूस करेंगे। वहीं, डाइटिशियन ने बताया है कि वैसे चावल सेहत का दुश्मन नहीं है। बस सही मात्रा और सही समय पर खाना जरूरी है।

# ठंड में बार-बार बीमार पड़ते हैं, घर पर बनाएं ये जादुई अदरक-लहसुन सूप, डायबिटीज और हार्ट के लिए भी वरदान



खासतौर पर इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए लोग अदरक-लहसुन के सूप का सेवन करते हैं। इस सूप में एंटी-ऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। यह सूप डायबिटीज मरीज के लिए काफी लाभकारी है। ऐसे में आज हम आपको इस खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं।

सर्दियों के मौसम में लोग जल्दी बीमार पड़ते हैं। इस मौसम में सर्दी-जुकाम होना एक आम समस्या है। इसलिए इम्यूनिटी को बढ़ाना बेहद जरूरी है। हालांकि मार्केट में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए ढेर सारी ड्रिंक्स और खाद्य पदार्थ मौजूद हैं। लेकिन बाहर की ड्रिंक्स पीने से अच्छा है कि आप घर पर ही पोषक तत्वों से भरपूर ड्रिंक बनाएं। बता दें कि अदरक और लहसुन का सूप इम्यून सिस्टम को रफ्तार देने के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।

खासतौर पर इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए लोग अदरक-लहसुन के सूप का सेवन करते हैं। इस सूप में एंटी-ऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। यह सूप डायबिटीज मरीज के लिए काफी लाभकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही कुछ अन्य फायदों और इसकी रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे बनाएं अदरक-लहसुन का सूप

अदरक-लहसुन के सूप को घर पर बनाना काफी आसान है।

इस सूप को बनाने के लिए सबसे पहले 5-6 लहसुन की कलियां लें और 2-3 अदरक के छोटे टुकड़े।

अब इन दोनों चीजों को पीसकर पेस्ट बना लें।

फिर गैस पर कढ़ाई चढ़ाकर इसको भूनें और आप चाहें तो इसको घी से भी भून सकती हैं।

अब आप इसमें अपनी पसंदीदा सामग्री जैसे धनिया, गाजर आदि डालें। फिर इसमें जरूरत के हिसाब से पानी डालें और इसको चलाते रहें।

इस सूप को गाढ़ा करने के लिए आप इसमें थोड़ा सा आटा मिलाएं।

फिर करीब 5 मिनट तक इसको चलाएं।

इस आसान विधि से आपका अदरक-लहसुन का सूप तैयार है।

इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक

लहसुन और अदरक दोनों ही इम्यूनिटी को बढ़ाने में काफी कारगर हैं। लहसुन में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी सेप्टिक और एंटी फंगल गुण पाए जाते हैं, जोकि संक्रमण से लड़ते हैं और इम्यून सिस्टम की कार्यक्षमता को बढ़ाने में कारगर हैं।

वहीं रात के समय लहसुन और अदरक का गर्म सूप पीने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। अदरक में एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इनको कूटकर पीने से शरीर को जबरदस्त फायदा मिलता है।

हार्ट के लिए हेल्दी

अदरक और लहसुन दोनों ही हृदय के लिए लाभकारी होता है। सूप में अदरक की मात्रा होने से यह सूप एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भर जाता है। जो धमनियों में होने वाली सिकुड़न और कोलेस्ट्रॉल को रोकता है। इस सूप के सेवन से उच्च रक्तचाप की समस्या नहीं होती है और खून भी साफ होता है। लहसुन में पाए जाने वाले पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन को सुचारू रखते हैं और हृदय की कोशिकाओं को भी क्षति पहुंचने से रोकते हैं। इस सूप को नियमित रूप से पीने से हृदय में होने वाली अन्य समस्याओं कोसों दूर रहती हैं।

डायबिटीज के लिए कारगर

खासतौर पर डायबिटीज के रोगियों को यह सूप पीना चाहिए। इससे उनका ब्लड शुगर कंट्रोल रहता है। अदरक की मात्रा आपके शरीर में बढ़े हुए शुगर लेवल को घटाता है और ए1 सी नामक हीमोग्लोबिन को भी कंट्रोल करती है। इससे डायबिटीज का खतरा कम होता है। वहीं लहसुन टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को कम करता है। एक रिसर्च के मुताबिक लहसुन का सेवन डायबिटीज के खतरे को कम करता है। यह सूप डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद होता है।

# भारत ने रचा इतिहास, धर्मशाला टी20आई जीतकर ऑस्ट्रेलिया का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा




**दुबई (एजेंसी)।** धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20आई मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने न सिर्फ पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की, बल्कि टी20ढ्ढ इतिहास में एक बड़ा कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा

इस जीत के साथ भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी20आई जीत दर्ज करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के नाम 19-19 जीत थीं, लेकिन अब भारत ने 20वीं जीत के साथ बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका की मजबूत ञ्ज20 टीम के खिलाफ यह उपलब्धि भारत की निरंतरता और मजबूत व्हाइट-बॉल सेटअप को दर्शाती है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी20आई जीत

भारत - 34 मैचों में 20 जीत
ऑस्ट्रेलिया - 28 मैचों में 19 जीत
वेस्टइंडीज - 26 मैचों में 14 जीत
पाकिस्तान - 27 मैचों में 14 जीत
इंग्लैंड - 28 मैचों में 13 जीत

### लक्ष्य का आसानी से पीछा

भारतीय गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका को 118 रन के मामूली स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 15.5 ओवर में ही सात विकेट रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिससे मैच में भारत का दबदबा साफ नजर आया।

### ऑलराउंड प्रदर्शन से सीरीज में बढ़त

तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के संयुक्त प्रयास से दक्षिण अफ्रीका को सीम और उछाल मददगार परिस्थितियों में 117 रन पर समेट दिया गया। इसके बाद भारत ने 25 गेंद शेष रहते 118 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली। सात ओवर के भीतर 30/4 पर सिमटने के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम मैच में वापसी नहीं कर सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने पावरप्ले में 18 गेंदों पर 35 रन बनाए। शुभमन गिल (28) और तिलक वर्मा (नाबाद 25) को रन बनाने में थोड़ी दिक्कत हुई, जबकि सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि अभिषेक की शुरुआती आक्रामक बल्लेबाजी के चलते लक्ष्य हमेशा भारत की पहुंच में रहा और अंत में शिवम दुबे (नाबाद 10) ने शानदार शॉट्स लगाकर मैच खत्म किया।

# चौथे टी20 में शुभमन की जगह मिल सकता है सैमसन को अवसर

### -टीम में हो सकते हैं तीन बदलाव




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैसमन को अवसर मिल सकता है। गुरुवार को लखनऊ में होने वाले इस मैच में भारतीय टीम प्रबंधन अंतिम ग्यारह में तीन बदलाव कर सकती है। इसके तहत ही उपकप्तान शुभमन गिल की जगह पर पारी की शुरुआत के लिए सैमसन को अवसर मिल सकता है। सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अक्टूबर 2025 के बाद से ही टीम से बाहर हैं, ऐसे में उन्हें जगह देने की मांग उठ रही है। वहीं शुभमन पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे। पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 4 रन बनाये थे जबकि दूसरे मैच में वह शून्य पर ही आउट को गये थे। तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में अंतिम ग्यारह में उन्हें जगह मिलना कठिन है।.

सैमसन के अलावा स्पिनर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी इस मैच में शामिल किया जा सकता है। तीसरे टी20 में इन दोनो को ही आराम दिया गया था। अब देखना अक्षर और बुमराह के शामिल होने से किसे बाहर किया जाता है। तीसरे टी20 में इनकी जगह पर हर्षित राणा और कुलदीप यादव को मौका मिला था और दोनों ने दो-दो विकेट लेकर अपने को साबित किया था।

वहीं अगर टीम प्रबंधन कुलदीप और हर्षित को बनाये रखता है तो अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती को बाहर किया जा सकता है। हर्षित और कुलदीप की तरह अर्शदीप और वरुण ने भी तीसरे टी20 में दो-दो विकेट लिए थे। चौथे टी20 में भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी बड़ी पारी खेलनी होगी। वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पाये हैं।

**संभावित अंतिम ग्यारहः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

# खराब फार्म की बात से सूर्यकुमार ने इंकार किया, बोले जब जरुरत होगी रन आयेंगे



**धर्मशाला ।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर रन बनाने में असफल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में भी वह 12 रन ही बना पाये। वहीं जब उनसे फार्म में नहीं होने को लेकर पूछा गया तो सूर्यकुमार का जवाब सुनकर सभी हैरान हो गये। सूर्या ने लय में नहीं होने की बात को खारिज करते हुए कहा कि जब जरुरत होगी तो आ जाएंगे। कप्तान के तौर पर उनके इस बयान की आलोचना भी हो रही है। सभी प्रशंसकों का मानना है कि टीम जीत रही है, इसी लिए अधिक सवाल नहीं उठ रहे हैं पर कप्तान को आगामी विश्वकप को देखते हुए रन बनाने ही होंगे। विश्वकप से पहले भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टी20 और उसके बाद नए साल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

सूर्यकुमार ने कहा, 'मैंने नेट में अच्छी बल्लेबाजी की है, इसलिए जब रन बनाने की जरूरत होगी, तब बनेंगे।' सूर्यकुमार ने इस सीरीज के तीन मैचों में 12, पांच और 12 रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि मैं फॉर्म में नहीं हूं हालांकि रन नहीं बना पाया हूं।' उन्होंने कहा कि टीम ने पिछले मैच में मिली हार से सबक लेकर अच्छी वापसी की है।

# बीसीसीआई ने जारी कर दिया फरमान !, रोहित-विराट को भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलने होंगे दो मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारूप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिये कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है।




बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी के 6 दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं। किसी को छूट तभी दी जाएगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है लेकिन अधिकारियों का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।'

इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि चयन समिति और मुख्य कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं जिन्हें किसी को कुछ साबित नहीं करना है। इस बीच जसप्रीत बुमराह को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्र ने कहा, 'सब कुछ ठीक रहा तो वह चौथे या पांचवें मैच के लिये लौट सकते हैं।'

# जीएस दिल्ली एसेस ने पहली बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब

अहमदाबाद ।GS दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग (TPL) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने रविवार देर रात एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया ।पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16-9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझियान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8-4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।




# पंड्या ने बनाया नया रिकार्ड : 100 विकेट और 1000 रन बनाने वाले पहले तेज गेंदबाज बने




धर्मशाला ।भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है।पंड्या ने इस मैच में एक विकेट लेते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए।अब इस प्रारुप में 1,000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले वह पहले तेज गेंदबाज बन गये हैं। उनके अलावा केवल स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी और सिकंदर रजा ने ही ये कारनामा किया है।पंड्या इस प्रारुप में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं।उनसे पहले अर्शदीप सिंह ने 109 और जसप्रीत बुमराह ने इस प्रारुप में 101 विकेट लिए हैं। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में दो विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की।अब वरुण सबसे कम मुकाबलों में 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने 32 मुकाबलों में ये आंकड़ा हासिल किया है, जबकि कुलदीप यादव ने 30 मुकाबलों में ये रिकार्ड बनाया है।

# भारत ने पहली बार जीता स्क्काश विश्व कप का खिताब, पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने स्क्काश विश्व कप के फाइनल में रविवार को हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था।

यह खिताबी जीत भारतीय स्क्काश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया।




विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह (विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास रचने और अपना पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की लगन और दृढ़ संकल्प की तारीफ की और कहा कि टीम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत देश को प्रेरित करेगी और युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

पीएम मोदी ने X पर कहा, 'स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई! जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह ने जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प दिखाया है। उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।'

# वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण अब तक का सबसे बेहतर : ब्रेट ली

सिडनी ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि कप्तान पैट कमिंट की आगुवाई में वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण सबसे बेहतर है।इस तेज गेंदबाज का कहना है कि एक समय जहां उनके साथ ग्लेन मैक्ग्रा, शेन वॉर्न और जेसन गिलेस्पी जैसे घातक तेज गेंदबाज थे।वहीं आज के समय में उससे भी बेहतर संयोजन कमिंस , मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लॉयन जैसे गेंदबाजों के पास है।साथ ही कहा कि ये अब तक तक सबसे बेहतर गेंदबाजी आक्रमण माना जा सकता है।इसने सभी पिछले आक्रमणों को पीछे छोड़ दिया है।गौरतलब है कि अबमक कमिंस, स्टार्क, लायन और हेजलवुड ने कुल मिलाकर 389 टेस्ट मैचों में ही 1,586 विकेट निकाल लिय हैं।इन चार में से तीन गेंदबाजों ने 300 विकेट लिये हैं, जबकि हेजलवुड ने 295 विकेट लिए हैं और माना जा रहा है कि वापसी पर हेजलवुड भी 300 का आंकड़ा हासिल कर लेंगे।कमिंस स्टार्क, हेजलवुड और लायन ने एकसाथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के लिए अभी तक 35 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से ऑस्ट्रेलियाई टीम को 22 में जीत मिली है जबकि नौ में टीम हारी है।वहीं चार मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।एक साथ अंतिम ग्यारह में रहते हुए इन चारों ने कुल मिलकर रिकॉर्ड 567 विकेट लिए हैं।वहीं साल 2000 के दशक में ली ने मैकग्रा, वॉर्न और गिलेस्पी के साथ मिलकर कुल 1842 विकेट लिए थे।इन चारों ने मिलकर 16 टेस्ट खेले थे जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम 10 में जीती थी पर इसके बाद भी ली का मानना है वर्तमान समूह ने बेहतर तरीके से उनकी जगह ले ली है।ली ने कहा, मुझे लगता है कि कमिंस और उनके साथी अब तक के सबसे अच्छे गेंदबाज हैं हालांकि किसी भी दौर की दूसरे से तुलना नहीं की जा सकती है पर मैं उन्हें हमसे ऊपर रखूंगा।अगर आप सिर्फ स्टैट्स देखें, तो सभी ने 250 से ज़्यादा टेस्ट विकेट लिए हैं, और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

# श्रीलंका का पूर्व क्रिकेटर हुआ गिरफ्तार, भ्रष्टाचार के लगे आरोप



कोलंबो ।श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका को देश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।भ्रष्टाचार जांच आयोग (CIABOC) ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (CPC) द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था।वह उस समय इसके अध्यक्ष थे।सीआईएबीओसी ने कहा कि दम्मिका के अनुचित प्रभाव के कारण सीपीसी को 80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का नुकसान हुआ था। CIABOC ने कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट को बताया कि दम्मिका के छोटे भाई अर्जुन को इस मामले में दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है।अर्जुन को गिरफ्तार नहीं किया जा सका क्योंकि वे विदेश में हैं।अर्जुन पेट्रोलियम उद्योग मंत्री थे जब दम्मिका सीपीसी के प्रमुख थे। दम्मिका ने 1989-90 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो टेस्ट मैच खेले थे।बाद में वह देश में इस खेल के शासी निकाय श्रीलंका क्रिकेट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) बने।

# युवा खिलाड़ियों से दुर्व्यवहार कर रहा था ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, अनिश्चित काल के लिए लगा प्रतिबंध

न्यू साउथ वेल्स (ऑस्ट्रेलिया) ।युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (NSW) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, NSW और एक टी20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है।यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है।क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है।बयान में कहा गया है, 'एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया है।नतीजतन, उसे क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों में शामिल होने से अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया है।जब तक जांच चल रही है, हम इस मामले पर और टिप्पणी नहीं कर सकते।' सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट में बताया कि यह शिकायत खिलाड़ी के सिडनी ग्रेड क्लब से आई थी और यह हाल ही में की गई थी।

# लक्ष्मी गुप्ता 73 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम

वाराणसी ।बालिका सब जूनियर खेल विभाग एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 25 से 27 दिसंबर 2025 तक मऊ जिला खेल कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें वाराणसी मंडल की टीम भाग लेगी, जिसके लिए जनपद स्तर पर 15 दिसंबर 2025 को सुबह 9 :00 से 10 :00 तक वजन एवं 11 :00 बजे से चयन ट्रायल किया गया।बालिकाओं का रिजल्ट इस प्रकार है।40 किलो में प्रिया यादव43 किलो में प्रिया बिन्द 46 किलो में नेहा पाल 49 किलो मे रितिका कुमारी 53 किलो में सृष्टि यादव 57 किलो में खुशबू कुमारी 61 किलो में आराध्या यादव 65 किलो में खुशी चौहान 69 किलो में होली यादव 73 किलो में लक्ष्मी गुप्ता प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सभी बालिका पहलवान वाराणसी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे मंडल स्तर पर चंदौली गाजीपुर जौनपुर जनपद भी भाग लेगा।मंडल स्तर पर 18 दिसंबर 2025 को सुबह 10 :00 बजे से 11 :00 तक वजन 12 :00 से चयन ट्रायल डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी में किया जाएगा।

# हम आखिर हासिल क्या करना चाह रहे हैं, मेस्सी के G.O.A.T. दौरे पर बोले पूर्व ओलंपिक विजेता अभिनव बिंद्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के भारत दौरे के घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी के करीब आने या उसके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किए जाने को लेकर वह काफी दुखी हैं। मेस्सी के तीन दिन के भारत दौरे पर काफी अराजकता देखी गई चूंकि राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों, उद्योगपतियों और अधिकारियों में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर होड़ रही।

कोलकाता में तो प्रशंसकों के सब्र का बांध टूट गया जो हजारों रूपए के टिकट खरीदने के बावजूद उनकी एक झलक भी नहीं पा सके। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे रुकने और सोचने पर मजबूर किया, इस बात की सच्ची चिंता में कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।'

उन्होंने कहा, 'एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किये जा रहे हैं। यह ईमानदारी से कमाया गया लोगों का पैसा है और वे चाहे जैसे इसे खर्च करें। लेकिन मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।'

बिंद्रा ने हालांकि स्पष्ट किया कि अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान के लिए उनके मन में अपार सम्मान है जो इस समय दुनिया के सबसे चहेते खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने कहा, 'लियोनेल मेस्सी उन खास खिलाड़ियों में से हैं जिनकी कहानी खेल से कहीं आगे है। शारीरिक मुश्किलों से लड़ने वाले एक बच्चे से लेकर एक महान फुटबॉलर तक के उनके सफर ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। मैं उनकी उस खूबी के लिए बहुत सम्मान और तारीफ करता हूं जो उनमे नजर आती है मसलन लगन, विनम्रता और महानता।'

उन्होंने कहा, 'मैं खेलों का अर्थशास्त्र समझता हूं। मैं व्यावसायिक सच्चाई, वैश्विक ब्रांडिंग और महान खिलाड़ी के आकर्षण को समझता हूं। मैं मेस्सी को किसी भी तरह से गलत नहीं मानता। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर मौके को कमाया है और महानता की तारीफ करना स्वाभाविक है।' मेस्सी के G.O.A.T. दौरे का फुटबॉल से कोई सरोकार नहीं है और उनका कार्यक्रम मुलाकातों तक सीमित है जिसमें प्रशंसकों से सीधे मुलाकात नहीं है। बिंद्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल किए गए संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सकता था।



बिंद्रा ने कहा, 'एक समाज के रूप में हम खेल संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं या दूर से व्यक्ति पूजा कर रहे हैं। खेलों में महान देश पलों के आधार पर नहीं, तंत्र के आधार पर बनते हैं। संयम के साथ। असाधारण सपने देखने वाले साधारण बच्चे में भरोसा करके।' बिंद्रा ने कहा, 'मेस्सी जैसे आइकन हमे प्रेरित करते हैं और वह प्रेरणा काफी मायने रखती है। लेकिन प्रेरणा का उद्देश्य भी होना चाहिए। दीर्घकालिन प्रतिबद्धता। विकल्प ऐसे चुनने चाहिए जिनसे हम बस आज भर के लिए रोमांचित नहीं हों बल्कि कल को भी मजबूत करें।'

## विदेश यात्रा पर लंदन गए राहुल गांधी.... वहां से जर्मनी जाएंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार सुबह करीब 3:20 बजे नई दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से लंदन के लिए रवाना हुए। वे बाद में जर्मनी जाएंगे, जहां 17 दिसंबर को बर्लिन में सांसदों और भारतीय प्रवासी समुदाय से उनकी मुलाकात होनी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी के दौरे पर रहने वाले है। वहां वे जर्मन सरकार के अफसरों और भारतीय समुदाय से मुलाकात करने वाले है। राहुल गांधी का पिछले 6 महीनों में यह 5वां विदेश दौरा है। इससे पहले जुलाई से लेकर सितंबर के बीच वे लंदन, मलेशिया, ब्राजील, कोलंबिया की यात्रा पर गए थे। राहुल गांधी 17 दिसंबर को बर्लिन में होने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यक्रम में शामिल होने वाले है। यहां वे यूरोप के विभिन्न देशों से आए आईओसी के नेताओं से मुलाकात करने वाले है। आईओसी ने इस दौरे को पार्टी के वैश्विक संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल बताया है। इस दौरान यूरोप में आईओसी के लोकल ब्रांच के सभी प्रमुख एनआरआई मुद्दों, कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को विस्तार देने की रणनीतियों पर चर्चा करेगी।

## पराली जलाते समय बुजुर्ग किसान की झुलसकर मौत

पुरी (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी जिले में धान की पराली जलाते समय 60 वर्षीय किसान की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान गजेंद्र स्वैन के रूप में हुई, जो सुनामुहीन गांव का निवासी था। पुलिस ने बताया कि उसका जला हुआ शव खेत से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि आग पास के एक खेत में फैल गई, जहां से धान की कटाई अभी बाकी थी। पुलिस ने बताया कि स्वैन (जो अकेला था) ने आग को काबू करने की कोशिश की, लेकिन वह खुद आग की चपेट में आ गया। अधिकारी ने कहा, फ़उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव लगभग 90 प्रतिशत जल गया था।

## पूर्वी दिल्ली के मंदिर में महिला की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में एक मंदिर के अंदर हुई 48 वर्षीय महिला की हत्या से सनसनी मच गई है। मानसरोवर पार्क इलाके में डीडीए फ्लैट परिसर में स्थित एक मंदिर के अंदर, रविवार को दोपहर करीब 12 बजे हुई। पीड़िता कुसुम शर्मा (48), मानसरोवर पार्क निवासी। महिला मंदिर में पूजा कर रही थी, तभी उस पर चाकू से हमला किया गया। पीड़िता के सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर चाकू के कई घाव थे। उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के बाद दिन में ही मुख्य आरोपी आंचल सक्सेना नामक महिला को गिरफ्तार कर लिया। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। शुरुआती सूचना में बताया गया था कि दो लोगों ने महिला पुजारी पर हमला किया था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हिरासत में ली गई महिला सहित दो लोगों ने शर्मा पर बार-बार चाकू से हमला किया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह पुरानी दुश्मनी का मामला प्रतीत होता है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने बताया कि मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस हमलावरों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की करानी पड़ी आपात लैंडिंग

आगरा (एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हेलीकॉप्टर सोमवार को मौसम खराब होने के कारण आगरा के खेरिया हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) प्रशांत तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा हेलीकॉप्टर से राजस्थान के भरतपुर जा रहे थे, लेकिन खराब मौसम के कारण पायलट को हेलीकॉप्टर को आगरा की ओर मोड़ना पड़ा। हेलीकॉप्टर ने जयपुर से उड़ान भरी थी। अधिकारियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे खेरिया हवाई अड्डे पर उतरा, जहां मुख्यमंत्री को लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। तिवारी ने बताया कि मौसम में सुधार होने के बाद हेलीकॉप्टर ने भरतपुर के लिए यात्रा फिर से शुरू की। राजस्थान के भरतपुर और उत्तर प्रदेश के आगरा के बीच करीब 60 किलोमीटर की दूरी है और दोनों की सीमाएं आपस में सटी हुई हैं।

## दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में घने कोहरे के कारण 61 उड़ानें रद्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में घने कोहरे की चादर छाने के कारण कम दृश्यता के चलते 61 उड़ानें रद्द हुई, जबकि 400 से अधिक उड़ानें विलंबित हुईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह 7:05 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 454 था, जो गंभीर श्रेणी में आता है। घने कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली करीब पांच उड़ानों का मार्ग बदला गया है। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का अंतिम चरण के लिए दिल्ली आगमन विलंबित हो गया है, क्योंकि घने कोहरे के कारण मुंबई से उनकी उड़ान स्थगित कर दी गई थी। इससे पहले, दिल्ली हवाई अड्डे ने सोमवार, 15 दिसंबर की सुबह यात्रियों के लिए यात्रा संबंधी सलाह जारी की थी, जिसमें उड़ान संचालन में व्यवधान की चेतावनी दी गई थी। ताजा अपडेट के लिए, यात्रियों को अपनी संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। असुविधा के लिए हमें खेद है। एयरलाइन ने पोस्ट में कहा कि दिल्ली में कम दृश्यता और कोहरे के कारण उड़ानों के समय पर असर पड़ेगा। हम मौसम पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और आपको सुरक्षित और सुगम तरीके से आपके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## 6.26 करोड़ मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 6.26 करोड़ रुपए मूल्य की 15 मीट्रिक टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक आरोपियों की योजना लाल चंदन का अवैध रूप से निर्यात करने की थी। मंत्रालय ने बताया कि लाल चंदन की लकड़ियां विभिन्न गोदामों से जब्त की गईं और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। विदेशी व्यापार नीति के तहत लाल चंदन के निर्यात पर बैन लगा है।

# प्रियंका गांधी और प्रशांत किशोर की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में हलचल

**– प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को फिर से मिली हवा**

**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की खबर के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारे में हलचल मची है। दरअसल सियासी गलियारों में यह मुलाकात प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को फिर से हवा दे रही है। मालूम हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी के असफल प्रदर्शन के बाद चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) की रणनीति पर काफी सवाल उठे। चुनावों के तुरंत बाद पीके ने इस करारी हार की जिम्मेदारी ली और फिर से कोशिश में जुटने का वादा किया था। इसके बाद से उन्होंने मीडिया से दूरी बना ली। लेकिन एक बार फिर से वे सुर्खियों में आ गए हैं। पीके ने कल कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। दिल्ली में हुई इस बैठक ने सियासी गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। ख़ास बात ये है कि दिल्ली में हुई यह मुलाकात तीन साल के गहरे राजनीतिक दूरी के बाद हुई है, जब प्रशांत किशोर और कांग्रेस के बीच पुराना संवाद रुका हुआ था। अब इस मुलाकात के बाद सवाल उठाया जा रहा है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होकर एक बड़ा राजनीतिक कदम उठाना चाहते हैं या यह सिर्फ सियासी बातचीत का हिस्सा है। हालांकि इस बैठक का समय और तरीका दोनों ही चर्चा का विषय बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात करीब दो घंटे तक चली, जिसमें दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक हालात और भविष्य की संभावनाओं पर बातचीत हुई। इस मुलाकात के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होंगे? क्या वे कांग्रेस के साथ किसी तरह का राजनीतिक तालमेल या गठबंधन कर सकते हैं? खासकर तब, जब हालिया बिहार विधानसभा चुनाव में जनसुराज का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। वहीं कांग्रेस की स्थिति भी बेहद कमजोर रही और पार्टी सिर्फ 6 सीटों पर सिमट गई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद दोनों ही पक्ष नए सिरे से रणनीति तलाश रहे हैं। ऐसे में पीके और प्रियंका गांधी की यह मुलाकात महज शिष्टाचार नहीं, बल्कि भविष्य की किसी बड़ी राजनीतिक योजना का संकेत भी हो सकती है। वैसे यह पहली बार नहीं है जब प्रशांत किशोर और कांग्रेस को लेकर अटकलें तेज हुई हों। दरअसल, प्रशांत किशोर और कांग्रेस के बीच संबंध इस बैठक से ही शुरू नहीं हुए हैं। लगभग 4 साल पहले कांग्रेस ने उन्हें पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया था। उस समय प्रशांत किशोर ने खुद खुलासा किया था कि सोनिया गांधी ने उन्हें पार्टी के लिए एक प्रेजेंटेशन देने के लिए बुलाया था। उन्होंने बताया था कि करीब 9 घंटे तक उन्होंने अपना विजन और रणनीति पेश की थी, जिसमें राहुल गांधी भी मौजूद थे और अधिकांश सुझावों से सहमत थे। हालांकि पीके ने कांग्रेस में शामिल न होने की वजह भी स्पष्ट की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व उनके प्लान को जमीन पर उतारने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उन्होंने सोनिया गांधी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। पीके का यह भी कहना था कि उनके पास कोई राजनीतिक विरासत नहीं है, इसलिए वे किसी एक व्यक्ति या विचारधारा से बंधकर राजनीति नहीं करना चाहते। अब एक बार फिर पीके और प्रियंका गांधी की मुलाकात ने पुराने सवालों को जिंदा कर दिया है। क्या यह



बातचीत सिर्फ विचार-विमर्श तक सीमित थी या आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति में कोई नया समीकरण देखने को मिलेगा, इस पर सभी की नजर टिकी हुई है। प्रशांत किशोर की बात करें तो उनका राजनीतिक सफर अक्सर बदलावों और नई दिशाओं को अपनाने वाला रहा है- जिसका श्रेय उन्हें रणनीतिक सोच और जन संपर्क क्षमता के रूप में दिया जाता है। प्रशांत किशोर भारतीय राजनीति में एक जाने-माने चुनावी रणनीतिकार हैं, जिन्होंने कई राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार की है।

## जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू परिवार की सुनवाई फिर टली

**–अब अगली सुनवाई में सीबीआई दाखिल करेगी वेरिफिकेशन रिपोर्ट**

नई दिल्ली। जमीन के बदले नौकरी से जुड़े बहुचर्चित मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया फिर टल गई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की 19 दिसंबर तय की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबक सोमवार को हुई सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांग की। सीबीआई ने कहा कि वह 19 दिसंबर तक सभी आरोपियों से जुड़ी विस्तृत वेरिफिकेशन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल कर देगी। पिछली सुनवाई में भी कोर्ट ने एजेंसी को यही रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी समेत कुल 103 लोगों को आरोपी बनाया है। हालांकि, एजेंसी ने अदालत को बताया कि इनमें से चार आरोपियों की मौत हो चुकी है। इसी वजह से कोर्ट यह स्पष्ट करना चाहती है कि कौन-कौन आरोपी जीवित हैं और किनके खिलाफ आगे कानूनी कार्रवाई संभव है। इससे पहले 11 दिसंबर को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोप तय करने की सुनवाई को 15 दिसंबर तक टाल दी थी। उस समय कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया था कि वह सभी आरोपियों की वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत वेरिफिकेशन रिपोर्ट पेश करे। वहीं 8 दिसंबर को कोर्ट ने सीबीआई को दो दिन का अतिरिक्त समय भी दिया था, ताकि एजेंसी यह साफ कर सके कि किन आरोपियों का निधन हो चुका है और किनके खिलाफ मामला आगे बढ़ाया जा सकता है। सीबीआई ने दाखिल चार्जशीट में गंभीर आरोप लगाए हैं। एजेंसी का कहना है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले उम्मीदवारों और उनके परिजनों से जमीन ली गई। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि जमीन की खरीद से जुड़े ज्यादातर लेन-देन नकद में हुए जबकि कुछ मामलों में केवल सेल डीड ही मौजूद हैं। सीबीआई ने इस मामले में आरोप तय करने की मांग की है।

## नितिन नबीन की नियुक्ति पर कांग्रेस का तंज... रिमोट कंट्रोल शाह के हाथ में रहेगा

**नई दिली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर तंज कस कंस दिया हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया है कि यह नियुक्ति केवल सांकेतिक है, और पार्टी की असली बागडोर (रिमोट कंट्रोल) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में ही रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष का पदनाम भाजपा का एक सांकेतिक शब्द है। इसका अर्थ है कि गैर-कार्यकारी केंद्रीय गृह मंत्री भाजपा अध्यक्ष को नियंत्रित करते हैं। यह नियुक्ति बिना चुनाव के की गई है। कांग्रेस नेता खेड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भी ऐसा ही होता आया है, जब नड्डा (पूर्व अध्यक्ष) घूमते-फिरते थे, लेकिन प्रमुख निर्णय अमित शाह लेते थे, और अब भी ऐसा ही होगा। बिहार के पांच बार के विधायक नितिन नबीन ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर भाजपा मुख्यालय में अपने आधिकारिक दायित्वों का कार्यभार संभाला। उन्होंने अपनी राष्ट्रीय भूमिका



का श्रेय बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को स्वीकार किया। दिल्ली रवाना होने से पहले, नबीन ने पटना के महावीर मंदिर का दौरा किया और अपने पिता, दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नबीन ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने हमेशा कार्यकर्ताओं को सीखने, काम करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# कैश कांड मामला: जस्टिस यशवंत वर्मा को जवाब के लिए 6 हफ्ते का दिया अल्टीमेटम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा ने आरोपों पर जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। कैश कांड की जांच के लिए गठित संसदीय समिति ने उन्हें 6 सप्ताह का और समय देने का फैसला किया है। हालांकि समिति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इसके बाद किसी भी तरह का समय विस्तार नहीं दिया जाएगा। माना जा रहा है कि जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में इस मामले में आगे की कार्यवाही शुरू हो सकती है।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 12 अगस्त को इस जांच समिति का गठन किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के समर्थन में लाए गए प्रस्ताव पर 146 सांसदों के हस्ताक्षर थे। इसके समानांतर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भी एक अलग समिति गठित की गई थी। दोनों ही समितियों ने जस्टिस वर्मा के उस दावे को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें बदनाम करने के इरादे से नकदी रखी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति इस पूरे मामले की जांच कर रही है। समिति ने जस्टिस वर्मा से उन पर लगे आरोपों को लेकर लिखित जवाब मांगा था। 5 दिसंबर को हुई कार्यवाही के दौरान जस्टिस वर्मा ने समिति से 8 सप्ताह का अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया था, लेकिन समिति ने विचार-विमर्श के बाद उन्हें केवल 6 सप्ताह का अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया।

जांच समिति ने आरोपों के समर्थन में सबूतों के साथ मेमो ऑफ चार्जेस भी दाखिल किया है। इसमें दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा 14 और 15 मार्च की रात आग बुझाने के दौरान बनाए गए वीडियो, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान और अन्य दस्तावेज शामिल हैं। इन सबूतों के आधार पर समिति ने आरोपों को गंभीर माना है। लोकसभा स्पीकर द्वारा गठित समिति की कार्यवाही के दौरान जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने, आरोपों पर सफाई देने और अपने पक्ष में गवाह पेश करने का पूरा अवसर दिया जाएगा। हालांकि सदन की समिति पहले ही जस्टिस वर्मा की इस दलील को अस्वीकार कर चुकी है कि कैश उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से रखा गया था। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रत्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक और विशेषज्ञों के सबूत यह साबित करते हैं कि नई दिल्ली स्थित 30 तुगलक क्रीसेंट के स्टोररूम में नकदी मौजूद थी। रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को केंद्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित किया गया है। पैनल ने यह भी दर्ज किया कि 15 मार्च की सुबह जले हुए 500 रुपये के नोटों की गड्डियों को 'भरोसेमंद नौकरों' की मदद से साफ किया गया था और यह पूरी प्रक्रिया जस्टिस वर्मा के निजी सचिव की मौजूदगी में हुई। लोकसभा द्वारा गठित समिति में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास



हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल हैं। वहीं, 22 मार्च को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अनु शिवरमन को शामिल किया गया था।

# विधायक ने कहा- प्रियंका गांधी को सौंपें लीडरशिप, कांग्रेस ने दिखा दिया बाहर का रास्ता

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने पूर्व विधायक मोहम्मद मुकीम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके उस पत्र के बाद हुई है जिसमें उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए थे। मुकीम ने राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र पर टिप्पणी की थी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को प्रमुख नेतृत्व भूमिका देने की मांग की थी। ओडिशा प्रदेश इकाई की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुकीम को पार्टी से निकालने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मुकीम बाराबती-कटक से पूर्व विधायक हैं और खुद को कांग्रेस का आजीवन समर्पित कार्यकर्ता बताते हैं। उनकी बेटी वर्तमान में विधायक हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में मुकीम ने कहा कि पार्टी मुश्किल दौर से गुजर रही है और नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने खरगे की 83 वर्ष की उम्र का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष की प्रमुख पार्टी के नेता के रूप में आवश्यक मेहनत, दौड़-भाग और लोगों से जुड़ाव संभव नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि खरगे सलाहकार की भूमिका निभाएं और किसी युवा नेता को आगे लाएं। मुकीम ने प्रियंका गांधी सहित अन्य



युवा नेताओं की तारीफ की और कहा कि राहुल गांधी अपनी भूमिका अच्छे से निभा रहे हैं, लेकिन पार्टी को मजबूत करने के लिए सक्रिय नेतृत्व चाहिए। यह अपील उन्होंने कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ता के रूप में सोनिया गांधी से की।

मुकीम के पत्र में पार्टी नेतृत्व और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती दूरी पर कड़ी चिंता जताई गई थी। उन्होंने दावा किया कि खुद तीन वर्षों से राहुल गांधी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। पत्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा जैसे युवा नेताओं के पार्टी छोड़ने का उदाहरण दिया गया, जिन्होंने खुद को उपेक्षित महसूस किया। मुकीम ने सुझाव दिया कि प्रियंका गांधी को केंद्रीय और सक्रिय भूमिका संभालनी चाहिए तथा सचिन पायलट, डी.के. शिवकुमार, ए. रेवंत रेड्डी और शशि थरूर जैसे नेताओं को मुख्य नेतृत्व टीम का आधार बनना चाहिए।

उन्होंने पार्टी की स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त किया कि उसकी मौजूदगी भौगोलिक, संगठनात्मक और भावनात्मक स्तर पर सिमटती जा रही है। समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए यह निराशाजनक और दिल तोड़ने वाली है। मुकीम ने बिहार, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर के हालिया चुनाव परिणामों को केवल हार नहीं, बल्कि गहरे संगठनात्मक अलगाव का संकेत बताया। इन चुनावों में पार्टी को भारी अंतर से पराजय मिली थी। उन्होंने नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच दूरी बढ़ने की बात दोहराई और कहा कि विधायक रहते हुए भी वे राहुल गांधी से नहीं मिल पाए। सोनिया गांधी को लिखे पत्र में मुकीम ने स्पष्ट किया कि यह कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं, बल्कि पूरे देश के कार्यकर्ताओं द्वारा महसूस किए जा रहे भावनात्मक अलगाव का संकेत है। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए गहन संरचनात्मक, संगठनात्मक और वैचारिक नवीनीकरण की जरूरत पर जोर दिया। यह घटना पार्टी के अंदरूनी मतभेदों को उजागर करती है और नेतृत्व परिवर्तन की मांग को बल देती है। मुकीम की यह अपील पार्टी के भविष्य और युवा नेतृत्व की भूमिका पर व्यापक बहस छेड़ सकती है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कोहरा बना काल... अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत

**–मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल**

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोमवार को घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। फरीदाबाद और नूंह जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में चार लोगों की मौत। कई वाहन आपस में टकराए और दस से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल है।

सोमवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा हादसों का कारण बना। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन चालकों को आगे का रास्ता नहीं दिखा और एक के बाद एक टक्कर होती चली गई। फरीदाबाद के कैल गांव के पास दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। मृतकों में एक की पहचान संदीप कुमार निवासी जयपुर के



रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस स्थान के पास कुछ ही देर बाद दूसरा हादसा भी हुआ। एक कैंटर में पीछे से क्रेटा गाड़ी जा टकराई। गनीमत रही कि क्रेटा चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन उसकी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

जिला नूंह में भी कोहरे ने बड़ा हादसा करा दिया। सुबह करीब चार बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर करीब 30 वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को जिला के राजकीय अस्पताल मांडीखेड़ा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मरने वालों में सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर हरीश कुमार निवासी अलवर और जयपुर निवासी कारोबारी खलील अहमद शामिल हैं। कुछ स्थानों पर ट्रक पलटने की भी सूचना है, जिससे यातायात काफी देर तक बाधित रहा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस के देरी से पहुंचने का आरोप लगाया।

# दुनिया भर में चुनाव और राजनीतिक उथल-पुथल: कई देशों में जनता ने तख्ता पलटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2025 का साल दुनिया के कई देशों के लिए राजनीतिक उतार-चढ़ाव और महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आया। साल के अंत तक कई देशों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। कुछ देशों में जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार चुनी, जबकि अन्य जगहों पर गंभीर संकट और विरोध-प्रदर्शन के बाद सत्ता में बदलाव हुआ। इस साल वैश्विक राजनीति में कई बार तनावपूर्ण हालात बने, और कुछ देशों में चुनाव के बाद हिंसा भी भड़की। आइए जानते हैं कि 2025 में किन देशों में चुनाव हुए और उनके नतीजों के बाद क्या परिस्थितियां बनीं। तंजानिया में 20 अक्टूबर को आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें सामिया सुलुह हसन ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभाला। हालांकि, चुनाव के बाद हिंसा भड़की, जिसमें करीब 700 लोगों की मौत की खबरें आईं। कैमरून में 12 अक्टूबर को चुनाव हुआ, जिसमें मौजूदा राष्ट्रपति पॉल बिया फिर से सत्ता में लौटे।

कनाडा में 28 अप्रैल को संघीय चुनाव संपन्न हुआ। इसमें मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने जीत हासिल की, और वह फिर से प्रधानमंत्री बने। यह स्थिति उस समय बनी जब जस्टिन टूडो के इस्तीफे के बाद कार्नी प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में 3 मई को चुनाव हुआ, जिसमें लेबर पार्टी ने जीत हासिल की और एंथनी अल्बनीज फिर से प्रधानमंत्री बने। जर्मनी में 23 फरवरी को चुनाव संपन्न हुए, जिसमें फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) ने 20.8 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की। बेलारूस में 26 जनवरी को हुए चुनाव में अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की। उन्हें 86.8 फीसदी वोट मिले, हालांकि चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए।

मिस्र में चुनाव दो चरणों में हुए; पहला चरण 10-11 नवंबर और दूसरा 24-25 नवंबर को संपन्न हुआ, लेकिन अभी तक नतीजा घोषित नहीं हुआ है। फिलिपींस में 12 मई को मिडटर्म चुनाव संपन्न हुए, जबकि देश का आम चुनाव 2028 में होगा। अर्जेंटीना में इस साल मिडटर्म चुनाव हुए, जिसमें राष्ट्रपति जाविएर मिलेई की पार्टी ला लिबरटेड अवांजा (एलएलए) ने बड़ी जीत दर्ज की। जापान के निचले सदन में जुलाई में चुनाव हुआ, जिसमें सत्ताधारी पार्टी एलडीपी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद शिगेरु इशीबा ने अपने पद से इस्तीफा दिया और एलडीपी से साने ताकाइची को बहुमत के साथ प्रधानमंत्री चुना गया।

नेपाल में जेन जेड के हिंसक प्रदर्शन के बाद केपी ओली की सरकार गिर गई। इसके बाद सुशीला कार्की की अंतरिम सरकार ने जिम्मेदारी संभाली। यहां अगले साल मार्च में आम चुनाव आयोजित होने की संभावना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 में संपन्न हुआ था, लेकिन इस साल जनवरी में डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ कयास लगाए गए थे कि 2025 में आम चुनाव हो सकता है, लेकिन यहां आम चुनाव फरवरी 2026 में निर्धारित है। साल 2025 ने साबित किया कि दुनिया के कई देशों में लोकतंत्र और सत्ता परिवर्तन अभी भी चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण परिस्थितियों में होता है। चुनाव के नतीजे कभी शांतिपूर्ण




बदलाव लाते हैं, तो कभी हिंसा और प्रदर्शन को जन्म देते हैं। इस साल के घटनाक्रम ने वैश्विक राजनीति में निरंतर बदलते परिदृश्य और जनता की सक्रिय भूमिका को स्पष्ट रूप से उजागर किया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**